माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 30, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16

जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 15







## एक नजर

### भाजपा की 100 प्रत्याशियों की जारी होगी पहली सूची

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है। (विस्तृत : पेज-4)

### सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

**फरीदाबाद।** फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को मौत हो गई थी। आमिर गुरुवार शाम छह बजे सुहानी के घर पहुंचे।

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और



उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# किसान नेताओं ने टाला दिल्ली कूच, आज निकालेंगे कैंडल मार्च

## किसान नेताओं ने कहा-अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला

चंडीगढ़, एजेंसी

किसानों ने दिल्ली चलो आंदोलन को 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 'दिल्ली चलो' आंदोलन को लेकर अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला करेंगे। शनिवार को 'कैंडल मार्च' निकाला जाएगा और उसके दो दिन बाद वे केंद्र का पुतला फूंकेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने शुक्रवार शाम को यह निर्णय लिया। केएमएम नेता सरवन सिंह पंधेर ने खनौरी सीमा पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'आंदोलन के तहत अगले कदम की घोषणा 29 फरवरी को की जाएगी।' उन्होंने घोषणा की कि वे 24 फरवरी को कैंडल मार्च निकालेंगे और 26 फरवरी को केंद्र का पुतला फूंकेंगे। किसान नेताओं ने खनौरी में झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद बुधवार को 'दिल्ली चलो' आंदोलन को दो दिनों के लिए रोक दिया था।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** किसान नेताओं ने कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब अधिकारियों ने बताया कि संभव नहीं है।

### हरियाणा में पुलिस और किसानों में टकराव

**हिसार/अमृतसर।** पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने काला दिवस मनाया और हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके।

### किसान नेताओं पर रासुका लगाने का फैसला वापस

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का हिस्सा रहे कुछ किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के प्रावधानों को लागू करने के अपने फैसले को वापस ले रही है। एक दिन पहले अंबाला पुलिस ने कहा था कि वह आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत किसान नेताओं को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर रही है।

# पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नौकरी ना मिलने से था परेशान, दुखी होकर जला दी अपनी डिग्रियां

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फंदे पर लटककर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में सिपाही भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। लिखा है कि उसकी मौत के लिए माता-पिता को परेशान न किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने नौकरी न लगने का कारण बताते हुए सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी समेत देश के तमाम नेताओं ने ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**बैंक लोन धोखाधड़ी मामला**

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई। वहां सिर्फ स्टाफ होने के चलते गेट खुलने तक तकरीबन एक घंटे तक उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। यहां छानबीन के दौरान बाहर ईडी के अफसरों की ओर से प्रिंटर आदि भी मंगवाए जाने की सूचना है।

# झोपड़ी में आग लगने से 4 बच्चियां जिंदा जलीं

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली), **अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को मकान की छत पर बनी झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चियां की जलकर मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले पहुंचे, आग बुझाई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गांव नवादा बिलसंडी में अमिताभ, भीम, अर्जुन अपने परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। झुलसने से चारों बच्चियां की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

# महिला प्रोफेसर पर लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- एससी/ एसटी एक्ट के तहत आरोपित ने दर्ज कराई थी झूठी शिकायत

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि शताब्दियों तक भारतीय समाज ने जीवन के दो आधार मूल्यों सत्य और अहिंसा का पोषण किया है। एक समय लोग परिणामों की परवाह किए बिना अदालतों में सच बोलने में गर्व महसूस करते थे। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने आईपीसी और एससी/एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद्द करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए की। दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक महिला प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए



सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता की झूठी शिकायत के कारण याची को सार्वजनिक छवि, वित्तीय क्षति हुई है। इस कारण शिकायतकर्ता पर पांच लाख का जुर्माना लगाना आवश्यक है।




# उत्तर प्रदेश : नये भारत का ग्रोथ इंजन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के अनुरूप योगी सरकार ने नीति-निर्माण, नियोजन एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर सर्वाधिक फोकस किया, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस का कड़ाई से नियमन किया। देश की सबसे अच्छी निवेश पॉलिसी लागू कर निवेश का वातावरण सृजित किया, फलस्वरूप वर्ष 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाएं धरातल पर आ चुकी हैं। इससे भी आगे बढ़कर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ दिनांक 19 फरवरी, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 के मंच से किया गया। इससे 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

"उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बने 7 वर्ष हो रहे हैं। बीते 7 वर्षों में रेड टेप कल्चर, रेड कार्पेट कल्चर बन गया है। बीते 7 वर्षों में यूपी में क्राइम कम हुआ, तो बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ है। बीते 7 वर्षों में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है, जब हम सुनते हैं कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाएंगे"

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

- भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार
- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन
- देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट, 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन
- मेरठ से दिल्ली तक देश की प्रथम रैपिड रेल सेवा
- 6 शहरों-नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में मेट्रो रेल सेवा
- उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 6 नोड्स - अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी का निर्माण प्रगति पर
- सर्वाधिक मेडिकल कॉलेज वाला राज्य, 65 मेडिकल कॉलेज संचालित, 22 निर्माणाधीन
- सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना में देश में प्रथम, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित
- ग्रेटर नोएडा में उत्तर भारत का प्रथम हाइपरस्केल डाटा सेंटर प्रारम्भ
- देश के कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत योगदान
- भारत का पहला फ्रेट विलेज, वाराणसी में 100 एकड़ में विकास
- देश का पहला अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित
- 17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर सहित देश का सर्वाधिक सेफ सिटी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर
- वाराणसी में देश के प्रथम पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे का निर्माण प्रगति पर
- यूपी, कौशल विकास नीति को लागू करने वाला पहला राज्य

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में अचीवर्स स्टेट

## लीड्स रैंकिंग-2023 में अचीवर्स स्टेट

## देश के जीडीपी में 9.2% का योगदान

## ई-मार्केट प्लेस (जेम) के अंतर्गत सर्वाधिक खरीदारी करने वाला राज्य





"ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल तथा सिंगल विण्डो सिस्टम के साथ प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि आज हर निवेशक यहां आना चाहता है। यहां नीतियों में पारदर्शिता के साथ ही इन्हें क्रियान्वित करने वालों की जवाबदेही भी तय है। उत्तर प्रदेश में हर निवेशक का सम्मान है। अब तो लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित निवेश यानी उत्तर प्रदेश"

**- योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

- 16.50 लाख युवाओं का कौशल विकास
- 1000 एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी, नोएडा में अवस्थापना विकास कार्य प्रगति पर
- वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 8.5% और ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 57% भाग यूपी में, इनका जंक्शन दादरी में है
- ई-टेंडरिंग प्रणाली की परफॉर्मेंस में प्रथम
- फूड बास्केट के रूप में पहचान, दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में देश में अग्रणी
- प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी श्रेणी में
- 67 विश्वविद्यालय, 5,842 कॉलेज, 370 पॉलिटेक्निक एवं 3,268 आई.टी.आई./आई.टी.सी. वाला राज्य
- देश का सबसे बड़ा 16,000 किमी. का रेलवे नेटवर्क
- देश का सबसे बड़ा 4 लाख किमी. का सड़क नेटवर्क
- अंतर्राष्ट्रीय/अंतर्राज्यीय सीमा वाले 94 मार्गों का विकास
- आई.आई.एम. लखनऊ, आई.आई.टी. कानपुर, आई.आई.टी. बीएचयू वाराणसी, आई.आई.आई.टी. प्रयागराज, एन.आई.टी. इलाहाबाद जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान संचालित
- एसोचैम द्वारा उत्तर प्रदेश को 'बेस्ट स्टेट इन स्किल डेवलपमेंट' की गोल्ड मेडल ट्राफी
- देश के बेस्ट स्टेट फॉर इनलैण्ड फिशरीज का प्रथम पुरस्कार यूपी को प्राप्त

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



## शहर में आज



- राधा कमल मुखर्जी हॉल लखनऊ विवि में जेल संस्कृति में सुधार : मानव केन्द्रित डिजाइन के माध्यम से पुनर्वास को बढ़ावा देना.. विषय पर सेमिनार - 10:00 बजे।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार - 10.30 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में धनराशि खर्च न करने वाली 100 ग्राम पंचायतों के सचिवों की बैठक - 11:00 बजे।
- गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम (कुर्सी रोड) में 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर का समापन समारोह - 3.30 बजे।

## एक नजर

### गोशाला के लिए 29 तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी की ग्राम पंचायत बाजपुर गंगौरा में नवनिर्मित वृहद गोसंरक्षण केंद्र का संचालन पशु पालन विभाग स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से करेगा। सीवीओ डॉ. सुरेश वर्मा ने बताया कि गोसंरक्षण केंद्र 500 निराश्रित गोवंशों की क्षमता का बनाया गया है। इसके संचालन के लिए आवेदन 29 फरवरी तक विकास भवन स्थित कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

### भुर्जी समाज का सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य भुर्जी महासम्मेलन और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को सहकारिता भवन में आयोजित की जाएगी। सम्मेलन व बैठक की अध्यक्षता नानकदीन भुर्जी (अधिवक्ता) करेंगे। भुर्जी समाज के राष्ट्रीय महासचिव उत्तम कुमार ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से समाज के नौजवानों को रोजगार, 10 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के चुनाव चिन्ह पर भुर्जी समाज के लोगों को चुनाव लड़ाने संबंधी प्रस्ताव पास किया जायेगा और आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया जायेगा।

# शहर के विकास पर खर्च होंगे 2248 करोड़

## नगर निगम में हंगामे के बीच मूल बजट वर्ष 2024-25 के कई अहम प्रस्ताव पास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हाल में शुक्रवार को हुई मूल बजट वर्ष 2024-25 की बैठक हंगामेदार रही। शोरशराबे के बीच नगर के विकास के लिए 2248 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर मुहर लगी। भाजपा पार्षदों ने जहां सहमति जताई तो वहीं अन्य दलों ने विरोध किया।

सदन की विशेष बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ की। पार्षदों से हाल भरा रहा। उप सभापति ने बजट भाषण पढ़ा और सदस्यों के साथ चर्चा की गई। इसमें शहर के 110 वार्डों में सड़क अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य, प्रकाश व्यवस्था, वेंडिंग जोन, कूड़ा निस्तारण, नाला-नालियों और सड़कों की सफाई व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए जो गहमागहमी के बीच पास हुए। मूल बजट में 2248.20 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। जबकि सभी अधिष्ठान पेंशन के लिए 493.90 करोड़ व 83.05 करोड़ रुपये अन्य आवश्यक व्यय पर खर्च का प्राविधान किया गया। इसमें सड़क, नाली व नाला में 50 प्रतिशत धनराशि खर्च की जाएगी। जबकि शेष अन्य कार्यों में लगेगी। 15 प्रतिशत धनराशि से पार्क का निर्माण व मरम्मत कराई जाएगी। जबकि 20 प्रतिशत से स्ट्रीट लाइटें, 10 प्रतिशत से वेंडिंग जोन के कार्य व 5 प्रतिशत से नाली और टूटफूट पर खर्च करने होंगे।



नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हाल में शुक्रवार को बजट पर चर्चा के दौरान हंगामा करते सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के पार्षद। अमृत विचार



नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हाल में शुक्रवार को बजट पर चर्चा के दौरान सदन को सम्बोधित करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल, साथ में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह व उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता। अमृत विचार

▸▸ **कई पार्षदों ने किया विरोध तो कई ने जताई सहमति, हुई कहासुनी**

इस तरह से कार्यकारिणी समिति द्वारा संशोधित मूल बजट 2024-25 में प्रस्तावित राजस्व, पूंजी एवं उच्चन्त लेखों की कुल आय 2,86,569 लाख रुपये में प्रारम्भिक अवशेष को सम्मलित करते हुए सकल आय रुपये 3,55,549.56 लाख एवं सकल व्यय 2,85,915.05 लाख के समायोजनोपरान्त 69634.51 लाख रुपये के अंतिम अवशेष के साथ अनुमोद प्रस्तुत किया गया। 28 फरवरी को पुनः एसएसएन की विशेष बैठक की जाएगी।

**महाकालेश्वर महादेव के नाम से बनेगा तोरण द्वार :** सदर में जो प्रस्ताव पास हुए उसमें महाकालेश्वर महादेव के नाम से तोरण द्वार बनाना मुख्य है। जो लालकुआं वार्ड में भेड़ी मंडी के यार्कइन होटल के पास व पीसीएफ बिल्डिंग के पास बनाए जाएंगे। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पदमश्री से सम्मानित गीत 'विजय विश्व तिरंगा प्यारा' के रचियता दोसर वैश्य रत्न श्याम लाल गुप्त पार्षद की प्रतिमा स्मृति चौराहे के बगल में बिजली पासी किला गांव के पास स्थापित की जाएगी। झूलेलाल वाटिका पर भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना के साथ द्वार का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।

**योजनाबद्ध तरीके से होंगे काम, धन का नहीं रहेगा अभाव :** सदन में संसाधन और बजट की कमी का मुद्दा उठा। कहा गया कि नगर निगम के वित्तीय संसाधन सीमित हैं। इससे अपने संसाधनों से विकास कार्य कराए जाते हैं। कार्य की अधिकता अधिक है और राजधानी के कारण अतिविशिष्ट श्रेणी के कार्यों को भी करना पड़ता है। नगर निगम के बजट से अधिक कार्य कराने पड़ते हैं। इससे वित्तीय दायित्व का अत्यधिक बोझ बढ़ता है। कार्यदायी संस्थाओं एवं ठेकेदारों के बकाया भी वर्तमान में अत्याधिक हैं। इसके सामाधान के लिए मेयर निधि, आयुक्त निधि एवं वार्ड विकास निधि को योजनाबद्ध तरीके से कराकर आर्थिक बोझ से बचा जाएगा।

**जब भाजपा पार्षद ने पिया गंदा पानी, हुई उल्टी :** सदर में भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू वार्ड में आ रहा गंदा पानी बोतल में लेकर पहुंचे। उन्होंने जीएम जलकल को पानी पीने को कहा। जो उनके आनाकानी पर अधिशासी अभियंता को पिलाने की कोशिश की लेकिन उनके भी मना करने पर खुद पानी पिया और कहा, क्षेत्र की जनता यह गंदा पानी पी रही है और आप लोग शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। कुछ देर बार अनुराग उल्टी करने लगे।

### कर की दरें होंगी तय, मिलेगी छूट, व्यय भार होगा कम

बैठक में 2024-2025 के लिए करों की दरों का निर्धारण व छूट का प्रस्ताव भी पास किया गया। इससे लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, नगर निगम की मार्केट लालबाग भोपाल हाउस, रिवर बैंक कालोनी की तरह गुरुनानक मार्केट चारबाग का भी पुरानी दर से किराया जमा कराया जाएगा। इसके लिए समिति बनाई जाएगी। वहीं, शहर के खराब मार्गों का पुर्ननिर्माण 15वां वित्त आयोग, सम्रग विकास निधि, अवस्थापना निधि, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री सृजन योजना व गोशालाओं का निर्माण, सूटिंग रेंज व सीएम ग्रिड जैसी योजनाओं पर फोकस किया गया। इनके कार्य कराए जाएंगे। इससे नगर निगम निगम की निधि पर व्ययभार कम होगा।

### बिना एनओसी अन्य विभाग नहीं कराएंगे काम

सदन में कुछ पार्षदों ने मुद्दा उठाया कि नगर निगम के पोलों को बिजली विभाग और बीएसएनएल इस्तेमाल कर रहा है। इसी तरह अन्य कार्यों का दूसरे विभाग फायदा उठा रहे हैं। महापौर ने कहा कि सड़क, नाली आदि जो भी काम नगर क्षेत्र में कराए जाएंगे उसके लिए नगर निगम से एनओसी ली जाएगी। बिना इसके काम नहीं होंगे।

### 25 लाख उपभोक्ताओं को जल्द मिलेगा 300 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रदेश के 25 लाख उपभोक्ताओं को जल्द लाभ मिलेगा। योजना के तहत एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के छतों पर सोलर पैनल लगाने के तय लक्ष्य में अकेले 25 फीसदी हिस्सेदारी प्रदेश को दी गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि योजना को संचालित करने की जिम्मेदारी यूपीनेडा को दी गई है। यूपीनेडा ने केंद्र सरकार की ओर से तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए बिजली वितरण कंपनियों को लक्ष्य वितरित कर दिया है। सबसे अधिक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को 7 .25 लाख, दक्षिणांचल को 4 .50 लाख, मध्यांचल को 5 .50 लाख, पूर्वांचल को 5 .0 लाख, केस्को को 1 .50 लाख, टोरंट पावर को 1 .0 लाख और एनपीसीएल को 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से पहुंचाने को कहा गया है। इस योजना के तहत अगर कोई उपभोक्ता एक किलोवाट का सोलर पैनल लगवाता है तो उसे महज 15 हजार रुपये अपने पास से खर्च करने होंगे। कुल 60 हजार की लागत में 30 हजार रुपये केंद्र सरकार और 15 हजार रुपये राज्य सरकार से सब्सिडी के तौर पर मिलेगी। एक किलोवाट और दो किलोवाट के पैनल पर लागत का 75 फीसदी सब्सिडी दिए जाने की व्यवस्था है। तीन किलोवाट के पैनल पर 60 फीसदी, चार किलोवाट पर 45 फीसदी व पांच किलोवाट पर 36 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी।

### 426 मरीजों का हुआ निशुल्क परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** केसरी खेड़ा में आयोजित किए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 426 लोगों का परीक्षण किया गया। शिविर की शुरुआत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में दंत रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, खून की कमी, फ्रैक्चर, गर्दन-घुटनों का दर्द, स्लिप डिस्क, कमर दर्द आदि बीमारियों की जांच कर इलाज किया गया और दवाएं वितरित की गईं। शिविर में भाजपा नेता मान सिंह, अजय त्रिपाठी मुन्ना, सचिन वैश्य, मनोज लोधी, बिंदु मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार पासी आदि मौजूद रहे।

## सर्द हवाओं के बीच पारा हुआ 10 डिग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्द हवाओं का असर दूसरे दिन भी देखने को मिला। शुक्रवार को लखनऊ और आसपास के इलाकों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि जल्द ही सर्द हवाओं से राहत मिलेगी। हालांकि, गुरुवार को भी लखनऊ और आसपास के इलाकों में सर्द हवाएं चलीं। ऐसे में तापमान 13 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया, लेकिन रात में चलीं हवाओं का असर रहा कि न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आ गई। पारा 10 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, सर्द हवाओं का असर जल्द ही कम हो जाएगा। लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में हवाओं की रफ्तार में कुछ कमीं आ सकती है, लेकिन बादल छाए रहने की उम्मीद है। आने वाले दो दिनों को लेकर मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। 26 और 27 फरवरी को सर्द हवाओं में तेजी आने की संभावना है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार, बारिश के साथ-साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

## तीन दिनों के बाद शुरू होनी है उड़ान, लेकिन शेड्यूल का पता नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं 26 फरवरी से शुरू होने पर संशय है। क्योंकि अभी तक उड़ान का शेड्यूल और किराया सूची अभी जारी नहीं हो सकी है।

प्रदेश सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होनी है। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा। विमान सेवा फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दिए जाने की योजना है। हालांकि विमान का किराया और शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़ान के लिए प्रस्तावित तिथि को आगे बढ़ाई जा सकता है।



शुक्रवार को ईको गार्डन में प्रदर्शन करते सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी। प्रदर्शन के दौरान अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल भी मौके पर पहुंचीं और अभ्यर्थियों का समर्थन किया। अमृत विचार

# सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन लगाया पेपर लीक होने का आरोप, बोले- मांग पूरी न होने तक नहीं हटेंगे**

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक संबंधी मामले में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने 244 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक होने के बाद अब परीक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए। इसे लेकर शुक्रवार को हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी मांग कर रहे थे कि परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराई जाए। सरकार जब तक हमारी मांग नहीं मानती है तब तक हम हटेंगे नहीं। परीक्षा में काफी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया था।

राजधानी में शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक हजारों की संख्या में अभ्यर्थी लखनऊ पहुंचे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदारों की लापरवाही से पेपर लीक हुआ है। परीक्षा निरस्त कर नए सिरे से कराई जाए। इसकी तारीख जल्द घोषित हो, ताकि सही अभ्यर्थियों का चयन हो सके। पेपर लीक होने से प्रश्न-पत्र हल करने वाले अयोग्य अभ्यर्थी पास हो जाएंगे। हालात पर नियंत्रण के लिए ईको गार्डेन में भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए।

**प्रियंका गांधी ने कहा, सो रही सरकार :** ईको गार्डन में जुटे अभ्यर्थियों को लेकर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, बस एक बार सोच कर देखिए.. लाखों युवाओं ने फॉर्म भरे। यह प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा थी। परीक्षा के पहले ही पेपर लीक हो गया।

**सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी लड़ाई :** अपना दल (कमेरावादी) नेता व विधायक पल्लवी पटेल भी ईको गार्डन पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि युवाओं का वर्तमान और भविष्य दोनों खत्म करने की साजिश है। इसको लेकर सड़क से सदन तक अभ्यर्थियों की लड़ाई लड़ेंगी।

**शिक्षक अभ्यर्थियों ने घेरा भाजपा कार्यालय :** शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को नियुक्ति की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को जबरन हटाया। इस दौरान अभ्यर्थियों की पुलिस से नोक-झोंक भी हुई। पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को बस में बैठाकर ईको गार्डेन पहुंचाया।

**कानपुर के कर्मचारियों ने किया धरने का समर्थन :** जल निगम मुख्यालय पर उप्र जल निगम संघर्ष समिति ने शुक्रवार को भी धरना दिया। कानपुर के कर्मचारियों ने धरने में पहुंचकर अपना समर्थन दिया। संयोजक ई. डीपी मिश्रा, ई. एसपी मिश्रा, ई. गौरी शंकर सिंह कुशवाहा ने कहा कि जल निगम ग्रामीण में 25 हजार करोड़ का प्रतिवर्ष हर घर नल योजना का कार्य किया जा रहा है। 7वां वेतन लागू किया न 6वें वेतनमान पर महंगाई भत्ता दिया गया है।

### इंस्पेक्टर का दावा, लीक हुआ सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने कृष्णा नगर कोतवाली में बीती 19 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में इंस्पेक्टर ने दावा किया था कि सुनियोजित तरीके से 18 फरवरी को परीक्षा के दो घंटे पहले दूसरी पाली का प्रश्नपत्र लीक किया गया है। डीसीपी दक्षिणी ने कहा कि मामले में विवेचना चल रही है। अभी पेपर लीक की बात सामने नहीं आई है। परीक्षा के दूसरे दिन बीती 18 फरवरी को कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित एक सेंटर में दूसरी पाली की परीक्षा में पुलिस टीम ने अभ्यर्थी सत्य अमन कुमार के पास एक चिट बरामद की थी, जिसमें 150 सवालों के जवाब थे। चिट के सभी सवाल प्रश्नोत्तर की कापी से मिल रहे थे। ऐसा दावा कृष्णानगर थाने में दर्ज रिपोर्ट में किया गया है। मोहनलालगंज थाने में तैनात इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया बीती 18 फरवरी को दूसरी पाली में उनकी ड्यूटी सिटी मार्डन एकेडमी अलीनगर सुनहरा में थी। उनके साथ जूनियर इंजीनियर सिंचाई विभाग स्टेटिक मैजिस्ट्रेट अम्बरीश कुमार वर्मा, स्टेटिक मैजिस्ट्रेट सौरभ यादव व अन्य की भी ड्यूटी थी। कमरा नंबर-24 के निरीक्षक विश्नाथ सिंह और वंदना कनौजिया द्वारा शाम 5 बजे परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार के पर्ची से नकल कर ओएमआर सीट भरने की सूचना दी थी। अभ्यर्थी ने बताया था कि उसे 12 बजे परिचित नीरज ने उत्तर वाट्सअप पर भेजे थे। उसी को पर्ची में लिखकर वह नकल कर रहा था।



करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस।
कर्म मानुष का धर्म है, सत् भाखै रविदास।।
- संत रविदास
सामाजिक एकता और समरसता के प्रतीक
प्रख्यात समाज सुधारक, दार्शनिक एवं महाकवि
संत शिरोमणि गुरु रविदास जी
की
647 वीं जयंती
(24 फरवरी, 2024)
के अवसर पर
कोटि-कोटि नमन
- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### मुख्यमंत्री को भेजे 12,000 पत्र

**अमृत विचार ,लखनऊ :** वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कार्मिकों द्वारा 12 से 22 फरवरी तक अभियान चलाकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 12 हजार पत्र भेजे गए हैं। संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कार्मिकों की वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु पत्र भेजने का अभियान चलाया गया था।

### छात्रों ने विधानभवन का किया भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल अयोध्या से आए लगभग 200 छात्र-छात्राओं के एक दल ने शुक्रवार को विधानभवन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर विधानसभा के बारे में जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को विस्तार से जानकारी दी।

# भाजपा की 100 प्रत्याशियों की जारी होगी पहली सूची

## लोकसभा चुनावः मार्च के पहले सप्ताह में सूची जारी करने की तैयारी, प्रत्याशी चयन पर हो रहा मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली सूची में प्रदेश में हारी हुई 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम
- प्रत्याशियों को जनता तक पहुंचने का पूरा मौका देने का प्रयास कर रही भाजपा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अतंर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**लोकसभा की 160 सीटों पर फोकसः** भाजपा लोकसभा चुनाव में पूरी शक्ति और क्षमता के साथ उतरने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने लोकसभा की ऐसी करीब 160 सीट पहले से ही चयनित कर रखी है, जिनमें या तो भाजपा जीत नहीं पाई थी या फिर बहुत कम अंतर से चुनाव जीती थी। यहां पहले ही कलस्टर प्रभारी तैनात कर काम कर रही है।

### 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गया था पसीना

उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। पश्चिम की बदायूं लोकसभा सीट पर संघमित्रा मौर्य को भी मात्र 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह लोकसभा सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर पिछली बार भाजपा चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि पिछली बार बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी, और 91869 वोट हासिल हुए थे। इस बार शिवपाल सपा के साथ हैं। ऐसे में भाजपा के लिए इस सीट पर जीत हासिल करना आसान नहीं होगा।

# विधान परिषद की 13 खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे।21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

### इनका कार्यकाल होगा समाप्त

भाजपा के डॉ. महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा,अशोक कटियार, अशोक धवन,बुक्कल नवाब,यशवंत,विजय बहादुर पाठक, -विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, निर्मला पासवान, अपना दल केआशीष पटेल, सपा के नरेश उत्तम पटेल व बसपा के भीमराव अंबेडकर।

# छह का लैब टेस्ट, जारी किया तीन हजार उत्पादों का हलाल प्रमाण पत्र

## प्रमाण पत्र जारी करने वाले सात संस्थानों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहम्मद मदनी और हलाल काउंसिल के पदाधिकारियों के खातों की जांच शुरू
- प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की हुई वसूली हजरतगंज में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचारः** हलाल प्रमाण पत्र में एसटीएफ के हाथ कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। इसमें हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया ने जिन 3000 उत्पादों को हलाल प्रमाण पत्र जारी किया था। उनमें से सिर्फ छह का ही लैब टेस्ट कराया गया था। इन जांच के संशय मिले है। बाकी अन्य उत्पादों जांच कराए जाने के प्रमाण नहीं मिले। प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की गई। वहीं, कोर्ट दायर याचिका का जवाब भी तैयार किया जा रहा है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली करने के मामले में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ हजरतगंज थाने में पिछले साल नवंबर माह में केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और ट्रेजरार मो. अनवर शामिल है।

**याचिका का तैयार किया जा रहा जवाब :** वहीं, हलाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका मदनी की करीबी वकीलों ने दायर की। इसका जवाब भी तैयार किया जा रहा है। एसटीएफ की टीम ने मुकदमे से संबंधित सारे दस्तावेज जुटा लिए है। कोर्ट में दायर याचिका के हर बिंदु पर जवाब विधि विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किए जा रहे हैं।

**हवाला कारोबार से कनेक्शन का संदेह:** एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक हलाल प्रमाण पत्र जारी करने का अवैध कारोबार हवाला से जुड़ने का संदेह गहराता जा रहा है। इसमें कई ऐसे लेन-देन सामने आये हैं। जो कोडवर्ड और पर्चों के जरिए किए गए हैं। एसटीएफ की टीम इस बारे में भी जांच कर रही है। अधिकारी के मुताबिक रुपये लेने के कई तरीके अपनाए गए। इसमें बैंक खातों में सिर्फ दिखावे की रकम मंगाई जाती थी। वहीं, कई एजेंसी व ट्रस्ट ने हवाला के जरिए भी रुपये वसूले हैं। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है।

**7-8 संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही एसटीएफ :** हलाल प्रमाण पत्र मामले में पिछले साल नवंबर से ही एसटीएफ कई संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही है। इसमें 7-8 एजेंसी व ट्रस्ट के नाम सामने आये। इनमें प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट और हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमुख है। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ की टीम इन सभी संस्थाओं के खातों की डिटेल जुटा रही है।

### मदनी से छह घंटे हुई थी पूछताछ

चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के चीफ महमूद मदनी को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे छह घंटे की पूछताछ की गई। इस दौरान हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में कई सवाल किए गए। एसटीएफ की टीम ने मदनी से खाते के बारे में भी जानकारी मांगी। मामले के विवेचक व एसटीएफ के विवेचना टीम अधिकारी के मुताबिक महमूद मदनी से दोबारा पूछताछ की जाएगी। इस मामले से संबंधित कई जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं।

# भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति

## प्रधानमंत्री मोदी ने बीएचयू में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति है। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है।

प्रधानमंत्री ने बीएचयू में आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में कहा कि महामना के इस प्रांगण में सभी विद्वानों खासकर युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है। काशी समय से भी प्राचीन कही जाती है। इसकी पहचान को हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी इतनी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भर देता है और ये विश्वास दिलाता है कि अमृत काल में आप सब देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**विजेताओं और प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री ने काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। यहां उन्होंने दो बुकलेट भी विमोचित की जिसमें यहां हुए विकास के हर पड़ाव और संस्कृति का वर्णन किया गया है। इसके अलावा जितनी भी सांसद प्रतियोगिताएं काशी में आयोजित की गई हैं, उनपर भी छोटी छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी, मंत्री दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', रवींद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### परिवारवादी पार्टियों ने प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने की कोशिश की : प्रधानमंत्री

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीर गोवर्धनपुर स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते है और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। देश में पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं।

### प्रधानमंत्री के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहला हिंदू मंदिर बना है। बीते सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री काशी में पधारे हैं। योगी ने कहा कि गुरुवार रात 11 बजे भी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में पहुंचकर प्रधानमंत्री को आप सभी ने विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए कहीं।

# मंडल की रैंकिंग प्रभावित करने वाली योजनाओं में करें सुधार



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई में बिजली आपूर्ति की खराब रैंकिंग को लेकर मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी

**अमृत विचारः** बिजली आपूर्ति के मामले में हरदोई जिले की रैंकिंग खराब मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को अनवरत बिजली आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। साथ ही मंडल की रैंकिंग को प्रभावित करने वाली योजनाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसी योजनाओं को चिह्नित करते हुए कार्ययोजना बनाकर उसमें सुधार लाएं।

मंडलायुक्त डॉ. जैकब ने शुक्रवार को मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चेक करें। वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन संबंधी कामों में शिथिलता न बरती जाए। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्रों को चिह्नित कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग की ओर से मंडल में सड़कों के निर्माण, राज्य मार्गों के अनुरक्षण, सेतु के निर्माण में तेजी लाकर निर्धारित समयावधि में काम पूरा करें। उन्होंने निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। हर घर जल योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों का निर्माण कराया जाए।

इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्तीः खुल गई आवेदन के लिए विंडो

**अमृत विचार,लखनऊः** भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभी आवेदन के लिए13 जिलों औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के अभ्यर्थी पंजीकरण करा सकते हैं।

इच्छुक उम्मीदवार आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च निर्धारित है। । अभ्यर्थी https://www.joinindianarmy.nic.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# सीट बंटवारे पर छलका सलमान खुर्शीद का दर्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के बीच सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस के उन नेताओं में नाराजगी पैदा हो गई है, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि वह टूट सकते हैं, पर झुकेंगे नहीं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि टूट सकता हूं लेकिन झूकंगा नहीं। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद से उनके रिश्तों के कितने इम्तहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल उनका नहीं, पर हम सब के मुस्तकाबिल का है। आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। उन्होंने लिखा-'टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो, मैं नगमें सुनाता रहूं' ।मालूम हो कि प्रदेश में कांग्रेस के खाते में 17 सीटें व सपा के खाते में 63 सीटें आई हैं।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन सपा ने फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है। ऐसे में सलमान खुर्शीद के चुनाव लड़ने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन में ग्रहण लग सकता है।

# शासनादेश ऑनलाइन होने पर ही माना जाएगा वैध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिवों व सचिवों को जारी किए आदेश

**अमृत विचारः** शासन ने सभी विभागों से जारी होने वाले रोजाना के शासनादेशों को ऑनलाइन अपडेट न करने पर सख्त रूख अपनाया है। अब कोई भी शासनादेश तबतक वैध नहीं माना जाएगा, जबतक उसे पोर्टल पर अपलोड करके ऑनलाइन नहीं कर दिया जाएगा।

दरअसल, पहले से ही शासन के स्पष्ट आदेश के बाद भी कई विभाग शासनादेशों को ऑनलाइन अपलोड नहीं कर रहे थे। इसे लेकर सचिवालय प्रशासन सख्त रूख अपनाया है। प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने सभी अपन मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को संबोधित आदेश में कहा है कि शासनादेश के ऑनलाइन जारी करने और शासनादेश की वेबसाईट http://shasanadesh.up.gov.in अपलोड करने की व्यवस्था के संबंध में पहले भी आदेश जारी होते रहे हैं। शासन ने स्पष्ट कर रखा है कि एक मार्च 2014 के बाद किसी भी शासनादेश को वैध तभी माना जाएगा, जब वह संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध हो।

श्री नायक ने उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया है कि एक अप्रैल 23 से अभी तक जारी किए गए शासनादेशों एवं भविष्य में जारी किए जाने वाले शासनादेशों को संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु अपने-अपने विभागों में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दें।

# ... तो 10 जिलों ने ज्यादा डिलीट किए जॉब कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा में किसी कारण शिफ्ट या मृत श्रमिकों के जॉब कार्ड 10 जिलों में सर्वाधिक डिलीट किए गए हैं। इसमें पारदर्शित बरती गई या नहीं इसका परीक्षण कराने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दिए गए हैं।

जिलों में मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड डिलीट करने हैं। उनमें वह श्रमिक शामिल हैं जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर उनकी मृत्यु हो गई है। या फिर ग्राम पंचायत नगर में शामिल होने के कारण काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रदेश में 56,01,146 जॉब कार्ड डिलीट किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, सीतापुर, बस्ती, हरदोई, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, जौनपुर व कुशी नगर ने कार्ड डिलीट किए हैं। इन जिलों में संख्या अधिक होने के कारण कार्रवाई उचित हुई या नहीं इसका परीक्षण कराया जाएगा। संयुक्त आयुक्त मनरेगा अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिले से रिपोर्ट मांगी है।

# 11 विभागों में जल्द शुरू होगी खेल कोटे से भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों की होगी तैनाती

**अमृत विचार :** प्रदेश के 11 सरकारी महकमों में खेल कोट में होने वाली भर्ती फिर जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी विभागों में एक से दो प्रतिशत खिलाड़ियों भर्ती की जाएगी। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 11 सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों की जानकारी मांगी गई हैं, जहां पर खिलाड़ियों की तैनाती की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लेने के लिए जहां तमाम संस्थान तैयार रहते हैं वहीं राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की तैनाती नहीं हो पाती। ऐसे में इस बार राष्ट्र और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों की तैनाती की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार वन, परिवहन, खेल, पुलिस, सुरक्षा बल और रेलवे के साथ अन्य विभागों में तैनाती की जाएगी। अभी तक रेलवे और पुलिस और सुरक्षा बलों में खिलाड़ियों की तैनाती हो रही है। जिन विभागों में खेल कोटे में भर्ती नहीं हो रही है, उनके विभागाध्यक्षों से संपर्क किया जाएगा। खेल कोटे में खाली पदों की जानकारी ले कर उसे भरने के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। कई विभागों में पिछले तीन दशकों से खेल कोटे की भर्तियां नहीं हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी विभागों में खिलाड़ियों की तैनाती के लिए आदेश जारी किए गए हैं।उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निदेशक डॉ.आरपी सिंह के अनुसार हाल ही में जिला प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की तैनाती की गई है। इनमें एशियन गेम्स खेले खिलाड़ी शामिल हैं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के हित के लिए अब उनकी तैनाकी की तैयारी भी की जा री है। इसी के चलते विभागों में संपर्क किया जा रहा है। जिन विभागों में खेल कोटे की भर्ती होती रही है, वहां पर फिर से खिलाड़ियों को तैनाती दी जा सके। अभी तक 11 विभागों में खाली पड़े पदों की सूची मांगी गई है।

# प्रदेश बनेगा मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, टूरिज्म, एनर्जी और फॉर्मा का हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुनिया में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर प्रदेश मजबूत स्थिति में

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है। 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के भूमिपूजन से न सिर्फ विकास को गति मिलने जा रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी सुपर बूस्टअप मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में अभी प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, इसमें और वृद्धि होगी और दूसरे स्थान पर स्थिति और मजबूत होगी।

जीबीसी-4 के बाद प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, फॉर्मा, एनर्जी, डाटा सेंटर, एमएसएमई, रिन्यूएबल एनर्जी, रीयर एस्टेट, वेस्ट मैनेजमेंट समेत अनेक सेक्टर्स में प्रदेश का दबदबा बढ़ने जा रहा है। सर्वाधिक 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में परियोजनाएं आने से प्रदेश इसका हब बनेगा।

इसके अतिरिक्त रिन्यूएबल एनर्जी में 13 प्रतिशत, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 9 प्रतिशत, पावर में 8 प्रतिशत, फूड प्रॉसेसिंग में 6 प्रतिशत, रीयल एस्टेट में 6 प्रतिशत, एमएसएमई में 5 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट में 3 प्रतिशत, वेस्ट मैनेजमेंट में 3 प्रतिशत और एजुकेशन में 3 प्रतिशत निवेश हुआ है। जाहिर है इन सभी सेक्टर में प्रदेश क्षमता बढ़ेगी, अधिक वर्कफोर्स लगेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विकास और इसकी अर्थव्यवस्था को होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरीज, डेयरी, कोऑपरेटिव्स, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फॉर्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्बैंड्री जैसे सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा।

साथ ही प्रदेश अब जॉब क्रिएटर बन रहा है। सभी 75 जनपदों में निवेश से हर जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। 56 प्रतिशत कामगार आबादी वाला प्रदेश अब भारत के अर्थ शक्ति पुंज वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

### पर्यटन से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

जीबीसी 4 .0 के तहत पर्यटन स्थलों पर भी विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। पर्यटन स्थलों पर विकास होने से यहां पर्यटकों का आमद बढ़ेगी, जिससे इन स्थलों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। उदाहरण के तौर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक 60 से 65 लाख लोगों ने यहां दर्शन किए हैं। काशी और मथुरा-वृंदावन भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में अगले वर्ष लाखों-करोड़ों लोग महाकुंभ में स्नान करेंगे।

### रीढ़ बनेंगी एमएसएमई इकाइयां

जीबीसी 4 .0 के ताजा आंकड़ों पर नजर डालें तो एमएसएमई के तहत 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं का भी शुभारंभ हुआ है। प्रदेश में अभी 96 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिट हैं। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत के साथ अब इनका एक करोड़ के पार जाना सुनिश्चित है। प्रदेश सरकार ने एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की शुरुआत की है। इसी वजह से बड़ी संख्या में एमएसएमई को लेकर निवेश हो रहा है, जो प्रदेश के विकास में नया आयाम स्थापित करेगा।

# राज्यपाल और योगी आदित्यनाथ से मिले राजस्थान के मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार शाम पांच कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस शिष्टाचार भेंट में दोनों के बीच तमाम विषयों पर बात हुई। मुख्यमंत्री ने उन्होंने उप्र. के ओडीओपी उत्पाद भी उपहार में दिए। भजनलाल शर्मा इसके बाद राजभवन पहुंचे जहां उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से भी शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान के मुख्यमंत्री एक दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को लखनऊ आए थे। उन्होंने सीतापुर के नेमिषारण्य में आयोजित भाजपा की क्लस्टर बैठक सहित अन्य बैठकों में भाग लिया। इससे पूर्व सुबह चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया।



शुक्रवार को सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। अमृत विचार

## एक नजर

### 200 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित कीं दवाइयां

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा स्थित मेडनोल डायबेटिक केयर में शुक्रवार को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजक डॉ. अशरफ अहमद ने बताया कि शिविर में आए करीब 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव दिए गए। साथ ही उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

### एयरटेल ने रिटेल स्टोर की उपस्थिति दोगुना की

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारती एयरटेल ने शहर में कंपनी के अपने 13 नए नेक्स्ट-जनरेशन स्टोर लॉन्च किए हैं। सीईओ सोवन मुखर्जी ने कहा कि कृष्णा नगर, 60 फीट रोड, बीबीडी, ऐशबाग, अर्जुनगंज, गोमती नगर एक्सटेंशन, नाका, विकास नगर, आईटी कॉलेज, त्रिवेणी नगर, बख्शी का तालाब, कठौता चौराहा और नक्खास में खोले गए नए स्टोर से एयरटेल ने रिटेल उपस्थिति को और मजबूत किया है। जिससे ग्राहकों को अद्वितीय सेवा का अनुभव होगा।

# 20 हजार रुपये दो... मन मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट लो

## केजीएमयू की मर्च्युरी में बिचौलिए सक्रिय, परिजन को झांसे में लेकर कर रहे वसूली, ऑडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▶▶ निशुल्क मिलने वाले पैकिंग बैग के भी आरोपी मांग रहा रुपये

**अमृत विचार :** परेशान न हो हमारे यहां (केजीएमयू की मर्च्युरी) पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों से पूरी सेटिंग है। बल्कि, इतना ही नहीं शव की पैकिंग संबंधित सामान और ट्रॉमा सेंटर की पुलिस चौकी से पंचायतनामा संबंधित सभी कागजात सेटिंग से बनवाने की भी मेरी जिम्मेदारी है। आपको सिर्फ 20 हजार रुपये देने है। यदि आप लापरवाही करते है, तो पोस्टमॉर्टम के लिए एक दिन का इंतजार करना पड़ेगा।

कुछ ऐसे ही शब्द केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में अपनों को खोने वाले परिजनों से यहां का एक शख्स करता है। आरोपी खुद को केजीएमयू का कर्मचारी बताता है। झांसे में आने के बाद आरोपी खुलेआम उनसे सुविधा शुल्क के नाम पर धन उगाही करता है। आरोपी ने ऐसे ही बलरामपुर जिले के एक पीड़ित को गत 18 फरवरी को झांसे में लेकर वसूली की थी। आरोपी ने और रुपयों की मांग को लेकर लगातार पीड़ित परिवार को कॉल कर परेशान कर रहा है। शुक्रवार को आरोपी और पीड़ित युवक के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

दरअसल 17 फरवरी को सुल्तानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस की मदद से उसे अयोध्या के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक होने पर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। 18 फरवरी को घायल की ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों में शामिल एक युवक ने बताया कि मृतक कभी -कदार शराब का भी सेवन कर लेता था। इसको लेकर वह लोग आपस में ही चर्चा कर रहे थे। तभी एक युवक उनके पास आया और खुद को केजीएमयू का कर्मचारी होने का परिचय दिया। आरोपी ने अपने नाम के आगे अवस्थी जोड़ रखा था। उसने दवा किया कि मर्च्युरी में उसे अवस्थी के नाम से ही लोग जानते है।

> चौकी पर यदि बाहरी लोग बैठ रहे हैं तो जांच करवाकर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। पुलिस कर्मियों की संलिप्तता मिलती है तो उन लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राज कुमार सिंह, एसीपी चौक

> कर्मचारी हो या बाहरी व्यक्ति संस्थान में तीमारदारों से वसूली किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस मामले में यदि पीड़ित परिवार शिकायत करता है तो आरोपी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

### डॉक्टरों से है सांठ-गांठ, रिपोर्ट बनवा देंगे

परिजनों ने बताया कि कथित अवस्थी ने कहा कि उसने शव का परीक्षण किया है। मृतक घटना के समय शराब का सेवन किए हुए था। यदि चाहो तो पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों से सेटिंग करके रिपोर्ट मन मुताबिक बनवा देगा। इसके लिए आरोपी ने 20 हजार रुपये की मांग की। हालंकि, बाद में वह 10 हजार रुपये में काम कराने को राजी हो गया। झांसे में आए परिजनों ने दो हजार रुपये भी उसे थमा दिए। शेष आठ हजार रुपये घर पहुंचकर ऑनलाइन भेजने की बात हुई। जिसके बाद से आरोपी शेष रकम डॉक्टरों को देने का हवाला देकर मांग कर रहा है, इतना ही नहीं रुपये न देने की स्थिति में आरोपी धमकी भी दे रहा है। मामले का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोपी पर शव रखने के लिए मिलने वाले बैग और पन्नी देने के एवज में 500 रुपये भी वसूलने का आरोप लगा है। जबकि, शव पैकिंग बैग निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

### जब तक कागज बन रहे, पांच गिलास जूस ले आओ

पीड़ित परिजनों ने बताया कि राजधानी के अस्पतालों और पुलिस चौकी में भी ऐसे हालत है। बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर वह जल्द ही अपने बलरामपुर जिले में स्थित गांव पहुंचना चाहते थे। ट्रॉमा सेंटर की चौकी पर उन्होंने जल्द संबंधित कागजात देने की गुहार लगाई तो बिचौलियों को सक्रिय कर दिया गया। यह शख्स चौकी पर ही पुलिस कर्मियों के साथ बैठा था। उसने जल्दी कागजात तैयार कराने के लिए रुपयों की मांग की। परिजनों कि मुताबिक सबसे खराब उस समय लगा, जब आरोपी ने कहा कि जब तक रिपोर्ट बन रही है तब तक साहब लोगों के लिए पांच गिलास जूस ले आओ। मजबूर होकर जूस लाना पड़ा।

### बिचौलियों से रहें सावधान, नहीं बदलती रिपोर्ट

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर का कहना है कि लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। किसी भी हाल में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मनमुताबिक नहीं बनती है। पोस्टमॉर्टम के समय की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है। यदि कोई व्यक्ति धन की मांग करता है तो इसकी शिकायत करनी चाहिए।

## कैंसर संस्थान में अब इलाज के साथ होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियालिटी संस्थान में इलाज के साथ अब पढ़ाई भी होगी। दो विभागों में पीडीसीसी (पोस्ट डॉक्टरेल सार्टिफिकेट कोर्स) के संचालन को मंजूरी मिल गई है। कोर्स में दाखिले के लिए शुक्रवार को प्रवेश परीक्षा हुई। इसका परिणाम भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। कैंसर संस्थान की ओपीडी में प्रतिदिन 250 से अधिक मरीज आ रहे हैं। लगभग 27 डॉक्टर विभिन्न विभागों में तैनात हैं। ओपीडी व भर्ती कर मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि गवर्निंग बॉडी की बैठक में चार विभागों में पीडीसीसी और एक में पीडीएफ (पोस्ट डॉक्टरेल ऑफ फैलो) कोर्स संचालन को मंजूरी मिली है। कोर्स की अवधि एक साल है। गायनी आंकोलॉजी और ओरल मैक्सिलोफिएशन सर्जरी विभाग के पीडीसीसी कोर्स में दाखिले के लिए गुरुवार को प्रवेश परीक्षा हुई। प्रत्येक विभाग में एक-एक सीट है। उन्होंने बताया कि रेजिडेंट डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों की देखभाल और बेहतर हो सकेगी। साथ ही संस्थान में पढ़ाई का माहौल भी बनेगा।

# लोहिया में ओपीडी के समय कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं चला सकेंगे मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ काउंटर पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर को सुबह 8 से 10 बजे तक मोबाइल जमा करना होगा

**अमृत विचार :** लोहिया संस्थान में पंजीकरण काउंटर पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर अपना मोबाइल नहीं चला सकेंगे। मोबाइल की वजह से पंजीकरण प्रक्रिया में व्यवधान पड़ने की शिकायत पर संस्थान प्रशासन ने मोबाइल के इतेमाल पर पाबंदी लगाई है। इतना ही नहीं मोबाइल काउंटर के बाहर तैनात कर्मचारियों के पास जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है।

संस्थान में करीब 1000 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। ओपीडी में करीब 2500 से 3000 मरीज आ रहे हैं। संस्थान में तीन अलग-अलग स्थानों पर ओपीडी पंजीकरण हो रहे हैं। हॉस्पिटल ब्लॉक, सुपरस्पेशियालिटी व मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल। सुबह आठ बजे से ओपीडी में पंजीकरण शुरू होता है।

चिकित्सा अधीक्षक की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि काउंटर पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर को सुबह आठ से 10 बजे तक मोबाइल फोन जमा करना होगा। हालांकि, इस आदेश से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों में खासी नाराजगी है।

### ड्यूटी के दौरान सबके जमा हों फोन

कर्मचारियों का आरोप है कि ज्यादातर स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। यदि ड्यूटी के दौरान कोई कंप्यूटर ऑपरेटर बात करता है या परिचितों से संबंधित काम कर रहा है तो उस पर कार्रवाई करे। मोबाइल फोन जमा कराना मानसिक प्रताड़ना है। यदि कंप्यूटर ऑपरेटर का फोन जमा कराया जा रहा है तो डॉक्टरों को भी ड्यूटी के दौरान फोन इस्तेमाल करने पर रोक लगानी चाहिए।

## आग से झुलसे मरीजों को संक्रमण का खतरा अधिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** आग में झुलसे मरीजों को संक्रमण से बचाना चुनौती से कम नहीं है। यदि मरीज को संक्रमण हो गया तो उस पर काबू पाना कठिन हो जाता है। इसीलिए ऐसे मरीजों को अलग रखने की सलाह दी जाती है। यह कहना है केजीएमयू में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार का। वह शुक्रवार को जनरल सर्जरी विभाग के प्रेक्षागृह में सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। डॉ. ब्रजेश मिश्र ने बर्न मैनेजमेंट को लेकर बताया कि आग में झुलसे मरीज के शरीर में जगह-जगह घाव हो जाते हैं। मरीज के शरीर में पानी और प्रोटीन जल जाता है। इससे मरीज में रोगों से लड़ने की ताकत कम हो जाती है। नतीजतन बैंक्टीरिया, फंगल समेत दूसरे संक्रमण मरीज को आसानी से अपनी चपेट में ले लेते हैं। कार्यक्रम में यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अपुल गोयल समेत अन्य डॉक्टरों ने भी अपने विचार साझा किए।

# डॉक्टरों की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी



रिंकी

▶▶ पारा के निजी अस्पताल पर लगा आरोप, परिजन ने किया हंगामा

**अमृत विचार :** पारा क्षेत्र के मोहान रोड स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टरो की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। पीड़ित पति ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच के लिए सीएमओ को पत्र भेजा है।

पारा के सरोसा-भरोसा निवासी राहुल उर्फ छोटू की पत्नी रिंकी (25) गर्भवती थी। गत बुधवार को प्रसव पीड़ा होने पर पति मोहान रोड स्थित खुशहालगंज के एनएस हॉस्पिटल ले गया था। पति के मुताबिक, अस्पताल की डॉ. शीला गौतम ने जांच किया। डॉक्टर ने प्रसव का समय होने की बात कही और सामान्य प्रसव किए जाने की बात कहकर गर्भवती को ओटी में ले गई। वहां पर इंजेक्शन लगाए, लेकिन प्रसव नहीं हुआ। इसके बाद महिला परिजन ओटी में गई तो देखा वहां पर डॉक्टर बिना ग्लव्स पहने प्रसव कराने की कोशिश कर रहे थे। कुछ ही देर बाद महिला डॉक्टर ने हालत गंभीर बताकर उसे क्वीनमेरी रेफर कर दिया। जहां रास्ते में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि महिला की बच्चेदानी फट गई थी। इससे उसकी मौत हो गई।



महिला की मौत के बाद अस्पताल के बाहर हंगामा करते परिजन व अन्य।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल स्टॉफ ने परिजनों से मारपीट भी की। पुलिस ने शिकायत पत्र पर सीएमओ को जांच के लिए लिखा है। इंस्पेक्टर का कहना है सीएमओ ऑफिस से जांच रिपोर्ट आने बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# गोमती नगर से देहरादून के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व स्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन का 26 फरवरी को उद्घाटन हो जाएगा। इस रेलवे स्टेशन से नई ट्रेनों को चलाने के लिए भी रेलवे ने खाका तैयार किया है। देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन को जल्द मिलने की उम्मीद है। यह ट्रेन गोमती नगर रेलवे स्टेशन से देहरादून के लिए संचालित की जाएगी। इसके अलावा बिहार, बंगाल, दिल्ली, मुंबई और नॉर्थ ईस्ट के लिए भी गोमती नगर से ट्रेनों का संचालन किया जाने का प्लान तैयार किया गया है। रेलवे की इस योजना से भविष्य में यात्रियों को खासी राहत मिलेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि अब जो भी नई ट्रेनें संचालित की जाएंगी, उनका संचालन गोमती नगर रेलवे स्टेशन से ही किया जाएगा। गोमती नगर को जल्द ही एक वंदे भारत ट्रेन देहरादून के लिए मिलने की उम्मीद है। देहरादून हरिद्वार के लिए यह ट्रेन संचालित की जाएगी। वंदे भारत पहले ही मिल जाती, लेकिन अभी हरिद्वार देहरादून के दूसरे छोर पर काम चल रहा है। इसके पूरा होते ही वंदे भारत गोमती नगर से देहरादून के लिए शुरू की जाएगी। इसके अलावा कई अन्य नई ट्रेनें भी गोमती नगर रेलवे स्टेशन से संचालित की जाएंगी। बंगाल, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ ही दिल्ली और मुंबई की भीड़ को देखते हुए भी लखनऊ जंक्शन के अलावा गोमती नगर रेलवे स्टेशन से भी ट्रेनों का संचालन करने का प्लान बनाया जा रहा है। अभी हाल ही में गोमती नगर से झारखंड के गोड्डा के लिए ट्रेन सेवा शुरू की गई है।



जानकारी देते डीआरएम

▶▶ बंगाल, बिहार और नॉर्थ ईस्ट के लिए भी शुरू होगा ट्रेनों का संचालन

डीआरएम आदित्य कुमार ने बताया कि लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू किए जाने की योजना है। इसके अलावा गोमती नगर से ही जगन्नाथपुरी के लिए भी सीधी ट्रेन संचालित हो, रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि गोमती नगर रेलवे स्टेशन के आगाज के साथ ही इन ट्रेनों के संचालन का भी नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। गोमती नगर से ट्रेनों का संचालन बढ़ने से यात्रियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

# 80 फीसदी दुर्लभ बीमारियां आनुवंशिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दुनिया भर में 20 से 40 करोड़ लोग किसी एक दुर्लभ बीमारी से हैं प्रभावित

**अमृत विचार :** दुनिया में 80 फीसदी दुर्लभ बीमारियां आनुवंशिक प्रकृति की होती हैं। इसका मतलब है कि वे गुणसूत्रों या जीन में दोष के कारण होते हैं। इस समय दुनिया भर में 20 से 40 करोड़ लोग किसी एक दुर्लभ बीमारी के शिकार हैं।

संजय गांधी पीजीआई का चिकित्सा आनुवंशिकी विभाग देश में इस तरह का पहला विभाग है जो 35 वर्षों से इन बीमारियों के लिए नैदानिक सेवाएं, प्रबंधन और रोकथाम प्रदान कर रहा है। इतना ही नहीं देश के अधिकांश चिकित्सा आनुवंशिकीविदों को प्रशिक्षित भी किया है। यह जानकारी एसजीपीजीआई के आनवंशिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शुभा फड़के ने दी।

उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से शनिवार को इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के यूपी चैप्टर और लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के साथ दुर्लभ रोग दिवस - 2024 के अवसर पर दुर्लभ रोग से पीड़ित मरीज और देखभाल करने वाले डॉक्टरों के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जिसमें विशेषज्ञ दुर्लभ बीमारियों के प्रति जानकारी साझा करेंगे।

डॉ. शुभा ने बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति-2021 लांच की है और पूरे देश में सात उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए। संजय गांधी पीजीआई उनमें से एक है। उत्कृष्टता केंद्र के रूप में, सरकार ने दुर्लभ बीमारियों वाले रोगियों के इलाज के लिए संस्थान को शुरुआत में 6.4 करोड़ रुपये दिए गए थे। इस नीति के तहत, गौचर रोग और स्पाइनल मस्कुलर रोग के रोगियों को अब मुफ्त इलाज मिल रहा है।

कई अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगी जैसे विल्सन रोग, टायरोसिनेमिया, ग्रोथ हार्मोन की कमी, इम्यूनोडेफिशिएंसी विकार आदि के लिए जल्द ही मुफ्त दवाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। चिकित्सा आनुवंशिकी विभाग के पास आनुवंशिक विकारों के लिए अत्याधुनिक नैदानिक सुविधाएं हैं और यह आनुवंशिक परामर्श और प्रसव पूर्व निदान सेवाएं प्रदान करता है।

# नगर निगम ने खाली कराई 5 .61 करोड़ की भूमि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ ग्राम बरावनकलां और बिजनौर में बुलडोजर चला ध्वस्त किया निर्माण

▶▶ बिजनौर में प्रापर्टी डीलरों ने खसरा में हेर-फेर कर किया था कब्जा

**अमृत विचार :** नगर निगम ने सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र में अभियान चलाकर 5.61 करोड़ की विभागीय भूमि कब्जा मुक्त कराई। बिल्डरों ने बैनामा किसी भूमि का कराया और कब्जा दूसरे पर करके मकान खड़े कर दिए। जो बुलडोजर से पुलिस बल के साथ ध्वस्त किए गए।

शुक्रवार को नगर निगम के प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) आकाश कुमार के आदेश पर तहसीलदार संजय सिंह, नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार, लेखपाल सैफुल, अरुण गौतम, थाना दुबग्गा पुलिस के साथ ग्राम बरावनकलां पहुंचे। वहां टीम ने खसरा संख्या 1213 क्षेत्रफल .145 की जांच की तो भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार, नगर निगम की ग्राम सभा में दर्ज मिली। जबकि संबंधित भूमि पर कल्लू नाम के व्यक्ति द्वारा खेती करके कब्जा किया गया था और बास बल्ली लगाकर जमीन घेरना पाया। जो टीम ने बुलडोजर चलाकर कब्जा ध्वस्त कर दिया।

प्रभारी अधिकारी ने जमीन की कीमत 4.68 करोड़ रुपये बताई। दूसरी तरफ, तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया व नायब तहसीलदार नीरज कटियार ने लेखपाल व बिजनौर थाने की पुलिस के साथ ग्राम बिजनौर में कार्रवाई की। यहां नगर निगम की संपत्ति खसरा संख्या 1257 क्षेत्रफल .443 राजस्व अभिलेखों में ऊसर में दर्ज है। इस भूमि पर प्रापर्टी डीलरों ने खसरा संख्या 1261 से बैनामा कराकर 1275 पर कब्जा किया और अवैध रूप से मकान बना दिए। कब्जामुक्त कराई गई भूमि की कीमत 93 लाख रुपये बताई गई। जो प्रभारी अधिकारी के आदेश पर बुलडोजर चलाकर किया गया निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान लेखपाल संदीप कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, राहुल यादव, मृदुल मिश्रा, तनुज मदान, सुधांशु श्रीवास्तव रहे।


## पुष्पक विमान का निर्माण वैदिक विज्ञान की देन

**अमृत विचार, लखनऊ :** त्रेता युग में पुष्पक विमान का ध्वनिरोधी होने के साथ ही पायलट की इच्छा के अनुसार चलना वैदिक विज्ञान की देन थी। यह बातें बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एएस विद्यार्थी ने श्रीरामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी एवं श्री रामस्वरूप वैदिक विज्ञान एवं नवचार केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में कही। 'एडवांसमेंट इन नेचुरल एरा: वैदिक टू एडवांस एरा' विषयक पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर एसआरएमयू के चांसलर ई.पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. डीके समेत अन्य उपस्थित रहे। एसजेजेटीयू राजस्थान की डॉ. मधु गुप्ता ने वैदिक विज्ञान पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोफेसर बीएम दीक्षित को बधाई दिया और कहा कि छात्रों को कक्षा में ध्यान देना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### हर्ष व उल्लास से मनी संत गाडगे की 148वीं जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता के जनक संत शिरोमणि महात्मा संत गाडगे की 148वीं जयंती को हरदोई रोड स्थित निवाज़गंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, विमल चौधरी, रजत कन्नौजिया, हिमांशु कन्नौजिया, ध्यानेंद्र, शिवकुमार, कुशांक, पुनीत, अभय, प्रथम, भरत लाल, शत्रुघ्न, विनोद कन्नौजिया, नीरज चौधरी, आनंद कुमार व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष रामचंद्र ने बाबा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों को संत गाडगे की जीवनी के बारे में बताते हुए उनके कार्यों को गिनाया एवं समाज में उनके योगदान से लोगों को अवगत कराया।



महात्मा संत गाडगे

### कर्बला तालकटोरा में इमाम हसन व हुसैन की हुई ताजपोशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरत इमाम हुसैन के बेटे हजरत अली अकबर के जन्मदिन के मौके पर कर्बला तालकटोरा में शुक्रवार को हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन की ताजपोशी का कार्यक्रम किया गया। कर्बला तालकटोरा में रौजा-ए-इमाम हुसैन के सामने बनी बारगाह में ताजों को सजाकर मौलाना कल्बे जवाद ने उन पर फूल चढ़ाकर नजराना-ए-अकीदत पेश किये। कर्बला तालकटोरा के मुतवल्ली शादाब आगा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मौलाना कल्बे जवाद के अलावा मौलाना रजा हुसैन और मौलाना शबाहत हुसैन के अलावा बड़ी संख्या में शिया धर्मगुरु शामिल हुए।



कर्बला तालकटोरा में ताजपोशी करते मौलाना कल्बे जवाद।

### 16 रो हाउस व एक व्यावसायिक निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के ग्राम-पपनामऊ में बिल्डरों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाए गए 16 रो हाउस भवन लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने सील कर दिए। साथ ही जानकीपुरम विस्तार में आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से बनाया गया एक व्यावसायिक निर्माण सील किया। शुक्रवार को प्रवर्तन जोन-5 की टीम चिनहट के ग्राम-पपनामऊ, अनौरा कला पहुंची। वेदांता आश्रम के पीछे 1200-1200 वर्गफुट क्षेत्रफल के सौरव सिंह, सतपाल सिंह व अन्य द्वारा 16 रो हाउस भवन बिना मानचित्र स्वीकृति के बने मिले। जो विहित न्यायालय के आदेश पर सील कर दिए। इसके बाद टीम ने जानकीपुरम में अभियान चलाया। सेक्टर-3 में अवैध रूप से किया जा रहा व्यावसायिक निर्माण सील किया। निर्माण शैली श्रीवास्तव, निलभ, महेश कुमार व अन्य द्वारा किया जा रहा था। जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि कार्रवाई बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करने पर की गई है। कार्रवाई सहायक अभियंता एनएन चौबे के नेतृत्व में सहायक अभियंता संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस बल के साथ की।

### माघी पूर्णिमा पर 501 दीपों से जगमगा उठा गोमती तट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर माघी पूर्णिमा पर सनातन महा समागम और आदि गंगा गोमती की 122वीं महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारत में मंदिरों से धर्म व संस्कार के विस्तार को लेकर 501 दीपों को प्रज्ज्वलित कर संकल्प लिया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर सात भव्य मंचों से पूज्य अपरिमेय श्यामदास, स्वामी आनंद नारायण, हंसानन्द और देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में महाआरती हुई। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों द्वारा विभिन्न देवताओं के रूप में महाआरती के पूर्व भजन संध्या का आयोजन पंडित शिव कुमार शर्मा व उनके कलाकारों द्वारा तथा राम विवाह का भव्य मंचन अमित दीक्षित रामजी व उनके 45 कलाकारों के संयोजन में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी मुकेश शर्मा एवं आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह प्रशांत भाटिया उपस्थित रहे।

### ...जब डालीगंज बाजार से गुजरी पांच दूल्हों की बरात

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज के मानस मंदिर में राधा सखी परिवार समिति की ओर से तीसरा कन्यादान उत्सव आयोजित किया गया। शुक्रवार को हुए इस आयोजन में पांच कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया गया। डालीगंज बाजार से आज पांच दूल्हों की बरात एक साथ गुजरी। घोड़ों पर सवार दूल्हों पर लोग पुष्प वर्षा करते देखे गए। दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने वालों में गुरु मां अपर्णा नेवटिया, विधायक डॉ. नीरज बोरा, समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, अनिल कुमार जैन, भारत भूषण गुप्ता और घनश्याम दास अग्रवाल शामिल रहे। इस मौके पर राधा सखी परिवार की अंजली बंसल, उर्मिला अग्रवाल, गीता गुप्ता, सुनीता शर्मा, कविता, निरुपमा, उषा अग्रवाल, अंजली बंसल समेत अन्य मौजूद रहे।

# दो दिन बाद लखनऊ को गोमती नगर स्टेशन की सौगात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का ड्रीम प्रोजेक्ट जल्द ही साकार हो जाएगा। रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी।

26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इसके बाद इस स्टेशन पर यात्रियों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस स्टेशन के पहले फेज का काम पूरा हो चुका है। दूसरे फेज का काम जारी रहेगा जो करीब आठ माह तक चलेगा। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने दी। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि आरएलडी ने इस रेलवे स्टेशन को तैयार किया है जो बेहद शानदार है। इस स्टेशन पर यात्रियों को एयरपोर्ट जैसा अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 554 अमृत भारत स्टेशनों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें लखनऊ मंडल के भी 14 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। 13 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास होगा जबकि गोमती नगर रेलवे स्टेशन बनकर तैयार हो गया तो इसका लोकार्पण भी प्रधानमंत्री करेंगे। लखनऊ की बात की जाए तो यहां पर तीन स्टेशनों का शिलान्यास और लोकार्पण होगा, जिनमें डालीगंज और सिटी स्टेशन का शिलान्यास होगा। 1500 से ज्यादा रोड ओवर ब्रिज का लोकार्पण होगा।

उन्होंने बताया कि गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री क्षमता 40,000 है। लखनऊ में गोमती नगर, लखनऊ सिटी और डालीगंज पर अमृत भारत स्टेशन के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री सभी का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है स्टेशन

उत्तर प्रदेश का सबसे मॉडर्न रेलवे स्टेशन गोमती नगर स्टेशन तैयार किया जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस स्टेशन पर एयरपोर्ट और मेट्रो की तरह ही एस्केलेटर की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। 21 एस्केलेटर और 26 लिफ्ट इस रेलवे स्टेशन पर लगाई गई हैं। पूरा कैंपस वातानुकूलित है। स्टेशन के निर्माण पर 385 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। रेलवे डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारी बताते हैं कि इस रेलवे स्टेशन पर 177 दुकानें बनाई गई है। अधिकांश दुकानों का आवंटन हो चुका है। कुछ ही दुकाने बची हैं। माल और फूड कोर्ट की सुविधा भी यात्रियों में खास आकर्षण का केंद्र होगी। इस रेलवे स्टेशन पर 6 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। कोनकोर्स का एरिया 28 मीटर चौड़ा है। कोनकोर्स को सभी प्लेटफार्म से जोड़ा गया है। 458 मीटर का फ्लाईओवर इस स्टेशन पर पहुंचने के लिए बनाया गया है। यहां से यात्री सीधे प्रथम तल पर पहुंच सकेंगे। टिकट काउंटर भी इसी स्टेशन पर बनाया गया है। कोनकोर्स के लिए कनेक्टिविटी है, बाहर निकलने के लिए फुट ओवर ब्रिज भी यहीं से कनेक्ट किया गया है।




गोमतीनगर के एक कैफे में फिल्म संदेह के पोस्टर लॉच के मौके पर निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव, लेखिका श्वेता श्रीवास्तव, फिल्म निर्देशक अयाज खान व अन्य कलाकार।

## युवाओं को सही राह दिखाएगी फिल्म संदेह

**अमृत विचार, लखनऊ :** इम्पल्स सिने इंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म संदेह आगामी 1 मार्च को देश भर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज होगी। फिल्म निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने शुक्रवार को एक कैफे में पत्रकारों को बताया कि युवाओं के संघर्ष को रेखांकित करने वाली यह फिल्म रहस्य, रोमांच और मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश करती नजर आयेगी। फिल्म संदेह की लेखिका श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि यह फिल्म बदलते सामाजिक परिवेश में भटकाव के रास्ते पर बढ़ जाने वाले युवाओं की तस्वीर दिखाएगी। वह गलत रास्ते से कैसे वापस लौटता है यह इस फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के निर्देशक अयाज खान ने बताया कि यह फिल्म लखनऊ, सीतापुर और नैनीताल में शूट की गई है। फिल्म के नायक पवन विक्रम ने बताया कि फिल्म संदेह युवाओं को सही रास्ता दिखाने का काम करेगी।

# सही दिशा में नहीं था कैमरा, प्रबंधक को फटकार

## यूपी बोर्ड परीक्षा : डीआईओएस ने प्रबंधक को भेजा नोटिस, सचल दल केंद्रों पर चेक करेंगे कैमरे

**▸▸ राजधानी में दूसरे दिन 500 परीक्षार्थी अनुपस्थित**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन एक प्रबंधक व प्रधानाचार्य को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने नोटिस दिया। साथ ही कैमरे की व्यवस्था को सही रखने का निर्देश दिया है। सचल दल को केंद्रों पर लगे कैमरों पर भी निगरानी करने को कहा है।

डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि माल ब्लाक में महेश सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। निरीक्षण में मिला कि कैमरा परीक्षार्थी की तरफ न होकर दूसरी तरफ था। शिकायत मिलते ही नोटिस जारी करते हुए अंतिम चेतावनी दी गई है। केन्द्र पर परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरे सही दिशा में नहीं पाये जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने सभी 6 सचल दलों को सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था को नियमित चेक करने का निर्देश दिया है।

**दूसरे दिन 493 ने छोड़ी परीक्षा :** बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को दोनों पालियों में कुल 493 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में हाईस्कूल की अरबी, फारसी और इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र की परीक्षा थी। पहली पाली में सचल दलों की ओर से 25 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। डीआईओएस ने बताया कि प्रथम पाली में 7843 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 422 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में हाईस्कूल संगीत गायन व इंटरमीडिएट की सामान्य व्यावसायिक वर्ग विषय की परीक्षा था। इस पाली में कुल 71 ने परीक्षा छोड़ी है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक दीपक कुमार ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम पहुंचकर परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था देखी। उनके साथ बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव व अपर शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।



पेपर मिल कॉलोनी स्थित एमकेएसडी इंटर कॉलेज से संगीत गायन की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में एक अनुपस्थित

जिला विद्यालय निरीक्षक ने संस्कृत परिषद की ओर से संचालित बोर्ड के परीक्षा केन्द्र का भी निरीक्षण किया। संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षा का एक केन्द्र बनाया गया है। विद्यान्त हिन्दू इण्टर कालेज में निरीक्षण के दौरान कुल 26 परीक्षार्थी में एक अनुपस्थित रहा।

# क्यू क्लब में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में संचालित क्यू-क्लब द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

लविवि में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मुकुल चंद्रा द्वारा 60 से अधिक छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में आये छात्र-छात्राओं का ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की निःशुल्क जांच हुई। डॉ. चंद्रा बताते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, इसलिए छात्रों का स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है। बता दें कि क्यू क्लब के अंतर्गत समय-समय पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा पहले भी शिविर लगाकर विवि के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क परामर्श प्रदान किये जाते रहे हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान समाज कार्य विभाग के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

# परीक्षार्थी थे नकल के जुगाड़ में

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार विशेष

**▸▸ सर्वाधिक छात्र प्राइवेट फार्म भरने वाले: सचिव**

**अमृत विचार:** प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन कुल 3,61,511 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन 3,33,541 और दूसरे दिन 28 हजार छात्र परीक्षा छोड़ने वालों में शामिल हैं। इस बारे में अमृत विचार से विशेष बातचीत में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने कहा कि सभी नकल के जुगाड़ में थे। इन छात्रों की कुंडली खंगाली जा रही है कि किन स्थानों से फार्म भरा है।

सचिव ने कहा कि सर्वाधिक छात्र प्राइवेट फार्म भरने वाले हैं। इन सभी ने सोचा होगा कि परीक्षा की शुरूआत में नकल का जुगाड़ हो गया तो ठीक नहीं छोड़ देंगे। अनुपस्थित परीक्षार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या बांदा, बलिया, गोंडा, देवरिया जैसे है जनपदों की है। जबकि लखनऊ से 4500 ने परीक्षा छोड़ी है।

**बोर्ड परीक्षा के बाद हो सकता है एक्शन:** यूपी बोर्ड ऐसे परीक्षार्थियों पर कार्रवाई कर सकता है। शुक्रवार को बातचीत में अधिकारियों ने बताया कि पूरे प्रदेश में आनलाइन निगरानी कई चरणों में की जा रही है। चार स्तर पर निगरानी के कारण नकल के जुगाड़ में फॉर्म भरने वाले परीक्षा छोड़ रहे हैं। ऐसे परीक्षार्थियों और फार्म भराने वाले संस्थानों पर कार्रवाई हो सकती है।

> परीक्षा में नकल की गुंजाइश नहीं है। नकल माफियाओं का कोई जुगाड़ नहीं चलेगा। सख्ती के बीच दो दिनों की परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों का जो आकड़ा चौंकाने वाला है। परीक्षा के बाद इसके पीछे कौन जिम्मेदार है। इसकी जांच कराई जाएगी।
>
> –दिब्यकांत शुक्ला, परिषद सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# नायब तहसीलदार ने चेक की प्रश्नपत्रों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ रात में परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड दसवीं व बारहवीं की परीक्षा के साथ-साथ केन्द्रों पर रखे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था का भी लगातार जायजा लिया जा रहा है। इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य विभागों के भी अधिकारियों की टीम लगी हुई है। शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा केन्द्र बने मुरारी लाल इंटर कॉलेज का रात्रि में औचक निरीक्षण करने के लिए सदर नायब तहसीलदार विजय लक्ष्मी तिवारी मौके पर मौके पर पहुंच गई।

इस दौरान उन्होंने केन्द्र पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के अलावा यहां लगे सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था को परखा। इसके साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम में लगे ताले को चेक किया। इस दौरान सीसी टीवी कैमरा लगातार चालू रखने के निर्देश दिए गये। रात्रि के निरीक्षण दौरान किसी भी प्रकार से प्रश्नपत्रों के रखरखाव में कोई कमी नहीं पाई गई है।

### एबीवीपी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों की छात्रवृत्ति समस्या को लेकर एबीवीपी की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें छात्रों ने हस्ताक्षर कर आंदोलन को समर्थन दिया। विश्वविद्यालय इकाई के मंत्री जतिन शुक्ला ने कहा कि जब तक प्रत्येक छात्र का फॉर्म फॉरवर्ड नहीं हो जायेगा, तब तक छात्रवृत्ति को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर एबीवीपी लखनऊ इकाई उपाध्यक्ष रिशेंद्र प्रताप सिंह, सहमंत्री लक्ष्य दुबे, वैभव पांडेय,अभिषेक सिंह, क्षमा श्रीवास्तव, विकास मिश्रा, दीपांशु सहित कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# ज्योतिष के सहारे निकलेंगे विकारों के हल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में ज्योतिष के सहारे तमाम विकारों के हल निकलेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शनिवार से शुरू होकर तीन दिनों तक चलेगा। इसमें देश - विदेश के मूर्धन्य ज्योतिषी भाग लेंगे। इसको लेकर विवि के निदेशक ने एक दिन पूर्व बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।



सेमिनार को लेकर बैठक करते केन्द्रीय संस्कृत विवि के निदेशक व अन्य। अमृत विचार

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार में आने वाले मूर्धन्य ज्योतिषियों में विदेशी भी होंगे। विवि के निदेशक प्रोफेसर सर्वनारायण झा ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में सात विषय सम्मिलित किये गए हैं। इसमें सूर्य सिद्धांत, रोग विचार, हृदयरोग, विवाह विलंब, कैंसर रोग, ज्योतिष शास्त्र सहित अन्य विषय शामिल हैं। इसको लेकर विवि के कुलपति प्रो. झा ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एक बैठक की। जिसमें सभी विभागीय आचार्य सम्मिलित हुए।

**▸▸ सेमिनार में देश- विदेश के मूर्धन्य होंगे सम्मलित, साझा होंगे विचार**

**अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में इनकी रहेगी मुख्य भूमिका:** कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास सवरखेडी करेंगे। विशिष्ट अतिथि की भूमिका में उत्तराखण्ड संस्कृत विवि के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी रहेंगे। कार्यक्रम में संस्कृत विवि काठमाण्डू नेपाल के प्रो. श्रीकृष्ण अधिकारी, देव प्रयाग के श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर के निदेशक प्रो. पी वि बी सुब्रह्मण्यम उपस्थित रहेंगे।

# सीएमएस छात्रा को स्कॉलरशिप मिली

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल,गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा आकृति सम्यक को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित कैलीफोर्निया कालेज ऑफ आर्ट्स द्वारा 92 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली है। आकृति को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आकृति की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## सार-संक्षेप

### परीक्षा कक्षों का कुलपति ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विषम अधिसत्र की परीक्षाएं संचालित की जा रही है। शुक्रवार को इन परीक्षाओं का हाल जानने के लिए कार्यवाहक कुलपति ने परीक्षा कक्षों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षकों से तमाम से सवाल-जवाब भी हुए। पुनर्वास विवि में आयोजित हो रहीं परीक्षाओं का हाल जानने के लिए कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा ने परीक्षा कक्षों का औचक निरीक्षण किया। ऐसे में उन्होंने परीक्षकों से सीटिंग प्लान और तमाम सी जानकारियां। कुछ जरूरी निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान कुलसचिव रोहित सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय, कुलानुशासक प्रो. सीके दीक्षित सहित अन्य उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि प्रथम पाली में 209 एवं द्वितीय पाली में 248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 26 मार्च से संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं भी आरंभ होंगी।

### पोस्टर लांच कर नेशनल लॉ फेस्ट का आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एडी आर ड्राफ्टिंग एण्ड लिटरेरी सोसाइटी द्वारा द्वितीय नेशनल लॉ फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण किया। बताते हैं कि त्रिदिवसीय इस कार्यक्रम में निगोसिएशन, क्लाइंट काउंसलिंग, डिबेट, क्विज एवं आर्टिकल राईटिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जाएंगी। प्रो. डॉ. हरिश्चंद्र राम ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, विधि कॉलेजों से जुड़ी 150 से अधिक टीमें भाग लेंगी। पोस्टर अनावरण के दौरान विधि संकाय के प्रो. डॉ सतीश पांडेय, डॉ. मृणालिनी, प्रो. डॉ. आनंद विश्वकर्मा, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, प्रो. डॉ एके सोनकर, समिति संयोजक अंकित राय, अंजनय सिंह, अंकुर यादव, राहुल कुमार एवं विराट दीक्षित उपस्थित रहे।

### मंथन से निकला सार, होंगे बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में विशेषज्ञों की राय और शोधार्थियों के शोधों के संयुक्त मंथन हुए। ऐसे में दस विषयों को सारगर्भित करते हुए आधार बनाया गया। पुनर्वास विवि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अमेरिका के पर्किन्स स्कूल फॉर द ब्लाइंड ने भी भाग लिया था। जिसमें बहुदिव्यांग बच्चों के लिए सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना, आवश्यकता, चुनौतियां और अवसर पर विचार प्रस्तुत किये गए। शोधार्थियों ने अपने शोध भी साझा किये। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय शंकर शर्मा, अखिल पॉल, डॉ. नंदनी रावल, प्रो. श्रीराम मित्तल, प्रो. सुजाता भान, सम्पदा शेवड़े,प्रो. संगीता और शोधार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

### एमिटी की राष्ट्रीय संगोष्ठी में सामाजिक जीवन पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लिबरल आर्ट्स (एआईएलए), एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ कैंपस द्वारा इम्पैक्ट ऑफ बिलीफ एण्ड कल्चर ऑन कंटेम्पेररी पॉलिटिकल एण्ड सोशल लाइफ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रो. डॉ. रोहित कुशवाहा ने शैक्षणिक संगोष्ठियों की प्रासंगिकता के बारे में बताया। प्रो. एस विक्टर बाबू ने युवाओं के वैचारिक विकास पर शिक्षा की भूमिका पर चर्चा की। संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### नियुक्तियों को लेकर उठे सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नव नियुक्तियों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इसको लेकर कुलपति को पत्र लिखा गया है। जिसमें फारसी विभाग में अस्थाई गेस्ट लेक्चरर की नियुक्तियों में घालमेल किये जाने का दावा किया गया है। आरोप है कि अस्थाई नियुक्तियों में बड़े खेल हो रहे हैं। साक्षात्कार में प्रस्तावित एक्सपर्ट को लेकर मनमानी की जा रही है। उधर, बंद लिफाफे से जुड़े कुछ अन्य भी सवाल उठाए हैं। नियुक्ति, प्रोन्नत को लेकर विवि से जुड़े प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र प्रेषण किया गया है।

# लविवि की पीएचडी परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 41 विषयों की 974 सीटों के लिए 7200 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

**▸▸ दो पालियों में संपन्न होगी दो दिवसीय परीक्षा**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय पीएचडी परीक्षा के लिए तैयार हो गया है। शनिवार सुबह से दो पालियों में आयोजित परीक्षा में 7200 अभ्यर्थी शामिल होंगे। दो दिवसीय परीक्षाओं में 41 विषयों से जुड़े प्रश्नों को प्रश्नपत्र में पूछा जाएगा।

शनिवार और रविवार को पीएचडी परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय की जानकीपुरम शाखा में आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्रों का प्रारूप बहुविकल्पीय रखा गया है। रिसर्च आधारित और रिसर्च मैथेडोलाजी से जुड़े कुल 70 प्रश्नों में हर प्रश्न एक अंक का रहेगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर का कहना है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा आरंभ होने से आधा घण्टे पहले पहुंचना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग को न्यूनतम 35 और आरक्षित वर्ग वाले अभ्यर्थियों को 33 अंक लाना अनिवार्य है। 41 विषयों से जुड़े प्रश्न पत्र को हल करने के लिए 7200 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

**शैक्षिक आरक्षण के लिए अभिलेखों का लाना अनिवार्य:** परीक्षा देने वाले आरक्षित वर्ग से जुड़े अभ्यर्थियों को शैक्षिक आरक्षण से जुड़े अभिलेख लाना अनिवार्य है। इसमे पीएच, एफएफ और डीपी के क्षैतिक आरक्षण को लेकर विभागीय जांच की जाएगी। उसी के आधार पर उन्हें आरक्षण मिलेगा।

### याद किए गए संत गाडगे

अमृत विचार, लखनऊ, : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विवि में स्थायी आयोजन समिति और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संत गाडगे जयंती के अवसर पर संत गाडगे का भारतीय समाज एवं संस्कृति में योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लुम्बा ने देखी विकसित भारत की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**▸▸ वक्ताओं ने साझा किये अनुभव सफल उद्यम पर रहा फोकस**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आईआईएम लखनऊ के इनक्यूबेशन सेंटर और भारतीय रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के सहयोग से फिनटेक फ्यूचरप्रेन्यर बूटकैंप का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वित्त और प्रौद्योगिकी के अभिसरण पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर छात्रों ने उद्यमिता के क्षेत्र में सफलता के मूलमंत्र सीखते हुए विकसित भारत की तस्वीर भी देखी।

लविवि विकसित भारत@2047 की दिशा में माहौल तैयार कर रहा है। ऐसे में फिनटेक फ्यूचरप्रेन्यर बूटकैंप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रो. संगीता साहू ने विकास के मुद्दे पर बल देते हुए विकसित भारत की तस्वीर साझा की।

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए खुद का बिजनेस और नया अवसर बनाने पर बल दिया गया। रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के सीईओ राजेश बंसल ने ड्रीम बिग, थिंक बिग का मूलमंत्र दिया। आईआईएम के प्रो. अनादि एस पांडे ने छात्रों को स्टार्टअप में आने के लिए प्रेरित किया। रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के आयोजक आकर्ष नायडू ने कहा कि फिंटेक के माध्यमों को विस्तार दिया। यामिनी भूषण पांडे ने छात्रों को जहां चाह वहां राह का मूलमंत्र समझाया।


**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.**

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Electrical Zone- 4) (North West Zone) Bareilly, and (N.Z.) Dehradun, invites, online percentage rate bids in two bid system for-

01- NIT No-185/ PM(E)/HCEU/H.C.Solar Tender /RNN/2024 Dated 19-02-2024 e-tender Construction of Design, Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of Grid Connected Roof Top Solar Power Plant at New High Court Campus Gomti Nagar Lucknow.

02- NIT No-1124/APM/EU-KNP/E-Tender/RNN/ 2023-24 Dated 19-02-2024, Construction of Substation work for Electrical Connection of ICJM Building CSJM University Kanpur.

03-NIT No-352/MCSPN/Nursing College/GMB//RNN/ 2023-24 Dated 16-02-2024, Construction of Nursing College at Govt Medical College Campus at District Shahjahpur.

04- NIT No-685/D-11/(GM(NZ))/Tender/Multi hail Nakur/RNN/2024 Dated 20-02-2024, Construction of Multipurpose Hall & Boundary Wall at Mini Stadium in Nakur District Saharanpur.

05- NIT No-360/MCSPN/GMB/RNN/2023-24 Dated 17-02-2024, Construction of Aliied 100 Bedded Hospital and other works of Govt. Allopathic Medical College at District Shahjahpur (Balance works) under EPC Mode-3. Last date of submission of offers upto 5:00 PM on Dated 11-03-2024 (SI-1), upto 2:30 PM on Dated 12-03-2024 (SI-2), upto 2:00 PM on Dated 09-03-2024 (SI-3), upto 2:00 PM on Dated 05-03- 2024 (SI-4), upto 2:00 PM on Dated 06-03-2024 (SI-5) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **राहुल कुमार पुत्र बराती लाल, निवासी– ग्राम– कुंदेरामपुर अमौली, फतेहपुर** है।जिनका पॉलिसी संख्या– 2055 75134 जो की वास्तव में खो गया है यह पॉलिसी न हीं कहीं बंधक है और न ही किसी अन्य प्रकार से उपयोग में लाई गई है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **फूलचन्द्र पुत्र रामप्रताप, निवासी– पूरे खैरी मजरे झकरासी थाना भदोखर जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र उमेश शराबी किस्म का व्यक्ति है जो मेरा व मेरे परिवार में आये दिन लड़ाई–झगड़ा व मारपीट करता है किसी दिन कोई अप्रिय घटना न कारित कर दे इसलिए अपने पुत्र उमेश को अपने पारिवारिक जिम्मेदारी से मुक्त करता हूँ तथा अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि कोई भी कानूनी व विधिक भूल उमेश करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

**सूचना**

मैं कलई पुत्र दूबर निवासी ग्राम सीयर कला पोस्ट तिघरा तहसील धनघटा जनपद संतकबीर नगर अपने चौथे पुत्र जुगुल के कृत्यों से आजिज आकर उसे आज दिनांक 6.2.2024 से अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसके किसी भी कृत्य या लेन–देन का उत्तर दायित्व मेरा नहीं होगा।

**कलई पुत्र दूबर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र महताब कुछ गलत कृत्य करने वाले लोगों की संगत में आ गया है, जिससे उसका चाल–चलन बिगड़ गया है और वह मेरे कहने–सुनने में नहीं है। उसे मैं अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। अपने किसी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। **–शब्बीर पुत्र हबीब निवासी–खतमसराय शंकरपुर, थाना छावनी जिला– बस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 1646150 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक 1234028 है के कागजात वास्तव में खो गए हैं। **कु0 किरन देवी पुत्री रामनरेश निवासिनी ग्राम जल्लापुर पोस्ट गौर तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात।**

**निविदा सूचना**

भारत सरकार से आच्छादित पी0एम0 श्री विद्यालय छितौनी रुपईडीह गोण्डा में बाल–वाटिका निर्माण कार्य के संबंध में इच्छुक फर्म जो विभागीय मानकानुसार संपूर्ण कार्य कर सकती हो दिनांक 28 फरवरी 2024 तक निविदा विद्यालय प्रबंधन समिति से प्राप्त करके उक्त तिथि तक जमा कर सकती हैं।

**विद्यालय प्रबंधन समिति**

**छितौनी रुपईडीह गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मैकू पुत्र चांदिका, निवासी– ग्राम पचौरी, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ** मेरा पुत्र दीवान चन्द्र नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है जो आये दिन स्मैक दारू, शराब गांजा आदि पीता है और नशे में धुत होकर मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को बुरी तरह से मारता पीटता है वह किसी भी समय मेरी जान ले सकता है। मै अपने पुत्र की यातनाओं से पूरी तरह से असंतुष्ट रहता है और अपनी जान बचाने हेतु इधर नाते रिश्तेदारों के यहाँ गुजर बसर कर रहा है। अपने पुत्र की यातनाओं से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र दीवान चन्द्र को बेदखल कर रहा है।

**यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0**

कार्यालय : परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई–14

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) CIN: U150UP1976SGC004285

इन्द्रपुरी, नियर पुलिस चौकी, भोला खेड़ा, लखनऊ–226 023 Email: uppcl.pm14@gmail.com pm14@upprojects.org, Website: https://upprojects.upsdc.gov.in GSTIN: 09AAACU3393F1Z8

ISO 9001 : 2015

पत्रांक: 2347 / पी0सी0एल0 / परि0 प्र0–14 / दिनांक: 22.02.2024

**अति अल्प कालीन ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा इस इकाई के अन्तर्गत BALANCE WORK FOR CONSTRUCTION OF 100 BEDED GIRLS HOSTAL AT K.G.B.V. GANESHPUR BLOCK-RAMNAGAR, DISTRICT-BARABANKI कार्य हेतु निविदा सूचना संख्या–45 / यू0पी0पी0सी0एल0 / प्ररि0प्रब0–14 / 2023–24 दिनांक 22.02.2024 द्वारा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदाएं आंमत्रित की जाती है। उक्त कार्य की बिड् दिनांक 23.02.2024 से दिनांक 29.02.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट की जा सकती है तथा तकनीकी बिड् उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना, निविदा प्रपत्र, निविदा शर्ते एवं ऑनलाइन निविदा अपलोड किये जाने व डाउनलोड किये जाने की तिथि आदि का समस्त विवरण www.upprojects.org एवं http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**परियोजना प्रबन्धक**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी**

जनसाधारण की सूचना के लिये अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के **गोण्डा कचहरी–करनैलगंज** सेक्शन की विद्युतीकृत तीसरी लाइन पर 25000 वोल्ट ए.सी. विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिये सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट उँचाई पर गेजें लगाई गई है ताकि बहुत अधिक उँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके।

जनसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिये उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

**अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है: (1)** ऊँचाई गेज के लिये खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। **(2)** वाहन पर ले जाई जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। **(3)** चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर / निर्माण

मुजाधि / विद्युत–278 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2612639, ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 372/मु0अ0/23-24 दिनांक: 22.02.2024

**ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा **दिनांक 29-02-2024** को द्वि-लिफाफा पद्धति पर 01 कार्य हेतु ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0 एस0 / एन0ई0एफ0टी0 / इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा **दिनांक 29-02-2024 को अपराह्न 15.00 बजे तक** ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें **दिनांक 29-02-2024 को 16.00 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है। अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य अभियन्ता**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** विजया VIJAYA देना DENA

**वृन्दावन शाखा, लखनऊ**

स्कैन करें– नियम व शर्तों के विवरण के लिए

**चल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुर्गत- IV-A [ नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें ]**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एततद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल सम्पत्ति / बंधक / प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **"जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी / जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई–नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है–

**ई–नीलामी की तिथि 26.03.2024** | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 22.03.2024 सायं 04.00 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋणी का नाम एवं पता | सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | आरक्षित धनराशि / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोत्तरी राशि | कब्जा की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक) | वाहन निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी: अनिल कुमार गिरि, 594घ / 327 भगवंत नगर, निलमथा कैंट, लखनऊ, 226002 जमानतकर्ता: दिनेश कुमार पाण्डेय, पता: मकान सं. 1 दुर्गापुरी कॉलोनी, निलमथा, लखनऊ। | Registration No: UP32JN0355 Engine No: Z2170626HLUX0381 Chassis No: MA6BFBC2HHT004450 Model: General Motors India Pvt. Ltd. (Chevrolet Beat LTZ) | रू. 3,63,531.33 + ब्याज + अन्य शुल्क दिनांक 23.02.2024 से प्रभावी | 26.03.2024 दोपहर 02.00 बजे से 06.00 बजे | रू0 1,32,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 13,200/- (अग्रिम धनराशि) रू0 2,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि) | भौतिक | 21.03.2024 समय 10.00 AM से 04.00 PM |
| 2. | ऋणी: सौम्या खरे, मकान सं. 399 सरजू बिल्डिंग मोती नगर लखनऊ–226004 | Registration No: UP32KE5261 Engine No: G3HAJM578837 Chassis No: MALA251ALJM625959 Model: Hyundai EON ERA+ | रू. 3,63,492.35 + ब्याज + अन्य शुल्क दिनांक 23.02.2024 से प्रभावी | 26.03.2024 दोपहर 02.00 बजे से 06.00 बजे | रू0 95,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 9,500/- (अग्रिम धनराशि) रू0 2,000/- (न्यूनतम बिड बढोत्तरी राशि) | भौतिक | 21.03.2024 समय 10.00 AM से 04.00 PM |

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें– **https://bob.auctiontiger.net & https://ibapi.in** तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल नं. **7565008686** से सम्पर्क करें।

दिनांक: 24.02.2024 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## एक नजर

### भारतीय चित्रकला का सच विषयक व्याख्यान आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन संस्कृति मंच की ओर से शनिवार 24 फरवरी को गांधी भवन के करन भाई सभागार में भारतीय चित्रकला का सच विषय पर प्रसिद्ध चित्रकार व कला समीक्षक अशोक भौमिक का व्याख्यान होगा। यह कार्यक्रम अनिल सिन्हा स्मृति दिवस पर उनकी याद को समर्पित है। इसकी अध्यक्षता कलाकार धर्मेन्द्र कुमार करेंगे। जसम अपने इस वार्षिक जलसे में लेनिन पुस्तक केन्द्र की शुरुआत भी करेगा। यह प्रगतिशील व जनवादी साहित्य का घूमता-फिरता बुक स्टाल होगा।

### 8 मार्च को धूमधाम से शुरू होगा श्याम निशानोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल की ओर से तिलक नगर ऐशबाग के महाराजा अग्रसेन पार्क में 41वां श्याम निशानोत्सव का आयोजन किया जायेगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में 8 व 9 मार्च को खाटू श्याम के भाव दर्शन और भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा जबकि 10 मार्च को श्याम सतरंगी ध्वजा यात्रा निकाली जायेगी। शहनाई सांवरे की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में फतेहाबाद की पलविंदर पलक, कोलकाता के संजय शर्मा, दिल्ली के शीतल पाण्डेय और कानपुर के मास्टर तरंग अपने भजनों के माध्यम से खाटू श्याम की महिला का बखान करेंगे। बाबा का दरबार भव्य पंडाल में बनाया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुपम ने बताया कि 10 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे कार्यक्रम स्थल से सतरंगी ध्वजा शोभा यात्रा निकाली जायेगी। आगामी 13 मार्च को एसी स्लीपर बस के जरिये श्याम भक्त खाटू धाम के लिए रवाना होंगे।

# लखनऊ के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

## 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जोन के खिलाड़ियों ने 71वीं उत्तर प्रदेश वार्षिक एथलेटिक्स कलस्टर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के सचिन कुमार ने पुरुष वर्ग के 110 मीटर बाधा दौड़ में, महिला वर्ग में रश्मि ने पोलवाल्ट में और बीनू मौर्य ने 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में 4 गुणे 100 मीटर रिले दौड़ और 4 गुणे मीटर 400 मीटर रिले दौड़ में लखनऊ जोन की टीम चैंपियन बनी। 4 गुणे 100 मीटर में नीशू मांगट, निशा, विभा तिवारी और रश्मि ने स्वर्ण पदक जीता। 4 गुणे 400 मीटर रिले दौड़ में नीशू मांगट, शिखा, बीनू मौर्य और पल्लवी त्यागी मौजूद रही। प्रतियोगिता का समापन शनिवार होगा। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार पुरस्कृत करेंगे।

**महिला वर्ग की खिलाड़ियों के परिणाम :** पोलवाल्ट-रश्मि (लखनऊ जोन)- स्वर्ण, 3000 मीटर स्टीपल चेज- सरिता शर्मा (मेरठ जोन)-स्वर्ण, अर्चना (आगरा जोन)-रजत, पवित्रा (बरेली जोन)-कांस्य, 100 मीटर बाधा दौड़- बीनू मौर्य (लखनऊ जोन)-स्वर्ण, सोनिया (आगरा जोन)-रजत, ज्योति (कानपुर जोन)-कांस्य, 100 मीटर दौड़-कुमारी योगेश (मेरठ जोन)-स्वर्ण, शिखा सिंह (लखनऊ जोन)- रजत, अर्चना चौधरी (बरेली जोन)-कांस्य, हेप्टाथलान - विभा तिवारी (लखनऊ जोन)-स्वर्ण, कल्पना (लखनऊ जोन)-रजत, साक्षी (बरेली जोन)-कांस्य, 4 गुणे 100 मीटर रिले - लखनऊ जोन- स्वर्ण, मेरठ जोन- रजत, बरेली जोन- कांस्य , 4 गुणे 400 मीटर रिले -लखनऊ जोन-स्वर्ण, आगरा जोन- रजत, मेरठ जोन- कांस्य।



खो- खो प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में पीएसी मध्य जोन की विजेता टीम। अमृत विचार

### स्पर्धाओं के परिणाम

- **मैराथन दौड़ –** राजू यादव (वाराणसी जोन)– स्वर्ण, संजू कुमार (पीएसी पश्चिमी जोन)– रजत , शिवराज (लखनऊ जोन)–कांस्य
- **3000 मीटर स्टीपल चेज–** सुरजीत (प्रयागराज जोन) –स्वर्ण, नरेश (मेरठ जोन) –रजत, श्रीकृष्ण (पीएसी पश्चिमी जोन)–कांस्य
- **110 मीटर बाधा दौड़–** सचिन कुमार (लखनऊ जोन)–स्वर्ण, भीम सिंह (वाराणसी जोन)–रजत, भूपेंद्र सिंह (मेरठ जोन), भूपेंद्र सिंह (मेरठ जोन)–कांस्य
- **100 मीटर दौड़–** आलोक कुमार थारू( पीएसी मध्य जोन)–स्वर्ण, अरुण कुमार (पीएसी पूर्वी जोन)–रजत, अर्जुन सिंह (पीएसी पश्चिमी जोन)–कांस्य
- **800 मीटर दौड़–** नीते राजौरा (बरेली जोन)–स्वर्ण, कुरैश रजा (पीएसी पश्चिमी जोन)–रजत, प्रवीण कुमार (पीएसी पश्चिमी जोन)–कांस्य
- **ऊंची कूद–** विष्णु (मेरठ जोन)– स्वर्ण, सुरजीत (पीएसी मध्य जोन)– रजत, विकास कुमार यादव (पीएसी पूर्वी जोन)–कांस्य
- **4 गुणे 100 मीटर रिले दौड़–** पीएसी पश्चिमी जोन–स्वर्ण, पीएसी पूर्वी जोन–रजत, मेरठ जोन –कांस्य
- **खो–खो प्रतियोगिता–** पीएसी मध्य जोन– स्वर्ण, पीएसी पूर्वी जोन– रजत, पीएसी पश्चिमी जोन– कांस्य

# दिल्ली के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल्ली की खिलाड़ियों ने प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग फेज 2 के तीसरे दिन तीन स्वर्ण पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। केंद्रीय खेल व युवा कल्याण मंत्रालय, खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित लीग में मुकाबलों में शुक्रवार को चंडीगढ़ ने दो स्वर्ण पदक जीते। गुजरात, उत्तराखंड और सीआरपीएफ ने एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी कोई स्वर्ण पदक नहीं जीत सके, लेकिन नव्या सिंह ने रजत, खुशी कुमारी, आयुषी कुशवाहा, मीनू कुमारी और तुलसी यादव ने कांस्य पदक जीतकर मेजबान का खाता खोला। मुकाबलों में उत्तराखंड की पूर्णिमा उपाध्याय, दिल्ली की वंशिका सिंघल, स्नेहा साहू, काजल चौधरी, गुजरात की सिया परमार, चंडीगढ़ की रक्षा चाहर व इतिशा दास ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। आज खेले गए मुकाबलों में संजय सारस्वत (सेवानिवृत्त उप महानिदेशक, वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण) और अरुण लाल (सहायक निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ) ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार भी मौजूद रहे।




विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के दौरान संघ के पदाधिकारी।

**मेजबान के लिए नव्या सिंह ने जीता रजत, खुशी, आयुषी, मीनू व तुलसी को कांस्य पदक**

## बरेली जोन बना ओवरऑल चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश की देखरेख में आयोजित किए गए तीन दिवसीय सीनियर वर्ग की ग्रामीण खेल लीग का समापन समारोह शुक्रवार को हुआ। इस प्रतियागिता में बरेली जोन को ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फुटबाल के महिला वर्ग में वाराणसी जोन चैंपियन और मेरठ जोन उपविजेता बना। पुरुष वर्ग में बरेली जोन चैंपियन और गोरखपुर जोन उपविजेता रहा। अंतिम दिन बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई बैडमिंटन की स्पर्धा में आगरा जोन के पुनीत हिरानी चैंपियन बने। उन्होंने लखनऊ जोन के ईश्वर सिंह को हरायय। महिला एकल में बरेली जोन की पारस ने बाजी मारी। मेरठ जोन की गायत्री उपजेता रही। पुरुष युगल वर्ग में आगरा जोन को स्वर्ण और मेरठ जोन को रजत पदक मिला। महिला युगल में मेरठ जोन ने बाजी मारी। लखनऊ जोन की टीम रनर अप रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (प्रशासन), युवा कल्याण अशोक कुमार कनौजिया ने विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल और पुरस्कार प्रदान कर किया गया। प्रतियोगिता में 8 खेल एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीवाल, भारत्तोलन, बैडमिंटन, जूडो, फुटबाल और कुश्ती के मुकाबले हुए। ये मुकाबले मुख्यालय पीआरडी परेड ग्राउण्ड, मल्टी परपज हॉल, चौक स्टेडियम एवं केडी0 सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की गयी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बीकर विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 23/02/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बीकर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023–2024 में/पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

| क्र0सं0 | कार्य | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1 | रामनाथ के घर से सीसी रोड तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य | 3.25 लाख |

भट्ठा ईट, इंटरलॉकिंग ईट,सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाइट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 10/03/2024 को खुलेगा।

**निम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**

(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**दिनेश कुमार यादव,** ग्राम प्रधान **यशवंत सिंह,** सचिव
**ग्राम पंचायत बीकर, विकास खण्ड देवा बाराबंकी**


## सार-संक्षेप

### मोहम्मद गोरी के शासनकाल के सिक्के में देवी लक्ष्मी का अंकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय के सभागार में आयोजित पुरालेख व पुरालिपि कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला के अंतिम दिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नागपुर के पूर्व निदेशक (पुरालेख) डॉ. जीएस ख्वाजा ने मध्यकालीन सिक्कों के बारे में सचित्र व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मुद्राओं से तत्कालीन सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास के बारे में पता चलता है। गुप्तकालीन राजाओं ने बेहद सुन्दर सोने के सिक्के जारी किये, सिक्कों के अग्रभाग में देवी-देवताओं का तथा पृष्ठभाग में राजा के नाम का अंकन किया जाता था। मोहम्मद गोरी ने अपने सिक्के में देवी लक्ष्मी का एवं संस्कृत भाषा में अपने नाम का अंकन कराया। विश्व के सबसे सुन्दर सिक्कों में मुगलकालीन अकबर एवं जहांगीर के काल के सिक्के हैं। जिनमें 12 राशियों के चिन्हों का अंकन किया गया है। कार्यशाला समापन समारोह में राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने तुलसी का पौधा देकर विशेष सचिव संस्कृति राकेश चन्द्र शर्मा का स्वागत किया। विशेष सचिव ने 49 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

### तमाम जरूरी सवाल उठाता है नाटक आधी रात के बाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** यायावर रंगमंडल द्वारा संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह की दूसरी संध्या पर नाटक आधी रात के बाद का मंचन किया गया। डॉ. शंकर शेष द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन मोहम्मद हफीज ने किया। इस नाटक में आधी रात के बाद जज राघवेन्द्र सिंह के फ़्लैट में एक चोर घुस आता है। जज के घर में घुसे चोर राजकुमार का मकसद चोरी नहीं बल्कि चोरी के इल्जाम में गिरफ्तार होकर जेल जाना था। जज पुलिस को कई बार फोन मिलाते हैं लेकिन फोन कभी इंगेज मिलता है तो कभी डेड। चोर बहुत बातूनी था। वह जज को अपनी चोरियों और जेल के बारे में सुने तमाम किस्से साझा करता है। इसी बीच जज का पड़ोसी पत्रकार जज को बताता है कि कुछ संदिग्ध लोग काफी देर से आपके फ़्लैट पर नजर रखे हुए हैं। चोर समझ जाता है कि एक निर्दोष पत्रकार की जान लेने वाले यह वही लोग हैं जो उसका पीछा कर रहे थे। इसी बीच जज का फोन पुलिस को मिल जाता है और चोर का मकसद पूरा होता दिखाई देने लगता है। इस नाटक के जरिये नाटककार ने कथित उच्च वर्ग के चेहरे से नकाब उतारने का काम किया है। वह जज के सामने अपने अपराध स्वीकार करता है लेकिन साथ ही न्याय व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर देता है।

# राज्य एथलेटिक्स के लिए लखनऊ की टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन की देखरेख में होने वाली 58वीं उत्तर प्रदेश राज्य वार्षिक जूनियर (अंडर 20, महिला और पुरुष) एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ की 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम का चयन ट्रायल शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे स्टेडियम ऐशबाग में किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया यह दो दिवसीय चैम्पियनशिप शनिवार से शुरू हो रही है। टीम में नौ महिलाएं और आठ पुरुष एथलीट शामिल हैं।

**चुनी गई टीम**

राशि सिंह (100 मी, एवं हाई जम्प), मोहक दुबे (1500 मी.), टिया कुमारी (शाटपट), ज्योति (5000 मी.), तनप्रीत कौर (400 और 800 मी.), प्रिया (400 मी.), डॉली (400 मी.), साहिबा (800 मी.), अलफिशा बानो (400 मी.), शैलेंद्र कुमार (जैवलिन थ्रो), देवांश शुक्ला (800 मी.), अंकित यादव (शाटपट), शुभम यादव (800 मी.), चांद अहमद (5000 मी.), हर्ष कुमार (100 और 200 मी.), यश राज (100 और 200 मी.), विश्वप्रताप सिंह (लांग जम्प और डिस्कस थ्रो)।

# लेखपालों को नियुक्ति पत्र पाने के लिए करना होगा इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सुप्रीम कोर्ट में 22 मार्च को सुनवाई के बाद चयनित लेखपालों को मिलेगा नियुक्ति पत्र**

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती और समीक्षाधिकारी-सहायक समीक्षाधिकारी परीक्षा के पेपर लीक होने के दावों के बीच लेखपाल के 8 हजार 85 पद के सापेक्ष चयनित हुए (7987) युवाओं को सौंपे जाने वाले नियुक्ति पत्र रोक लगा देने की खबर सामने आयी है। चयनित हुए लेखपालों को अब नियुक्ति पत्र पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई 22 मार्च को होगी।

कुछ अभ्यर्थियों का तर्क है कि राजस्व परिषद को अंतिम रूप से चयनित लेखपालों की सूची आयोग ने छह जनवरी को ही दे दी थी, उसने अगर नियुक्ति पत्र सौंप दिया होता तो यह मामला न फंसता। उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लेखपाल के 8085 पदों पर भर्ती निकालते हुए आवेदन मांगा था।

आयोग ने अंतिम चयन परिणाम 30 दिसंबर 2023 को निकाला और इसके आधार पर अंतिम चयन सूची छह जनवरी 2024 को राजस्व परिषद को भेज दी। लेखपाल चयन को लेकर विभिन्न मामले हाईकोर्ट मेंचल रहे हैं। सिंगल बेंच ने आयोग के पक्ष में फैसला दिया है।

आयोग ने जिन सवालों पर आपत्तियां थी, उसमें अभ्यर्थियों को पूरे अंक भी दिए हैं। अंतिम चयन परिणाम जारी होने के बाद कुछ अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट में चले गए और सुप्रीम कोर्ट ने मामलेकी अंतिम फैसला आने तक नियुक्ति पत्र वितरण पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के डबल बेंच को चार हफ्तों में लंबित मामलों को निस्तारित करने का आदेश दिया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जबरी कला विकास खण्ड देवा–बाराबंकी

पत्रांक मेमो– ग्रा0 पं0 वि0 कार्य–2023–024 दिनांक– 23/02/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जबरी कला विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023–024 में/पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हैं।

| क्र0सं0 | कार्य | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1 | प्राइमरी पाठशाला नईमऊ में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 1.76 लाख |
| 2 | प्राइमरी पाठशाला जबरी कला में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | 1.76लाख |

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सरिया, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, लोकल बालू, पत्थर गिट्टी, टायल्स, व्हाइट सीमेंट, आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री एवं एवं शर्तो का विवरण टेंडर फार्म उपलब्ध है। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 10/03/2024 को खुलेगा।

**निम्न व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।**

(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**मंजू देवी** — ग्राम प्रधान, **ग्राम पंचायत जबरी कला, विकास खण्ड- देवा बाराबंकी**
**यशवंत सिंह** — सचिव, **ग्राम पंचायत जबरी कला, विकास खण्ड- देवा बाराबंकी**




25 फरवरी को होने वाले मधुर मिलन कन्यादान के बारे में जानकारी देते क्लासिक सामूहिक विवाह के संयोजक कल्पा कांतिलाल मारू, पं. आदित्य द्विवेदी, हरीश चन्द अग्रवाल नितेश अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

# 101 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐशबाग के रामलीला मैदान में 25 फरवरी को 101 निर्धन व निराश्रित बेटियों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। क्लासिक स्टील समूह के मुखिया कांतिलाल मारू ने इस सामूहिक विवाह का जिम्मा लिया है। वह अब तक साढ़े पांच सौ शादियां करा चुके हैं।

कांतिलाल मारू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का मंत्र दिया था। मैंने उसी मंत्र में बेटी बसाओ जोड़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि क्लासिक समूह सभी बेटियों को विवाह में अलमारी, डबल बेड, रजाई-गद्दा, कपड़े, बर्तन और घर के लिए जरूरी चीजें भेंट में दी जाएंगी। इसके अलावा विवाह में वर और वधु पक्ष से 25-25 लोगों को बरात में शामिल होने के लिए मार्ग व्यय भी दिया जायेगा। कन्यादान की रस्म कांतिलाल मारू और उनकी पत्नी कल्पा कांतिलाल मारू निभाएंगे।

हरीशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस विवाह समारोह में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा आदि शामिल होंगे।

रामलीला समिति के महामंत्री आदित्य द्विवेदी ने बताया कि विवाह की सभी रस्में दिन में सम्पन्न होंगी। बरात पीली कालोनी ऐशबाग से रामलीला मैदान में आयेगी। शाम को साढ़े पांच बजे जयमाल का कार्यक्रम होगा।

**निर्धन कन्याओं के विवाह का ऐसे आया विचार**

कांतिलाल मारू ने बताया कि व्यापार के सिलसिले में कई साल पहले पश्चिम बंगाल जाना हुआ। वहां जाकर देखा कि झुग्गियों में रहने वाली बड़ी उम्र की लड़कियों की भी शादियां नहीं होती थीं। पता लगाया तो मालूम हुआ कि शादी में लड़के को देने के लिए न तो साइकिल के पैसे हैं और न ही बरातियों का स्वागत का इंतजाम करने के ही पैसे हैं। इस सब में कुल खर्च 15 हजार रुपये था। उसी दिन गरीब लड़कियों के विवाह का जिम्मा उठाने का फैसला किया। तब से यह सिलसिला निरंतर जारी है।

## एलएसजी का स्किल कैंप इकाना में आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ियों के शहर पहुंचने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में रविवार से शुरू होने वाले पहले फिटनेस और स्किल कैंप में खिलाड़ी जुटने लगेंगे। इसमें सहायक कोच एस श्रीराम के निर्देशन में दस खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। लखनऊ सुपरजायंट्स के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट के अनुसार आईपीएल की तैयारियों के साथ ही पूर्वाभ्यास के लिए खिलाड़ी लखनऊ आ रहे हैं। पहले कैंप के लिए मयंक यादव, अरशद खान, मोहसिन खान, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, युधवीर सिंह, सिद्धार्थ एम., शिवम मावी, अमित मिश्रा व दीपक हुड्डा शामिल किया गया है।

आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबलों से पहले लखनऊ के साथ ही प्रदेश के तीन अन्य शहर नोएडा, वाराणसी और कानपुर में सुपरजायंट्स कप गली क्रिकेट के आयोजन की तैयारी की गई है। टीम प्रबंधन की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। सबसे पहले लखनऊ में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा जो तीन दिन तक चलेगा। इसमें 64 टीमें शामिल हो रही हैं। इसके बाद नोएडा और वाराणसी और अंत में कानपुर में आयोजन किया जाएगा। वहां पर 32-32 टीमें टूर्नामेंट में शामिल होंगी। हर शहर की विजेता व उपविजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। चारों शहरों में टूर्नामेंट के लिए टीमों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हो चुकी है।


### उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना सं0–31/ईसीसीडी – I/2023–24 :** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न विवरणानुसार अंकित कार्यों के सम्पादन हेतु अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना संख्या –31/ईसीसीडी–I/2023–24 के द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं के सम्बन्ध में ई0–निविदाऐं दिनांक 11.03.2024 को सायं 05.00 बजे तक डाली/अपलोड की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं का तकनीकी भाग (भाग–प्रथम) दिनांक 12.03.2024 को सायं 03.30 बजे से खोला जायेगा। निविदा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन /शुद्धि–पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्ते ई–टेण्डर पोर्टल /वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :– **क्र0सं0** – 1, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 66/2023–24, **कार्य का नाम** – लखनऊ स्थित चन्द्रलोक अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–18 (ट्रांजिट) में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य एवं आवास संख्या 29 में बाथरूम की मरम्मत व आवास संख्या–28 में विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 3000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 296.00, **क्र0सं0** – 2, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 67/2023–24, **कार्य का नाम** – लखनऊ स्थित प्राग नारायन रोड कर्मचारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–2/48, आवास संख्या–9 (टाइप–चतुर्थ) में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य व आवास संख्या–16 (टाइप–चतुर्थ) में टाइल्स फ्लोरिंग एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 6000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 590.00, **क्र0सं0** – 3, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 68/2023–24, **कार्य का नाम** – मोतीझील लखनऊ स्थित कर्मचारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–एल0एम0–72 में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 1000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 296.00, **क्र0सं0** – 4, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 69/2023–24, **कार्य का नाम** – लखनऊ स्थित विवेकानन्दपुरी अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या– 22 में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य। , **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 2000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 296.00, **क्र0सं0** – 5, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 70/2023–24, **कार्य का नाम** – लखनऊ स्थित 17, क्लाइड रोड अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या –17/10 में आन्तरिक रंगाई –पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 3000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 296.00, **क्र0सं0** – 6, **निविदा विशिष्ट संख्या** – 71/2023–24, **कार्य का नाम** – लखनऊ स्थित 20, एम0आई0जी0 अधिकारी विद्युत कालोनी के आवास संख्या–बी0–275 में प्लास्टर रिपेयरिंग, आन्तरिक रंगाई–पुताई एवं अन्य विविध जानपदीय अनुरक्षण कार्य।, **धरोहर धनराशि रू0** – रू0 3000.00, **निविदा प्रपत्र मूल्य जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) सहित रू0** – रू0 296.00, **अधिशासी अभियन्ता, वि0जा0नि0 खं0–प्रथम, उ0प्र0पा0का0लि0, अलीगंज, लखनऊ।, ''राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'' संख्या 495 ई0सी0सी0डी0 I/टी–5 दिनांक 23/02/2024**

## KANPUR NAGAR NIGAM

Motijheel, Kanpur
Phone: 2551416, 2531215 Fax- 2531662
Email: Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Website: http://kmc.up.nic.in

**अतिअल्पकालिक निविदा सूचना**

**नाला सफाई कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु अतिअल्पकालिक निविदा**

नगर निगम कानपुर के स्वास्थ विभाग द्वारा 01 मीटर से कम के नाला/नाली सफाई कार्य हेतु आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन (सफाई कर्मी) की आपूर्ति आउटसोर्सिग के द्वारा उपलब्ध कराये जाने हेतु दर निर्धारण करने के लिये ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा नगर स्वास्थ अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| ऑन लाइन निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.02.2024 प्रात 11.00 बजे |
| ऑन लाइन निविदा खरीदने की अन्तिम तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 03.00 बजे |
| ऑन लाइन निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं नगर स्वास्थ अधिकारी कार्यालय में निविदा मूल्य व ई.एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 03.30 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 04.00 बजे |

निविदा प्रपत्र व निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है, निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 2360.00 सभी देयकर सहित (रू0 दो हजार तीन सौ साठ मात्र) तथा निविदा की कुल निर्धारित जमानती धनराशि रु0–7,50,000/– (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र) की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/टी0डी0आर0 जो मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के नाम बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता के अतिरिक्त अन्य सभी निविदादाताओं की जमानती धनराशि की यथा शीघ्र वापसी सुनिश्चित कर दी जायेगी। नगर आयुक्त, नगर निगम कानपुर को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी** **अपर नगर आयुक्त (द्वितीय)**
Ro no.394 **दिनांक:** 23.02.2024

## कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर

**पत्रांक:– मु0चि0अ0/आर0बी0एस0के0/2023–24/7757 दिनांक: –21/2/2024**

**विज्ञप्ति**

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक–मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/विज्ञा0/2023– 24/6122 दिनांक: –01.01.2024 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यकम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यकम के अन्तर्गत कुल 07 पदों हेतु आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में आवेदन दिनांक 20.01.2023 की सांय 05 बजे तक मांगे गये थे। जिला स्वास्थ्य समिति, सिद्धार्थनगर द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उक्त पदों हेतु पर संविदा के आधार पर दिनांक 27.02.2024 को प्रात: 10: 00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार (कार्यालय जिलाधिकारी) सिद्धार्थनगर में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है।

तद्नुसार अभ्यर्थियों द्वारा किये गये आवेदन प्रपत्रों के परीक्षण के उपरान्त सही पाये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति में नियम एवं शर्तो के अधीन नियत तिथि एवं स्थान पर समय से साक्षात्कार हेतु समस्त मूल दस्तावेजों के साथ कमेटी के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार में अनुपस्थित पाये गये अभ्यर्थियों या अन्य किसी विरोधाभास की स्थिति में कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा।

**मुख्य चिकित्साधिकारी**
**सिद्धार्थनगर**

## एक नजर

### लिफ्ट मांगने के बाद कार लेकर फरार हो गए आरोपी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अंतर्गत पाल मार्केट के समीप कार में लिफ्ट लेकर सवार तीन शातिर चालक को झांसा देकर गाड़ी लेकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, बजरंगनगर कृष्णानगर निवासी विवेक सिंह ने तीन वाहन चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे वह मोहनलालगंज से अयोध्या मार्ग पर जा रहे थे। पाल मार्केट के पास तीन शातिरों ने उसने लिफ्ट मांगी। इस पर पीड़ित ने तीनों को गाड़ी में बैठा लिया। करीब एक किलोमीटर चलने के बाद वाहन चोरों ने लघुंशका करने के लिए गाड़ी रुकवा दी। जिसके बाद पीड़ित भी गाड़ी से उतरकर लघुशंका करने लगा। इसी बीच शातिर गाड़ी लेकर वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### शादी में गया परिवार, चोरों ने सामान किया पार

अमृत विचार, लखनऊ : सैरपुर थाना क्षेत्र निवासी परिवार रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। इस दौरान चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ करीब दो लाख के गहने समेत अन्य सामान पार कर दिया। थाना अंतर्गत अहलादपुर निवासी समुज तिवारी ने बताया तीन दिन पहले उनका परिवार शादी में शामिल होने भोपाल गया था। गुरुवार को पड़ोसी ने मोबाइल फोन पर कॉल कर उनके घर के मेन गेट का दरवाजा खुला होने की बात कहते हुये चोरी की आशंका जताई। समुज घर पहुंचे तो गेट, कमरे और अलमारी का ताला टूटा मिला। चोर गहने व अन्य सामान पार कर गये थे। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने एक जोड़ी झुमकी, नथुनी, पायबेज, पायल और नकदी चोरी होने की बात कही है। इंस्पेक्टर सैरपुर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सरकारी सुविधाएं लेने का आरोपी भेजा गया जेल

## जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को फोन कर अपने गांव में लगवाईं लाइटें, बनवाई सड़क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खुफिया विभाग के इनपुट पर जनवरी में हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम से जिलों के अफसरों को फोन पर अर्दब में लेकर राजकीय सुविधाएं लेने वाले जालसाज को हजरतगंज पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह कई वर्ष से जिलाधिकारी समेत अन्य अफसरों को फोन करके रौब में ले रहा था। उसने अपने गांव में सोलर लाइटें लगवाईं, गलियों में इंटरलाकिंग व रोड तक बनवा ली। खुफिया सूचना पर पुलिस ने जांच की तो जालसाज के कारनामे सामने आये।

पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बलिया के रसड़ा जाम निवासी अभिनेश सिंह उर्फ बबलू सिंह उर्फ एके सिंह है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय के प्रभारी भारत दीक्षित की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया एके सिंह अफसरों को उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर फोन कर बोलता था कि कई लोगों के साथ उसे प्रदेश कार्यालय से भेजा गया है। सभी के लिये तत्काल आवास, भोजन और गाड़ी उपलब्ध करायें। इस तरह वह अधिकारियों से राजकीय सुविधाएं लेता था। खुफिया विभाग और जिलों के अफसरों से जालसाजी सामने आयी। कुछ दिन पहले ही उसने आजमगढ़ मंडल के श्रम-आयुक्त राजेश कुमार को फोन कर खुद को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का अतिथि बताया। कहा कि बलिया में 12 लोगों के साथ पहुंच रहा है, उनके लिये तीन दिन के लिए आवास, भोजन और वाहन की व्यवस्था कराएं। श्रम आयुक्त ने बलिया जिले के ऑफिसर जितेंद्र कुमार को आदेश देकर व्यवस्थाएं कराईं। भाजपा कार्यालय प्रभारी ने बताया था कि एके सिंह नाम के व्यक्ति का भाजपा या कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में सामने आया कि अभिनेश ने बलिया के अलावा मऊ, आजमगढ़, जौनपुर के अफसरों के अलावा गोरखपुर जिलाधिकारी को भी कुछ माह पहले फोन कर अर्दब में लिया था। इन सभी जनपदों में आरोपी ने राजकीय सुविधाएं ली थी।

### क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन लाखों रुपये हड़पे

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना इलाके में रहने वाले युवक से साइबर अपराधी ने क्राइम ब्रांच का अफसर बन लाखों की ठगी कर ली। आशियाना क्षेत्र के एल्डिको प्रथम निवासी सेवानिवृत्त आलोक तिवारी ने बताया 17 फरवरी को उनके मोबाइल पर कॉल आई। उधर से बोल रहे व्यक्ति ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच अफसर रिजवी बताया। कहा कि आपने किसी पूजा कुमारी के साथ अश्लील बातें की थी जो यूट्यूब पर अपलोड हैं तत्काल हटवा दो नहीं तो बदनामी के साथ जेल भी जाओगे। यह भी कहा कि वीडियो लोड करने वाले को टीम गिरफ्तार करने टीम गई है। इसके साथ ही एक नंबर देकर उस पर बात करने को कहा। बताये नंबर पर उन्होंने कॉल की तो दूसरी तरफ से बात करने वाले ने अपना नाम संजय सिंह बताते हुए वीडियो डिलीट करने की एवज में एक लाख 18 हजार रुपये मांगे। डर के कारण उन्होंने यह राशि ट्रांसफर की तो आरोपी ने दूसरा वीडियो अपलोड बता 95 हजार रुपये की मांग की। यह राशि देने के बाद फिर से वही धमकी दी। तब पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर आशियाना ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# दंपति को ब्लैकमेल कर वसूले 30 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** ऑटो चालक व उसकी पत्नी ने हनीट्रैप के खिलाफ मानकनगर थाने में लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि गिरोह के सदस्य पीयूष गुप्ता ने एक महिला के साथ ऑटो चालक का आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर लिया। जिसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए देते हुए लाखों रुपये वसूल कर लिए।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र का रहने वाला पीड़ित चारबाग से कानपुर रूट के बीच ऑटो चलता है। विगत माह में चारबाग स्टेशन से पीयूष गुप्ता ने कृष्णानगर जाने के लिए ऑटो बुक कराया। बातचीत के दौरान पीयूष ने पीड़ित को मोबाइल नम्बर ले लिया था। जिसके बाद उसने कई बार ऑटो बुक कराया। पीड़ित का आरोप है कि पीयूष ने उसे शराब पिलाने के बाद एक महिला के संग उसका आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर लिया। इस वीडियो क्लिप के आधार पर पीयूष को ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि पीयूष ने ऑटो चालक के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर क्रेडिट कार्ड हासिल कर लिया। फिर कई लोन एप से पीड़ित के नाम पर 30 लाख रुपये ऋण भी लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, चोरी और आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है।

# बेसमेंट में भरा पानी, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अमीनाबाद पुलिस ने बिल्डर पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** अमीनाबाद क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण का कारोबार करने वाले युवक के गोदाम में पानी भरने से उसे लाखों का नुकसान हो गया। कारोबारी ने बिल्डर और दो अन्य पर लापरवाही का आरोप लगाते अमीनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद के मुताबिक, नरही हजरतगंज निवासी सुनील अग्रवाल की अमीनाबाद के गणेशगंज में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। वहीं पास में आर्य समाज रोड पर रहने वाले रामशरण सोनी के मकान का बेसमेंट किराए पर लेकर उन्होंने गोदाम बनाया है। उनका कहना है 10 सितंबर 2023 को बिल्डर सुभाष अवस्थी एंड बिल्डर पड़ोस में जेसीबी की मदद से बेसमेंट खोद रहे थे। आरोप है कि सुनील ने खोदाई की परमिशन मांगी तो सुभाष अभद्रता करने लगे। उसी रात बारिश की वजह से सुनील के गोदाम में पानी भर गया। अगले दिन दुकान खोलने पहुंचे तब उन्हें नुकसान का पता चला। उनका कहना है बेसमेंट में पानी भरने से करीब 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक चोर गिरोह के सरगना समेत दो सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

अमृत विचार, लखनऊ: सर्विलांस सेल और ठाकुरगंज पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने ने बताया ठाकुरगंज पुलिस ने गिरोह के सरगना कैफ अंसारी निवासी बड़ी पकड़िया खदरा और साहिल निवासी महबूबगंज को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की सात बाइकें बरामद की हैं। बताया कैफ नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मी का काम करता था, वहीं साहिल शादी में तंदूर रोटी बनाने का कार्य करता था। दोनों के कब्जे से अलग-अलग थाना क्षेत्र से चुराई गईं सात बाइकें बरामद हुई हैं। चोरी की बाइकें मूसाबाग खंडहर में छुपा देते थे। इसके बाद ग्राहक तलाश कर बाइक बेच देते थे। डीसीपी ने बताया दोनों नशे के आदी हैं। इनके खिलाफ कई थानों में मामले दर्ज हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला मजदूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमतीनगर विस्तार के गड़रियन पुरवा में गुरुवार रात हुआ हादसा



**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अंतर्गत गड़रियन पुरवा में गुरुवार देर रात एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। झोपड़ी के भीतर सो रहा मजदूर मोहन सिन्हा (37) बुरी तरह से झुलस गया। तत्काल उसे सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, मूलरूप से छत्तीसगढ़ निवासी मोहन सिन्हा गड़रियन पुरवा में झोपड़ी डालकर अकेले रहता था। पिता जालाराम पत्नी यमुना के साथ बड़ा भरवारा की जुग्गी-झोपड़ी में रहते है। पिता ने बताया कि बेटा मोहन नशे का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि गुरुवार रात वह नशे में सो गया। तभी झोपड़ी में आग लग गई। नशे में होने की वजह से मोहन को पता नहीं चला। कुछ ही देर में लपटे तेज हो गई तो मोहन झोपड़ी से निकल नहीं सका। रात करीब 2 बजे पुलिस के सूचना देने के साथ ही आस-पास के लोगों ने किसी तरह मोहन को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहन को सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। जालाराम ने बताया कि मोहन की पत्नी विशनी दो बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ में ही रहती है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है फायर कर्मियों ने कुछ ही देर में आग बुझा दी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### साफ करने के बहाने टप्पेबाजों ने उड़ाए गहने

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद थाना अंतर्गत दौलतपुर के मजरे भटपुरवा में टप्पेबाज ने सफाई का झांसा देकर महिला के गहने लेकर फरार हो गया। बुजुर्ग राजरानी ने बताया टप्पेबाज बाइक से आया था। बताया कि निजी कंपनी में काम करता है और फ्री में गहने साफ करता है। कुछ महिलाओं ने उससे गहने साफ कराये जो चमकने लगे। इस पर राजरानी ने उसे घर बुलाकर सोने की टप्स साफ करने के लिये दिये। पीड़िता ने बताया आरोपी ने कटोरी में पानी में कुछ डाला गर्म कर लाने की बात कही। बताया कि कटोरी में ही गहने पड़े हैं। वह किचन से लौटीं तब तक आरोपी गहने लेकर फरार हो चुका था। पीड़िता ने टप्स की कीमत करीब 30 हजार बताई है। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अजीत कुमार ने बताया कि उन्हें कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। बताया तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# विधानभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति को ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

▸▸ नगर निगम की कार्रवाई से आहत होकर लस्सी विक्रेता ने उठाया कदम

**अमृत विचार :** विधानभवन के सामने शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर निगम की कार्रवाई से आहत लस्सी विक्रेता बृजेश तिवारी ने आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया है।

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के मुताबिक, चारबाग रेलवे स्टेशन के ठीक सामने कई वर्षों से बृजेश तिवारी लस्सी का ठेला लगा रहा था। गुरुवार को नगर निगम के अतिक्रमण अभियान में कर्मचारियों ने उसका ठेला हटा दिया था। इस कार्रवाई से आहत होकर बृजेश ने विधानसभा के गेट नंबर-एक के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल लिया। इसी दौरान नजर पड़ते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। ज्वलनशील पदार्थ छीन हजरतगंज पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि बृजेश मूलतः बहराइच का रहने वाला है। वह कई सालों से चारबाग रेलवे स्टेशन के पास रहकर ठेले पर लस्सी बेचता है। कहा नाका हिंडोला थाने को मामले की सूचना देकर बृजेश से पूछताछ की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों पर देर रात घर में घुसकर मारपीट का आरोप

संवाददाता, बख्शी का तालाब

▸▸ महिगवां थाना क्षेत्र के डींगुरपुर गांव का मामला

**अमृत विचार :** महिंगवा इलाके में शुक्रवार रात एक घर में घुसकर तलाशी लेने व विरोध करने पर परिवार के सदस्यों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर इंस्पेक्टर ने मामले की जांच कर दोषी मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

डींगुरपुर निवासी सुरेखा ने बताया गुरुवार रात करीब 10 बजे वह सास व ननद के साथ घर में थीं। तभी गांव के दो युवक घर में घुस गाली गलौज करने लगे। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और सुबह थाने पर तहरीर देने की बात बोल चले गए। सुरेखा का आरोप है कि रात 12 बजे दो पुरुष पुलिस कर्मी व तीन महिला पुलिस कर्मी फिर पहुंचे और घर की तलाशी लेने लगे। कारण पूछने पर पुलिस कर्मियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़िता ने शुक्रवार को तहरीर दे कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया मामले की जांच की जायेगी। बीकेटी एसीपी अभिनव कुमार ने कहा मामला संज्ञान में नहीं है। यदि रात में पुलिसकर्मी बिना कारण घर में तलाशी लेने घुसे और मारपीट की है तो जांच में दोषी मिलने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकला

अमृत विचार, मलिहाबाद : दहेज में दस लाख रुपयों की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालीजनों ने महिला को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुये रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना क्षेत्र निवासी महिला का विवाह बाराबंकी के मोहम्मदपुर इलाके के एक गांव में हुई थी। ससुराल पहुंचते ही 10 लाख की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। देवर छेड़छाड़ करने लगा। बीते वर्ष 20 अक्टूबर को विवाहिता को पति, ससुर, सास, देवर व ननद ने दुपट्टे से गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। इंस्पेक्टर ने बताया पति समेत अन्य आरोपियों पर दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### एटीएम मशीन में चोरी की कोशिश, आरोपी कैमरे में कैद

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर इलाके में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में चोरी का प्रयास किया गया। थाना अंतर्गत अयोध्या रोड स्थित एचएएल के मुख्य प्रबंधक ने पुलिस को तहरीर दी। बताया 19 फरवरी की रात 8.40 पर लेखराज स्थित एटीएम तोड़ चोरी का प्रयास करने की जानकारी हुई। इस पर बैंक अफसरों के संग एटीएम पहुंचे। जांच में कैश चोरी होना नहीं प्रतीत नहीं हुआ। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर दिखा कि दोपहर 2:15 से 4:25 के बीच एक युवक एटीएम मशीन तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहा है। इससे दोनों मशीनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पुत्र की लालसा में मां-बेटी को घर से निकाला

अमृत विचार, लखनऊ : बेटे की लालसा पूरी न होने पर एक युवक ने पत्नी और दूधमुंही बच्ची को घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, कटरा मकबूलगंज निवासी फरहाना ने शौहर सरताज हुसैन समेत सात पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वर्ष 2021 में उसका निकाह मदेयगंज निवासी सरताज हुसैन से हुआ था। आरोप है कि ससुराल में वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी। जब वह गर्भवती हुई तब ससुराल पक्ष के लोग बेटे को जन्म देने का दबाव बनाने लगे। जब उसने बेटी को जन्म दिया तब उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। विरोध करने पर शौहर ने परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर मां-बेटी को घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर डीपी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### युवती पर तेजाब फेंकने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थाने में एक युवती ने शोहदे पर एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि शोहदे ने उससे शादी करने का प्रस्ताव दिया। मना करने पर उस पर तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली युवती (21) ने दुबग्गा निवासी लक्ष्मण प्रसाद यादव पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि शोहदा जबरन शादी करने का दबाव डालता है। शोहदे ने फेसबुक से उसकी फोटोग्राफ निकाल एडिट कर उसका आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर धमकाने लगा। ऐतराज जताने पर शोहदा उस पर तेजाब फेंकने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की मांग करने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में होटल के शेफ की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी थानाक्षेत्र अन्तर्गत तिवारीगंज में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से होटल के शेफ कृष्णा राजपूत (26) की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आलमबाग गढ़ी कनौरा निवासी कृष्णा राजपूत गोमतीनगर के एक होटल में शेफ था। बहनोई लल्लन ने बताया कि गुरुवार रात कृष्णा बाइक से बाराबंकी के सफेदाबाद में दोस्त को लेने के लिए जा रहा था। वहां से उसे एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जाना था। तिवारीगंज के पास एक अज्ञात वाहन में बाइक में टक्कर मार दी। तभी एक भारी वाहन उसे रौंदते हुए घटनास्थल से भाग निकला। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अपहृत किशोरियां बरामद, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बंथरा और पीजीआई पुलिस ने दो अपहृत किशोरियों को सकुशल बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव के मुताबिक, किशोरी के परिजनों ने बीते 27 नवंबर को बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। शुक्रवार को पुलिस ने चनखरा मोड़ बिजनौर से जालौन जनपद के उरई निवासी सौरभ की गिरफ्तारी कर किशोरी को सकुशल बरामद किया है। किशोरी के बयान के आधार पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के बाद उसे जेल भेज दिया। वहीं, पीजीआई पुलिस ने किशोरी को भगा ले जाने वाले आशियाना रजनीखंड चमन उर्फ ताल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गयी है।

### दिव्यांगता का फायदा उठा कर घरों की करता था रेकी

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांगता का फायदा उठा कर बंद घरों की रेकी कर वारदात को अन्जाम देने वाले शातिर को चिनहट पुलिस ने एक शातिर को चोरी के माल संग गिरफ्तार किया है। वहीं, जानकीपुरम पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी विभूतिखंड आनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक, शुक्रवार को लौलाई तिराहे के पास से पुलिस ने न्यू कांशीराम कालोनी निवासी साहबे आलम की गिरफ्तार की है। वहीं, जानकीपुरम पुलिस ने लखीमपुर के मेदनिया सदर राजेश को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गत 23 फरवरी को महेंद्र कुमार ने घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने चोरी के गहने बरामद किया हैं।

### जालसाजों ने चार लोगों से 2.61 लाख हड़पे

अमृत विचार, लखनऊ : अलग-अलग थाना क्षेत्र में जालसाजों ने चार लोगों से 2.61 लाख रुपये हड़प लिये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। गोमतीनगर के कालिंदी विला अपार्टमेंट निवासी हर्ष के पास 12 फरवरी को टेलीग्राम पर घर बैठे रुपये कमाने का मैसेज आया था। उसे हर्षिता यादव नामक महिला ने एक ग्रुप पर जोड़ा और बिटक्वाइन में मुनाफा कमाने के नाम पर 97 हजार जमा करा लिए। उधर, विभूतिखंड निवासी मो. रिजवान से साइबर अपराधी ने क्रेडिट कार्ड का एप डाउनलोड करा 79 हजार 738 रुपये हड़प लिये। इधर, गोमतीनगर के विरामखंड निवासी अजय कुमार के मोबाइल पर 12 फरवरी को बैंक का फर्जी मैसेज आया। जिसमें दिये लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से 49 हजार ट्रांसफर हो गये। उधर, पारा के भपटामऊ निवासी रामधार यादव से आरोपी ने एआई के माध्यम से परिचित की आवाज में बात कर 35 हजार खाते में ट्रांसफर करा लिये।

# ज्वैलरी लेकर ऑटो चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आईटीएमएस में कैद हुई वारदात, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

▸▸ पांच दिन पूर्व महिला ने महानगर कोतवाली में दी थी तहरीर

**अमृत विचार :** महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक ऑटो चालक महिला से लाखों की ज्वैलरी लेकर भाग निकला। हालांकि, चौराहे पर लगे आईटीएमएस सिस्टम में वारदात कैद हो गई। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। महिला ने आलाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है।

पुराना बादशाहनगर निवासी सावित्री सिंह गत 18 फरवरी को सुबह 10 बजे लोक बन्धु अस्पताल से घर ऑटो बुक कर घर की तरफ जा रही थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि केकेसी मार्ग पर एक पुलिस अधिकारी गोल मार्केट जाने के लिए ऑटो में सवार हो गया। आरोप है कि गली नंबर-एक पर ऑटो चालक ने पुलिस अधिकारी को गोल मार्केट में छोड़ने की बात कहते हुए उसे जबरन ऑटो से उतार दिया। जैसे ही महिला ऑटो से उतरी चालक उसका सामान लेकर भाग निकला। महिला ने बताया कि ऑटो में रखे बैग में सोने की चैन, दो अंगूठियां, मंगल सूत्र, बैंक पासबुक, 12000 की नकदी लेकर चालक भाग निकला। इसके बाद महिला ने फौरन महानगर कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। लिखित शिकायत मिलते ही ऑटो चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

### बस से युवती का लैपटाप व अन्य सामान चोरी

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग इलाके में बस से युवती के बैग समेत नकदी व अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन ने बताया चित्ता खेड़ा ऐशबाग निवासी ऋषिका पाण्डेय अपनी मां सुनीता पांडेय के साथ 21 फरवरी की शाम आलमबाग बस स्टैंड से सुल्तानपुर जा रही बस पर सवार हुईं थी। दोनों परिचालक के पीछे की सीट पर बैठीं थी। बैग कैरियर में रखा था। स्टैंड से निकलने के कुछ दूर बाद ही उनका बैग गायब हो गया। पीड़िता ने मामला चालक और परिचालक को दी। इसके बाद वापस आलमबाग स्टैंड पहुंचीं। जहां लगे कैमरे को चेक कराने पर पता चला कि काले कपड़े में एक युवक उनका बैग लेकर बस से उतर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बैग में लैपटाप, चार्जर, 15 हजार रुपये, डेबिट व कार्ड क्रेडिट कार्ड, मैट्रो कार्ड, आधार, पैन रखा होने की बात कही। इंस्पेक्टर ने कहा रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चिनहट पुलिस ने दबंगों पर दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत अयोध्या मार्ग पर झुंड बनाकर खड़े दबंगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हालांकि, पुलिस ने दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, बीबीडी निवासी जितेन्द्र पाठक ने प्रमोद त्रिपाठी समेत पांच अज्ञात लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बुधवार रात करीब 10 बजे अयोध्या मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल से घर की तरफ लौट रहा था। आरोप है कि चिनहट तिराहे के समीप आरोपी गुटबाजी कर रहे थे। उसके अकेला पाकर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने उसके सिर पर लोहे की सरिया धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि इस मारपीट में उसका सिर फूट गया और वह बेसुध होकर सड़क पर गिर पड़ा। हालांकि, पीड़ित के दोस्तों ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों से लम्बे समय से विवाद चल रहा है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हॉर्न बजाने के विवाद में ऑटो चालक का सिर फोड़ा

अमृत विचार, काकोरी : पारा थानाक्षेत्र के ऑटो चालक नौशाद अली ने लिखित शिकायत में बताया कि गत 20 फरवरी की रात करीब 12 बजे महेश यादव, अभिषेक कुछ साथियों लेकर उनके पास पहुंचा। गाड़ी को हॉर्न देने के लेकर मारपीट करने लगे। जिसमें पीड़ित का सिर फोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, काकोरी के बदबदाखेड़ा निवासी लवकुश बुधवार रात रेवती गांव में दोस्त विपिन के घर पर एक शादी समारोह में गए थे। इसी बीच राजकुमार और गेंदा उससे वैन की चाभी मांगने लगे। पीड़ित ने उन्हें चाभी देने से इंकार कर दिया। तब दबंगों ने उसका सिर फोड़ दिया।

आक्रोश — सैनिक स्कूल गेट के सामने कानपुर रोड जाम करने पहुंचीं आशा बहुएं

# सीएचसी पर आशाओं ने किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, सरोजनीनगर



सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन करतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आशा बहू कल्याण समिति उप्र. की प्रदेश उपाध्यक्ष इन्दू बाला के नेतृत्व में अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को तमाम आशाओं ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। इस बीच नाराज आशाएं सैनिक स्कूल गेट के सामने कानपुर रोड जाम करने निकल पड़ीं। लेकिन इसकी जानकारी मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस ने आशाओं को रोड पर पहुंचने से पहले ही उन्हें वहां से वापस कर दिया। बाद में आशाओं ने फिर सरोजनीनगर सीएचसी में बैठकर धरना प्रदर्शन किया।

उनका कहना था कि उन्हें स्थाई कर्मचारी का दर्जा दिए जाने के साथ ही मानदेय भी टुकड़ों की बजाय निश्चित तरीके से दिया जाए। उन्होंने कहा कि आशा बहू और आशा संगिनी को प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले सारे सहयोग, प्रोत्साहन राशि व विभिन्न प्रकार के बाउचरों को उनके संज्ञान में नहीं दिया जाता है और पूछने पर अपमानित भी होना पड़ता है। जो कतई न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आशाओं से बिना पारिश्रमिक के विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों को कराया जाता है, जो गलत है। अपनी समस्याओं से नाराज आशाओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। उनका कहना था कि स्थाई कर्मचारी का दर्जा दिए जाने के अलावा मानदेय बढ़ाने सहित कई अन्य मांगों को लेकर वह राजधानी लखनऊ के अलावा दिल्ली में भी धरना प्रदर्शन कर प्रदेश और केंद्र सरकार को अवगत करा चुकी हैं। लेकिन इसके बावजूद उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष इंदुबाला का कहना था कि जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक सारी आशाएं और संगिनी अनिश्चितकाल तक हड़ताल के साथ ही कार्य बहिष्कार पर रहेंगी।

# घायल का इलाज नहीं किया, वारिस अस्पताल के मालिक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंदिरानगर क्षेत्र का मामला इलाज न मिलने से हुई मौत

**अमृत विचार :** इंदिरानगर क्षेत्र निवासी पीड़ित ने वारिस अस्पताल के संचालक समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि अस्पताल संचालक ने हादसे में गंभीर भांजे का इलाज करने से इनकार कर बाहर निकाल दिया। जब तक लोहिया अस्पताल ले गये, भांजे की मौत हो गई।

थाना अंतर्गत विकास नगर निवासी सचिन शर्मा ने बताया उसका भांजा अंशुल 4 फरवरी की रात बाइक समेत चंदन फिलिंग सेंटर के समीप राजकुमार के घर के सामने रोड पर खोदे गये गड्ढे में गिरने से बेकाबू होकर दुग्ध वाहन से टकरा कर गंभीर घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने उसे नजदीकी वारिस हॉस्पिटल ले गये। जहां पर डॉक्टर ने बिना जांच किये इलाज करने से मना करते हुये उसे बाहर निकाल दिया। उसे लोहिया अस्पताल ले गये। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सचिन का आरोप है कि वारिस अस्पताल में प्राथमिक उपचार नहीं मिलने से भांजे की मौत हुई। पीड़ित ने तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया रामकुमार और अस्पताल संचालक व डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### देश में नवाचार की चुनौतियों और अवसरों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में नवाचार की चुनौतियों और अवसरों पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुक्रवार को शुरुआत हुई। जिसमें वैश्विक नेताओं, प्रमुख शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं का एक सम्मानित समूह, आईआईटी, एनआईटी, जेएनयू नई दिल्ली, बीएचयू वाराणसी, चेक गणराज्य के ब्नों के मेंडल विश्वविद्यालय और कई अन्य प्रतिष्ठित शैक्षिक और शोध संगठनों से, लखनऊ में स्थित अंबालिका प्रबंधन और प्रौद्योगिकी संस्थान में संचारित हुआ। इस आयोजन में सभी गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत और कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्र के भाषण के साथ आयोजन की शुरुआत हुई।

### राजभवन में होगा पूर्व राज्यपाल का सम्मान

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** पूर्व राज्यपाल राम नाईक 24 फरवरी से तीन दिन प्रदेश के भ्रमण पर रहेंगे। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पूर्व राज्यपाल को राजभवन में सम्मानित करेंगी। इसी दिन पूर्व राज्यपाल राजधानी के रामलीला मैदान पर 101 गरीब– अनाथ लड़कियों के 'बेटी बचाओ' कार्यक्रम के तहत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा कैफी आजमी अकादमी में शारिब रुदौलवी पुरस्कार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### विवाद में 20 पर रिपोर्ट, चार पर शांतिभंग की कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पद्मिनखेड़ा गांव में गुरुवार रात दुकानदार नंदन और राम मनोहर में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में डंडे चलने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कराया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया दोनों पक्षों के 20 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर चार पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# पेंशन स्वीकृत करने के लिए मांगी रिश्वत, एडीओ निलंबित

## समाज कल्याण विभाग के निदेशक की जांच में सही मिला मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रायबरेली में एडीओ (डलमऊ ब्लाक) ने वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से मांगी थी रिश्वत
- जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली को मुख्यालय से संबद्ध किया गया

**अमृत विचार :** रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ (डलमऊ ब्लाक) को वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत के बदले रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जबकि जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली को मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

रिश्वत मांगने की शिकायत समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण तक पहुंची थी। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को जांच करने के आदेश दिए थे। जांच में प्रथम दृष्टया मामला सही मिला। शुक्रवार को आरोपी एडीओ प्रगति वर्मा को निलंबित कर दिया गया। जबकि जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को उपनिदेशक आचिंत्य मणि भारती और जिला समाज कल्याण अधिकारी मुख्यालय अंजनी सिंह को जांच के लिए रायबरेली भेजा गया है। विभागीय अधिकारियों ने पीड़ितों के बयान दर्ज किए। एडीओ पर आरोप है कि प्रति लाभार्थी 500-500 रुपयों की मांग कर रही थीं। नागरिक समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार संबंधी कोई भी शिकायत 'कल्याण साथी' के हेल्पलाइन नंबर 14568 पर की जा सकती है।

# बिना सहमति की सर्जरी, लाखों देंगे हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शामली में एक व्यक्ति की दो अस्पतालों में हुई सर्जरी
- आराम न मिलने पर छोड़ दिया गंभीर हालत में

**अमृत विचार :** शामली में मलद्वार से संबंधित रोग की बिना सहमति के एक व्यक्ति की निजी अस्पताल में सर्जरी की गई। आराम नहीं मिला तो दूसरे अस्पताल में भी सर्जरी की गई और वहां गंभीर हालत में छोड़ दिया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग में मामला पहुंचा तो संबंधित अस्पतालों के चिकित्सकों पर लाखों रुपये हर्जाना लगाया गया है।

मोहम्मद इनाम पुत्र आफाक निवासी मोहल्ला खली कला, कैराना शामली को पेट संबंधित बीमारी थी। वह शांती केयर हास्पिटल एंड तरुमा सेंटर गए तो मलद्वार में समस्या बताकर चिकित्सकों ने भर्ती कर लिया और बिना सहमति और जानकारी दिए 12 जून 2016 को सर्जरी कर दी। लेकिन, बाद में आराम नहीं मिला। उन्हें कोरोना स्कोपी कराने के लिए कहा। इससे भी आराम नहीं मिला तो परिजन उन्हें साईचया हास्पिटल ले गए। वहां भर्ती कर दोबारा सर्जरी की गई और गंभीर हालत में छोड़ दिया। ओपीडी के टिकट पर डाक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर आदि दर्ज नहीं था। चिकित्सक ने लापरवाही से सर्जरी की। इससे हालत बिगड़ गई। उन्होंने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई पीठासीन सदस्य राजेंद्र सिंह व सदस्य सुशील कुमार ने की और उपचार में लापरवाही पर दोनों अस्पतालों के चिकित्सकों पर 6.45 लाख रुपये 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ आधी-आधी धनराशि पीड़ित को देने के आदेश दिए। एक माह में अदा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देय होगा।

### ज्वैलर्स का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी इलाके में शुक्रवार की देर शाम एक युवक ने अपने मकान में पंखे के हुक में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काकोरी कस्बा के कटरा बाजार निवासी ज्वैलर्स आलोक सोनी (24) ने अज्ञात कारणों के चलते मकान के कमरे में पंखे में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। कस्बा वासियों का कहना है कि आलोक कई दिनों से तनाव में था। किसी से बातचीत नहीं कर रहा था। ऐसी चर्चा है कि आलोक कई दिनों से नींद की गोलियां एक मेडिकल स्टोर से लेकर खा रहा था। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में लिखा है मेरे शव का पोस्टमार्टम न करवाया जाए। शव शीतला मंदिर में रखने के बाद दाह संस्कार काशी में किया जाए। बताया जा रहा है कि आलोक तीन दिन पहले बनारस भी गया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आलोक धार्मिक प्रवृत्ति का था। इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया कि आत्महत्या की वजह नहीं स्पष्ट हो सकी।

# किसानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर अधिकारी रहें अलर्ट : डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**अमृत विचार:** पुलिस महनिदेशक प्रशांत कुमार ने किसानों के धरना-विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस अफसरों को अलर्ट किया है। आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था के मसले पर प्रदेश भर के अफसरों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही लोकसभा चुनाव की बाबत सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रुप देने को ताकीद किया।

उन्होंने आगामी त्योहार के मद्देनजर पूर्व में दर्ज विवादित प्रकरणों का समय से निस्तारण करने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर पीस कमेटी के पदाधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों से साथ गोष्ठी कर उसमें उठाए गए महत्वपूर्ण बिन्दुओं को भी समय निराकरण कराने का निर्देश दिया। महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं बाजारों के आस-पास वरिष्ठ अफसरों के नेतृत्व में नियमित फुट पेट्रोलिंग पर जोर दिया।

धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के मद्देनजर नियमित सतर्क दृष्टि रखने और संवेदनशील स्थानों-मार्गों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल तथा यूपी-112 के वाहनों की तैनाती का भी डीजीपी ने निर्देश दिया। उन्होंने खुफिया तंत्र को और अधिक सक्रिय करने और प्रत्येक छोटी-छोटी घटनाओं को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करने करने को कहा। इस दौरान एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के साथ अन्य वरिष्ठ अफसर मौजूद थे।

### एजेंसी में काम करने वाली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थाना क्षेत्र की एजेंसी में काम करने वाली महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गयी। पति ने पत्नी के संग अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस को तहरीर दे पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। मूलत: हरदोई के सुभाष नगर निवासी गीता सिंह (35) पत्नी नीरज सिंह हरदोई के खगेश्वरपुरवा निवासी अभिनव वर्मा की कान्सेट एजेंसी में काम करती थीं। महीने भर पहले अभिनव ने ऑफिस गाजीपुर के मुंशी पुलिया स्थित ओम प्लाजा अपार्टमेंट में शिफ्ट किया था। पति नीरज सिंह ने बताया गुरुवार को पत्नी का मोबाइल बंद रहा था। शाम को साथ काम करने वाली योगिता से बात हुई तो कहा गीता लखनऊ से हरदोई निकली है। लेकिन वह नहीं पहुंचीं। अगले दिन नीरज अभिनव के ऑफिस पहुंचे तो बंद मिला। बुलाने के बाद भी अभिनव नीरज से मिलने नहीं पहुंचा। नीरज ने अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जिसमें गीता रात करीब 8 से 8 .30 बजे के बीच पानी लेकर जाती दिखी। जबकि रात करीब 10 बजे अभिनव ऑफिस में जाते दिखा। अभिनव, योगिता और अर्जुन रात करीब 1 से 1.30 बजे के बीच बोरियों में कुछ सामान लेकर अपार्टमेंट से निकल कर स्कूटी व बाइक से जाते दिखे। नीरज ने पत्नी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया गीता एक युवक के साथ निकली है। जांच मुंशी पुलिया चौकी इंचार्ज रामधीरज यादव को सौंपी है।


## कार्यालय नगर निगम अयोध्या – जोन अयोध्या धाम

पत्रांक 588/न0नि0अयो0जो0अयो0/2023–24 दिनांक 23.02.2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 30 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करे अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | भवन संख्या | आवेदक कर्ता का नाम | पूर्व में दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाले भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2/4/196A | प्रवीण रस्तोगी पुत्र श्री बांके बिहारी रस्तोगी, सतीश कुमार रस्तोगी पुत्र स्व0 श्री हरीश चन्द्र रस्तोगी | सैय्यद मो0 अलीम पुत्र सैय्यद मो0 नसीम | रजि0 बैनामा 27/09/2023 |
| 2 | 2/4/80,1/4/54 | श्रीमती लूसी मौर्या पत्नी बलराम मौर्या | श्री हरी प्रसाद मौर्य | रजि0 वसीयतनामा 18/10/2021 |
| 3 | 2/6/190 | शिव कुमार आदि | भुनेश्वर प्रसाद | वरासतन |
| 4 | 6/4/190 जुजभाग | शान्ती पत्नी श्री विश्राम | दया शंकर | रजि0 बैनामा 19/08/2023 |
| 5 | 6/2/88 | अमर कुमार आदि | राम किशुन धनीराम केवट | वरासतन |
| 6 | 10/7/89 | गिरजेश कुमारी, नीतू पुत्री स्व0 वंशगोपाल | श्रीमती कृष्ण कुमारी पत्नी वंश गोपाल | वरासतन |
| 7 | 10/5/144 | मनोज कुमार गौतम, कृष्ण मुरारी गौतम पुत्रगण स्व0 रामलौट | शान्ती देवी पत्नी स्व0 रामलौट | वरासतन |
| 8 | 13/1/44 | रामा देवी चेली स्व0 सालिक राम दास | श्री सालिकराम दास चेला बलदेव दास | वरासतन |
| 9 | 13/1/131 | सुधा रानी पुत्री रामकेतार | राम केतार श्री राम | हिबानामा 15/11/2022 |
| 10 | 24/1/3 | श्री सुदामा जी गुप्ता पुत्र स्व0 सुरेन्द्र नाथ गुप्ता | श्रीमती सुदामा देवी | वरासतन |
| 11 | 24/3/40 | शिव शंकर यादव रामशंकर यादव पुत्रगण स्व0 बजरंगी लाल यादव | श्री बजरंगी लाल यादव राम सेवक दास | वरासतन |
| 12 | 43/2/116 | फागूलाल, लालमन पुत्रगण श्री राम | श्रीराम पुत्र बद्री | वरासतन |
| 13 | 43/2/141 | विनोद कुमार तिवारी पुत्र तारकेश्वर तिवारी | श्री तारकेश्वर तिवारी | वरासतन |
| 14 | 54/2/157 | सत्य नारायण दास चेला स्व0 प्रेम दास | श्री प्रेमदास चे0 निर्मल दास | रजि0 महज्जरनामा 19/12/2023 |
| 15 | 8/5/18 | सीताराम दास साधक चेला मं0 भरत दास | भरत दास चे0 अवध बिहारी दास | रजि0 तर्क0 सरवराहकारी 11/09/2023 |
| 16 | 54/2/42 1/2 भाग | घनश्याम दास चे0 स्व0 राम कृपाल दास | राम कृपाल दास | रजि0 महज्जरनामा 28/02/2023 |
| 17 | 55/6/29 | श्री संजय उर्फ संतोष दास चेला स्व0 चन्द्रभान उर्फ राम चरित्र दास | राम चरित्र दास उर्फ चन्द्रभान दास | रजि0 वसीयतनामा 06/02/1990 |
| 18 | 48/3/131A | मधू पत्नी हरीश कुमार | ऊषारानी मिश्र पत्नी स्व0 राम बदल मिश्र | रजि0 बैनामा 08/11/2023 |
| 19 | 8/1/113 | श्री कृष्ण कुमार गुप्ता आदि | भोलानाथ मिश्रा | रजि0 बैनामा 07/03/2022 |

**जोनल अधिकारी**
**नगर निगम अयोध्या**


## सार-संक्षेप

### भाजपा किसी भर्ती परीक्षा को पूरा नहीं कराना चाहती: अखिलेश

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए तो हर हथकंडा अपनाती है लेकिन वो नौकरी देने के नाम पर मुकर क्यों जाती है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि, भाजपा किसी भर्ती परीक्षा को पूरा नहीं कराना चाहती है। न नौकरी देना चाहती है, न आरक्षण। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकांउट से कहा कि यह एक बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा बृजेश पाल ने फांसी लगाकर जान दे दी और ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां जला डाली।

### ब्लड बैंक में दलाली प्रकरण की होगी जांच

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** ललितपुर स्थित स्टेट मेडिकल कॉलेज के ''ब्लड बैंक में दलाली'' प्रकरण की जांच होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कॉलेज के प्रधानाचार्य को कमेटी गठित कर प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिये हैं। प्रधानाचार्य ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की है। उन्होंने एक सप्ताह जांच पूरी कर रिपोर्ट तलब की है। जांचोपरान्त यदि किसी भी चिकित्सक या मचारी की संलिप्तता पाई गयी तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। वहीं, ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले सहारनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर को बर्खास्त करने के निर्देश भी दिये हैं। पैथोलॉजी विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवानी शर्मा लंबे समय से बिना बताए गैरहाजिर हैं।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा इलाके से तीन माह पहले लापता हुई 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने बताया पीड़ित मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। शुक्रवार सुबह सूचना मिली की नाबालिग के साथ युवक चनखरा मोड़ के पास है। पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ की। आरोपी की पहचान जालौन के उरई कोतवाली अंतर्गत सरसोखी निवासी सौरभ के रूप में हुई। किशोरी ने बताया कि आरोपी ने उसके संग गई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। किशोरी का मेडिकल परीक्षण करा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मामूली विवाद पर युवक को पीटा, चेन लूटने का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** अमौसी निवासी सुमित अवस्थी गुरुवार को बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में सैनिक स्कूल के पास ऋषभ की कार खड़ी थी। सुमित का आरोप है कि उन्होंने ऋषभ से कार हटाने को कहा तो छह अज्ञात साथी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उनकी पिटाई कर चेन लूटकर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक चेन लूट की बात गलत है। मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर में चोरी कर रहे आरोपी को पकड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इलाके के एक मंदिर में गुरुवार को चोरी कर रहे आरोपी को पकड़ कर लोगों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। गहरू निवासी करुणा शंकर उपाध्याय ने बताया सुबह करीब 10 बजे सर्व इच्छापूर्ति बालाजी मंदिर में एक व्यक्ति फर्श में जाम त्रिशूल तोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसके अलावा आरती यंत्र, घड़ा व अन्य सामान झोले में भर रहा था। करुणा शंकर पहुंचे तो उसने भागने का प्रयास किया। चोरी की आशंका होते ही उन्होंने शोर मचा दिया, मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोपी की पहचान हरदोई जिले के हरपालपुर थानान्तर्गत श्यामपुर पंजा निवासी अमित कुमार मिश्रा उर्फ अमित गिरी के रूप में हुई। करुणा शंकर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### एलपीजी सिलेंडर विक्रेता समेत तीन को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के मल्लपुर निवासी राकेश कुमार गुरुवार को गोदाम के पास एलपीजी सिलिंडर बेच रहे थे। इस बीच कुत्ते बकरियों को दौड़ाने लगे। उन्होंने कुत्ते को भगाने की कोशिश की तो स्थानीय निवासी लईक, सलमान, हारुन और आसिफ व 20 अज्ञात लोग ने लाठी–डंडों से पिटाई कर दी। मदद को पहुंचे साथी बेचे लाल व अशोक को भी आरोपियों ने पीट दिया। इसमें तीनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने चोरी के आरोप में लखीमपुर खीरी के सदर निवासी राजेश को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से सोने–चांदी गहने बरामद किये गये हैं। उधर, कैसरबाग पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज लगाकर लोन लेने वाले आरोपी जानकीपुरम निवासी नीरज अग्रवाल को गिरफ्तार किया। आरोपी ने दस्तावेज लगाकर नकली सोना रख लोन लिया था। इधर, चिनहट पुलिस ने बंद मकानों से चोरी करने वाले आरोपी अयोध्या के पटरंगा निवासी साहबे आलम को गिरफ्तार कर चोरी के तीन बंडल तार समेत अन्य माल बरामद किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### छह माह के लिए जिला बदर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से चिनहट निवासी विजय कुमार रावत को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। उस पर विभिन्न थानों में लूट, छेड़छाड़, मारपीट आदि के मामले दर्ज हैं।

# निजी कंपनी की मदद से सुधरेंगे आईटीआई-पॉलीटेक्निक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीकेटी, गोरखपुर के आईटीआई की स्थिति जर्जर
- बीकेटी में 368, गोरखपुर आईटीआई में 90 छात्र अध्यनरत हैं, पॉलीटेक्निक में 120 छात्र

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित दो आईटीआई और एक पॉलीटेक्निक की स्थिति जर्जर है। इन आईटीआई और पालीटेक्निक की दशा निजी कंपनियों और बैंक की मदद से सुधार जाएगी। दो निजी कंपनी और एक बैंक ने सीआरएस फंड (कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिल्टी) के तहत मदद का आश्वासन दिया है।

आईटीआई बक्शी का तालाब में 368, गोरखपुर आईटीआई में 90 और मोहान रोड स्थित पालीटेक्निक में 120 छात्र अध्यनरत हैं। दोनों आईटीआई और पालीटेक्निक की स्थिति जर्जर हो रही है। इनकी मरम्मत की जरूरत है। आईटीआई में जिन मशीनों से छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है वे भी काफी पुरानी हो गई हैं। इनकी मरम्मत कराने के लिए समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नोएडा की एक कंपनी के अलावा एचएएल और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से बात की है। उन्होंने बताया कि तीनों ने मदद का आश्वासन दिया है। नए वित्तीय वर्ष में सीआरएस फंड से कंपनियां मदद करने को तैयार है। आईटीआई और पालीटेक्निक की मरम्मत में कितना खर्च आएगा इसका प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। कंपनी या बैंक से आर्थिक मदद मिलने के बाद नए वित्तीय वर्ष में मरम्मत का काम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अनुदेशात्मक माध्यम संस्थान (निमी) से आईटीआई और पालीटेक्निक को दस लाख कीमत की पुस्तकें दिलाई गई हैं।

### प्रवेश पत्र न आने से छात्र की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार,काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमेठिया सलेमपुर गांव निवासी छात्र शिवम् रावत को इंटरमीडिएट की परीक्षा का प्रवेश पत्र न आने से छात्र की तबियत बिगड़ गई। जिसको लेकर आनन–फानन में परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। पिता शिवलाल के अनुसार शिवम गांव स्थित अमन पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र है। बीते गुरुवार को शिवम का हिंदी का पहला पेपर था लेकिन उसका प्रवेश पत्र नही आया था। जिसको लेकर शिवम काफी परेशान रहने लगा था और डिप्रेशन के चलते शुक्रवार की देर शाम अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई।जिससे छात्र शिवम को परिजनों ने आनन–फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। शिवम अमन पब्लिक स्कूल का छात्र है जबकि स्कूल की मान्यता केवल कक्षा आठ तक ही है। अमन के अनुसार स्कूल वालो ने ठाकुरगंज स्थित चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल से इंटर का फार्म भरवाया था।

# तेज रफ्तार स्कूल बस पलटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गनीमत रही बस में नहीं थे बच्चे, चालक-क्लीनर बस छोड़ कर मौके से फरार

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को एक तेज रफ्तार स्कूली बस भुवर पुल रेलवे फ्लाईओवर के ऊपर अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत यह रही कि इस बस में कोई भी स्कूली बच्चा नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा होता। मौके से चालक और परिचालक बस छोड़कर फरार हो गए। परिवहन अधिकारियों ने संबंधित स्कूल प्रबंधन से 24 घंटे में जवाब मांगा है। समय से उत्तर न मिलने पर विद्यालय की मान्यता निलंबित करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

अवध कॉलिजिएट की बस संख्या यूपी 32 क्यू एन- 9855 दुबग्गा से पारा नहरिया की ओर आ रही थी। इसकी रफ्तार अधिक थी। रेलवे पुल के पास बने डिवाइडर पर अनियंत्रित होकर यह स्कूली बस पलट गई। बस के पलटते ही किसी तरह चालक और क्लीनर गाड़ी से बाहर निकले और बस छोड़कर भाग खड़े हुए। बता दें कि यह बस स्कूल से बच्चों को लेने जा रही थी कि इसी बीच दुर्घटना हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर ठाकुरगंज पुलिस पहुंची। कालेज प्रबंधन से जुड़े लोग जानमाल का नुकसान न होने की बात कहते हुए बस को अपने साथ ले आए।

आरटीओ संदीप कुमार पंकज ने बताया कि मामला संज्ञान में आ गया है। स्कूल प्रबंधन को चेतावनी नोटिस दी गई है। इसमें बस चालक द्वारा तेज रफ्तार गाड़ी चलाए जाने का मामला स्पष्ट रूप से सामने आया है। इस लापरवाही पर तत्काल स्पष्टीकरण संभागीय परिवहन कार्यालय का उपलब्ध कराएं। चालक का लाइसेंस पेश करें। 24 घंटे के भीतर जवाब न देने पर विद्यालय की मान्यता निलंबन के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक 1077 /न0पा0परि0सुल0/2023–24 दिनांक 23.02.2024

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 की अवधि हेतु तालिका में उल्लिखित शौचालय के सचालन एव शौच शुल्क वसूली हेतु निविदा दिनाक 22/02/2024को निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनाक 02/03/2024 तक पालिका के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनाक 04/03/2024को अपरान्ह 02.00 बजे तक डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में निविदादाता की उपस्थिति / अनुपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क 1000/– + जी0एस0टी0 एवं तालिका में लिखित जमानत धनराशि की डी0डी0 जमा करना होगा। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से भी ज्ञात की जा सकती है।

| क्र. | स्थल का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि (डी0डी0) | निधारित प्रति व्यक्ति (एकबार) शुल्क रूपये में: शौच | स्नानागार | कमोड युक्त शौचालय | मूत्रालय | निम्नलिखित दरों पर धनराशि (प्रतिदिन) रू0 में। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नगर पालिका गेट के सामने स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 50,000.00 | 5.00 | 10.00 | 17.00 | 2.00 | 616/– |
| 2 | सुपर मार्केट स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 50,000.00 | 5.00 | 07.00 | – | – | 781/– |
| 3 | राहुंल चौराहा स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 10,000.00 | 5.00 | 07.00 | – | 2.00 | 100/– |
| 4 | निरालानगर पुलिस चौकी स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | 07.00 | 17.00 | 2.00 | 80/– |
| 5 | तहसील परिसर कोतवाली स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 50,000.00 | 5.00 | 10.00 | 17.00 | 2.00 | 682/– |
| 6 | जिला अस्पताल स्थित सुलभ शौचालय | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 50,000.00 | 5.00 | 10.00 | 17.00 | 2.00 | 1238/– |
| 7 | लालडिग्गी (टैक्सी स्टैण्ड) | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 100/– |
| 8 | गोलाघाट (टैक्सी स्टैण्ड) | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 150/– |
| 9 | गभड़िया (टैक्सी स्टैण्ड) | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 80/– |
| 10 | पयागीपुर (टैक्सी स्टैण्ड) | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 80/– |
| 11 | करौदिया (टैक्सी स्टैण्ड) | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 100/– |
| 12 | गन्दानाला वेन्डिंग जोन | 1000+18% जी0एस0टी0 =1180 | 5,000.00 | 5.00 | स्नानागार उपलब्ध नहीं है | 5.00 | 2.00 | 80/– |

नियम व शर्ते:–
1.नगर पालिका के समस्त प्रकार के बकाये की अदेयता का प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
2.निविदादाताओं द्वारा प्रतिदिन की दर से उल्लिखित धन का 02 माह का जोड़कर जितनी धनराशि बनेगी ठेकेदार को उतनी धनराशि की डी0डी0 अग्रिम के तौर पर निविदा के साथ दाखिल करनी होगी। अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
3.जमानत धनराशि उपरोक्त तालिका के अनुसार डी0डी0 के माध्यम से निविदा के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगी।
4.महीने के अन्तिम तिथि से पहले माह की सम्पूर्ण धनराशि अग्रिम के रूप में जमा करनी होगी। अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
5.शौचालय की साफ–सफाई एवं विद्युत विल की अदायगी की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। तथा शौचालय का संचालन एवं रख रखाव ओ0डी0एफ0प्लस प्लस के मानकों का शतप्रतिशत अनुपालन करना होगा।
6.किसी भी प्रकार की बकाये की वसूली भू–राजस्व की भांति आर0सी0 के माध्यम से की जायेगी।
7.निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अध्यक्ष नगर पालिका परिशद सुलतानपुर को होगा।
8.पालिका द्वारा निर्धारित शौच शुल्क ही ठेकेदार को वसूली करना होगा, और निविदा में निर्धारित प्रति व्यक्ति (एक बार) शुल्क से ज्यादा वसूली नहीं करना है।
9.शर्तो का उल्लघंन करने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर को ठेका निरस्त करने का अधिकार होगा।
10.ठेकेदार को स्टाम्प एक्ट के अन्तर्गत वांछित स्टाम्प पर अपने खर्च पर अनुबन्ध कराना होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

> बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।



संजय वर्मा
इंदौर

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहाः 'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहाः 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछाः 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए। नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे 'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैंः चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

## एक नजर

### बैनामे से पूर्व रुपये लेकर विक्रेता की पत्नी फरार

**फतेहपुर बाराबंकी, अमृत विचार :** भूमि के बैनामे से पहले रुपये लेकर विक्रेता की पत्नी उपनिबंधन कार्यालय से फरार हो गई। इसके बाद विक्रेता ने रुपये न मिलने की बात कहते हुए बयान देने से इंकार दिया। मामला फतेहपुर कोतवाली का है। घुंघटेर के अकबरपुर के शैलेन्द्र ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने रामलखन से एक भूमि का सौदा किया। बैनामा शुक्रवार को होना था। राम लखन अपनी पत्नी सीमा, सर्वेश व अन्य लोगों के साथ आया। यहां अधिवक्ता रमेशचन्द्र के यहां 2.40 लाख रामलखन की पत्नी को दिया। इसके बाद वह फरार हो गई।

### 670 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स थाने की टीम ने शुक्रवार को तीन तस्करों को 670 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। एएनटीएफ थाने के प्रभारी निरीक्षक अयनुद्दीन की टीम ने शुक्रवार को जहांगीराबाद थाने के फैजुल्लागंज स्थित एक बेकरी के सामने से जैदपुर थाने के टिकरा मुर्तजा निवासी मो. कैफ व मुसैब तथा नगर कोतवाली के असदनगर, दशहराबाग निवासी मो. जमीर उर्फ फिरोज को 670 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। जहांगीराबाद थाने ले जाकर केस दर्ज कराने के बाद तीनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

### घर में फंदे से लटका मिला छठवीं की छात्रा का शव

**टिकैतनगर बाराबंकी, अमृत विचार :** खमोली निवासिनी रूमा (12) पुत्री समर बहादुर का शव गुरुवार देर शाम घर में कमरे की छत के हुक से फंदे से लटकता मिला। टिकैतनगर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। रूमा कक्षा 6 की छात्रा थी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# मंगेतर से फोन पर बात की और फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गिरवां थाना क्षेत्र के बहुंडरी पुरवा में हुई घटना
- फांसी लगाने के लिए साड़ी का लिया सहारा

**अमृत विचार:** गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव के मजरा बहुंडरी पुरवा में एक युवती ने मंगेतर से बात करने के बाद गुरुवार की दोपहर को साड़ी से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। कमरा बंद करके उसने घटना को अंजाम दिया। शाम को खेत से घर लौटे पिता ने देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


बहुंडरी पुरवा निवासी ममता (18) पुत्री रामकुमार ने गुरुवार की दोपहर को कमरा बंद करने के बाद छत के छल्ले में साड़ी फंसा कर गले में फंदा कस लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त पिता खेत में काम पर गया हुआ था। गुरुवार की शाम को पिता जब खेत से घर वापस आया तो दरवाजा बंद था। कुंडी खटखटाने पर कोई हरकत नहीं हुई। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो ममता का शव फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# मुस्लिम युवक की शादी का कार्ड बना चर्चा का विषय

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के सफीपुर गांव निवासी एक मुस्लिम समाज के ग्रामीण ने अपने बेटे के विवाह के लिए हिंदू रीति रिवाज के तहत कार्ड छपवाया है। यह कार्ड जिले में वायरल हो रहा है। कार्ड देखकर लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं।

मुस्लिम शादी का हिंदू समुदाय की तरह छपा शादी का कार्ड जिले में बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। हर तरफ इसको लेकर चर्चा हो रही है और लोग सोच में है कि आखिर माजरा क्या है। शादी के कार्ड में दूल्हा-दुल्हन और रिश्तेदारों के नाम तो मुस्लिम है। मगर शादी का कार्ड पूरे हिंदू रीति के अनुसार छपा है। जिस पर शादी की तारीख 29 फरवरी और पता बहराइच के कैसरगंज के गांव का है। इसी वायरल शादी के कार्ड की पड़ताल करने के लिए दूल्हे के पिता सफीपुर गांव के रहने वाले अजहुल कमर से संपर्क कर उनसे वायरल हो रहे शादी के कार्ड के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया के मेरे बेटे समीर अहमद की शादी 29 फरवरी को जरवल रोड निवासी जुमेराती की बेटी सानिया खातून से होनी है और हमने अपने हिंदू भाइयों को निमंत्रण देने के लिए हिंदू रीति के अनुसार शादी के कार्ड छपवाए है। हमारे गांव सफीपुर और कई जगह हमारे हिंदू भाइयों को निमंत्रण देना था तो हमने सोचा क्यों ना उनके लिए हिंदू रीति के अनुसार कार्ड छपवाए जाए, हमने परिवार रिश्तेदारों और मुस्लिम भाइयों के लिए उर्दू में भी कार्ड छपवाएं है जो की हिंदू भाई पढ़ नहीं पाएंगे। इसलिए हमने अपने हिंदू भाइयों को बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए ऐसा कार्ड छपवाया है। अजहुल कमर ने आगे बताया की हमने शादी में हिंदू भाइयों के लिए प्रीति भोज का कार्यक्रम एक दिन पहले ही रखा है। अजहूल कमर ने बताया की जब से हमने कार्ड बाटने शुरू किए है तब से कई फोन आ चुके है लोग उत्सुकता वश पूछते है की ये कैसा कार्ड छपवाया है तो जब हमने लोगो को बताया तो लोग काफी खुश हुए और हमारे इस कदम की सराहना की।



मुस्लिम युवक की शादी का कार्ड। अमृत विचार

**एकता की दे रहे मिसाल**

मुस्लिम शादी का हिंदू रीति के अनुसार छपे इस कार्ड ने समाज में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पैदा की है जो भाईचारे की डोर को और मजबूत बनाने के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है। वायरल हो रहा शादी का ये कार्ड हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम घर-घर पहुंचा रहा है।

# सड़क हादसों में 7 लोगों की गई जान

दो जनपदों में हुए सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हुए हैं। फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें 4 युवकों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, सुलतानपुर में झपकी लगने से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 123 किमी पर कूरेभार थाने के सेउर के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में माता-पिता और पड़ोस की एक महिला की मौत हो गई जबकि कार चला रहे बेटे की हालत गंभीर है।

## फर्रुखाबाद में बाइकें भिड़ीं, चार की मौत




**फर्रुखाबाद, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदाबाद के गांव भरतपुर रसूलपुर के रहने वाले बृजमोहन (23) अपने चचेरे भाई अजय (18) के साथ फतेहगढ़ में अपनी बुआ के यहां से भरतपुर आ रहे थे। इसी दौरान फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास बने जायका होटल के पास आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इससे दोनों मोटर साइकिलों पर सवार पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जब तक लोग उपचार के लिए ले जाते तब तक चार की मौत हो गई। इन चचेरे भाइयों की पहचान गांव भरतपुर के यदुवीर सिंह ने की। वहीं दूसरी तरफ खूंटादेव के रहने वाले अमन ने बताया कि अंकित पुत्र सुभाष निवासी खूंटा देव तथा महेंद्र सिंह पुत्र रामपाल निवासी हुसैनपुर नोखण्डा व उसका भाई आशीष एक बाइक पर सवार थे। जिनमें अंकित और महेंद्र की घटना स्थल पर मौत हो गई। आशीष गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल आशीष पुत्र गुड्डू निवासी खूंटा देव थाना कमालगंज महेंद्र और अंकित के साथ याकूतगंज में किसी शादी में शामिल होने जा रहे थे।

## सुलतानपुर में डिवाइडर से टकराई कार, 3 मरे



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद से विकास गुप्ता (32) अपने पिता रामचंद्र गुप्ता (55), माता माया देवी (52) और वहीं पड़ोस की ही आंटी चिंता देवी (55) पत्नी श्याम बिहारी यादव को लेकर आई-10 कार से आरा, पटना (बिहार) के रास्ते जा रहे थे। सुलतानपुर जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर के पास 123 किमी पर विकास को नींद आ गई और बेकाबू होकर उसकी कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा राहत बचाव टीम कूरेभार एसओ अनिल कुमार मिश्रा के साथ चारों लोगों को कार से निकलवाकर जिला मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा। जहां पर रामचंद्र, माया देवी व चिंता देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि, गंभीर रूप से घायल विकास का इलाज शुरू किया। गंभीर हालत होने के चलते विकास को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। शाम को पहुंचे परिजनों ने विकास को अच्छे इलाज के लिए साथ लेकर गए।

# रास चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे सोलंकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अदालत से**
- एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने याचिका की खारिज
- सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी का मामला

**अमृत विचार।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। उनके वकील की तरफ से झारखंड विधानसभा का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे।



जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में बंद हैं। सोमवार को सपा विधायक के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति एमपीएमएलए कोर्ट से मांगी गई थी। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई की गई। इरफान के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर से तर्क दिया गया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। इसके मद्देनजर सपा विधायक को भी राज्यसभा चुनाव में शामिल होने की अनुमति दी जाए। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने कोर्ट में इरफान सोलंकी की याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इरफान की याचिका पैरोल या शॉर्ट बेल जैसी प्रतीत हो रही है जिसपर निर्णय लेने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को नहीं है। जिसपर कोर्ट ने सहमति जताई। उन्होंने बताया कि एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्रनाथ त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद इरफान की याचिका खारिज कर दी।

# विश्व हिन्दू परिषद के दिग्गजों का जमावड़ा आज

- कारसेवकपुरम में 28 फरवरी तक होगी अखिल भारतीय प्रन्यासी मंडल और केन्द्रीय पदाधिकारियों की बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय प्रन्यासी मंडल और केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक शनिवार से 28 फरवरी तक कारसेवकपुरम् में होगी। इसे लेकर वृहद स्तर पर तैयारी की गई है।

बैठक को लेकर विहिप के शीर्ष पदाधिकारियों का आना शुरू हो गया है। मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान विहिप की अखिल भारती बैठक एक दो बार तो हुई, लेकिन अखिल भारतीय प्रन्यासी मंडल की बैठक नहीं हुई। पहली बार शनिवार से होने जा रही है। बताया कि कारसेवकपुरम् में बैठक की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 400 प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था वाटर एंड एयर प्रूफ पंडाल में की गई है। भोजन और निवास की व्यवस्था भी हो चुकी है।


शरद शर्मा

**मुख्य प्रवेश द्वार पर तैनात रहेंगे बजरंगी**

बैठक को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सेवकपुरम के मुख्य द्वार पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। यही नहीं विहिप ने अपने युवा अनुसांगिक संगठन बजरंग दल के सदस्यों को भी द्वार पर अलग से तैनात कर रखा है।

**ये शीर्ष पदाधिकारी पहुंचे अयोध्या धाम**

विहिप संरक्षक दिनेशचंद्र, अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह, कार्याध्यक्ष अलोक कुमार, उपाध्यक्ष चम्पत राय, धर्मनारायण शर्मा, जीवेश्वर मिश्र, मीनाताई भट्ट, मीनाक्षी पिश्वे, संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय, महामंत्री मिलिंद परांडे, सयुंक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, डॉ. सुरेंद्र जैन, स्तानु मलयम्, स्वामी विज्ञानानंद सहित राजेंद्र सिंह, अम्बरीष सिंह, हरीशंकर, प्रज्ञा महाला, सरोज सोनी, विजय शंकर तिवारी, क्षेत्र संगठन मंत्री, गजेंद्र सिंह, मनोज वर्मा, सोहन सोलंकी जैसे विहिप के शीर्ष पदाधिकारी आ गए हैं।

## पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** थानाक्षेत्र धम्मौर में पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौच के नौ साल पुराने मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टली। एडीजीसी वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए एक मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# पेपर लीक का साक्ष्य मांगना तानाशाही

**विरोध**
- हजारों अभ्यर्थियों ने यूपी लोक सेवा आयोग के गेट पर प्रदर्शन कर रखी अपनी मांग
- लीपापोती का लगाया आरोप न्याय पाने को कुछ भी करने को दिखे तैयार

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों का चल रहा विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा किया। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। एसीपी अभ्यर्थियों को समझाते रहे लेकिन प्रदर्शनकारी दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग पर अड़े रहे।


पेपर लीक के विरोध में लोक सेवा आयोग के गेट पर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी।

11 फरवरी को आरओ/एआरओ का पेपर लीक हुआ था जिसे लेकर अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचे और परीक्षा रद करने की मांग करने लगे। इसके बाद आयोग द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्ष्य प्राप्ति के बाद भी आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस पर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग के गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। भीड़ व बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों का कहना कि पहले पेपर रद किया जाए और फिर से हो। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को भी आड़े हाथ लिया।

# वन स्टॉप सेंटर में दुष्कर्म पीड़िता का कराया गर्भपात

**हरदोई, अमृत विचार:** वन स्टॉप सेंटर में रखी गई दुष्कर्म की शिकार किशोरी के यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट रिपोर्ट पाज़िटिव आने पर आरोपी की मां ने वहां के कर्मचारी से सांठ-गांठ कर दवाई खिला कर जबरन गर्भपात करा दिया। पुलिस ने आरोपी की मां व वन स्टॉप सेंटर के एक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने कोर्ट में दायर की अर्ज़ी में कहा है कि 7 अक्टूबर 2023 को बाल कल्याण समिति ने उसकी पुत्री को राजकीय बाल गृह सिंधी खेड़ा पारा लखनऊ में रोका था। उसके बाद उसे फिर बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया जिस पर समिति ने मेडिकल चेकअप के लिए पास के अस्पताल में टेस्ट ज़रूरी बताया लेकिन फिर भी जांच अधिकारी ने पीड़िता को तय तारीख पर बिना जांच रिपोर्ट के साथ समिति के सामने पेश किया। 14 फरवरी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय ने पीड़िता को मेडिकल प्रोटेक्शन के लिए उसे वन स्टाफ सेंटर भेजा और आगे की कार्रवाई के लिए 27 सितंबर 2023 की तारीख तय की गई। पीड़िता की तरफ से दाखिल अर्ज़ी पर कोर्ट ने वन स्टाफ सेंटर हरदोई के कर्मचारी व टड़ियावां थाना के कस्बा गोपामऊ के मोहल्ला टिकरी की सुशीला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश दिया।

## महादेवा मेले में दुकानों से न हो सके वसूली : एसडीएम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने शुक्रवार को महादेवा मेले का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर परिसर का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद खंड विकास अधिकारी रामनगर व सूरतगंज को पर्याप्त सफाईकर्मियों को लगाकर कार्य अविलंब पूर्ण कराया जाने के लिए कहा। ग्राम प्रधान राजन तिवारी से कहा कि मेला परिसर में जो भी ग्राम समाज की जमीन है, उस पर लगने वाली दुकानों से कोई प्राइवेट आदमी वसूली न करने पाए। एसडीएम ने पुलिस चौकी के पास खड़े वाहनों को हटवाए जाने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने महादेवा मीतपुर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और जिला पंचायत के कर्मचारियों को इस मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# 'चुनाव में बढ़ेगा जीत का अंतर'

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को लोकसभा कलस्टर चुनाव प्रबधंन समिति और विधानसभा संयोजक प्रभारी सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में अवध क्षेत्र की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने का मंत्र दिया। 5 घंटे तक चली बैठक के बाद सीएम ने खैराबाद स्थित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। गोपनीय बैठक के दौरान सीएम ने खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख लोकसभा के संचालन समिति की बैठक कर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने लोक सभा के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोकसभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें।



सीतापुर दौरे पर पहुंचे सीएम भजन लाल शर्मा ने सर्वप्रथम नैमिषारण्य पहुंचकर मां ललिता देवी के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम ने नैमिषारण्य के साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाइद सीएम ने शहर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में कलस्टर समिति की बैठक का दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने लोकसभा के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोक सभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। यूपी में सीएम योगी ने 80 सीटें जीतने का वादा किया है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आमजनमानस को बताकर प्रदेश की सभी अस्सी सीटों को जीते और बीते लोक सभा चुनाव में जीत के अंतर को और बढ़ाना है।

## सार-संक्षेप

### बैंक में फर्जी खाता खोलकर गबन किए फीस के 19 लाख

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज से विवादों का नाता खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच बैंक में फर्जी खाता खोलकर निर्धारित शुल्क, अतिरिक्त शुल्क व पीटीए की 19 लाख की रकम कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने अपने सहयोगी प्रवक्ता, व्यायाम शिक्षक व परिचारक के साथ मिलकर गबन कर ली। इसका खुलासा होने पर कॉलेज के प्रबंधक ने गुरुवार को हैदरगढ़ कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज कराया। मामला हैदरगढ़ के रनापुर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज का है। यहां के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके कॉलेज का खाता कोआपरेटिव बैंक में है। इस खाते के अलावा कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने कूटरचित दस्तावेज से फर्जी खाता खुलवा लिया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में निर्धारित शिक्षण शुल्क के 9,11400 रुपये, बच्चों को डरा-धमकाकर प्रति छात्र 400 रुपये अतिरिक्त शुल्क के रूप में वसूले गए 787200 रुपये तथा पीटीए की 193200 रुपये की धनराशि गबन कर ली। कार्यावाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने अपने सहयोगी प्रवक्ता भगत सिंह, व्यायाम शिक्षक राकेश सिंह और परिचारक मथुरा प्रसाद मौर्य के साथ मिलकर इस दौरान कुल 18 लाख 91 हजार 804 रुपये की धनराशि का गबन किया गया। पुलिस ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य समेत चारों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

### हत्या में तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**कानपुर, अमृत विचार :** पनकी थानाक्षेत्र में वर्ष 2019 में पुरानी रंजिश में युवक की गोली मार कर हत्या के मामले में शुक्रवार को एडीजे प्रथम की कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास व 32-32 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। पनकी, दमगड़ा गांव निवासी विनय कुमार धनगर ने वर्ष 2019 में पनकी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि दो अक्टूबर 2019 को उसके पिता श्रवण कुमार पाल मौसा अनिल पाल के साथ स्कूटी से सरसई मंदिर से लौट रहे थे, जबकि वह पीछे-पीछे बाइक से आ रहा था। विनय के मुताबिक डी.आर पब्लिक स्कूल के पास पहले से घात लगाए धर्मेंद्र पाल ने श्रवण कुमार को गोली मार दी। धर्मेंद्र के भाई अंकित व संजय ने श्रवण पर बांका व कुल्हाड़ी से वार कर दिया। विनय पर भी हमला किया, जिससे वह घायल हो गया था। घटना में श्रवण की मौके पर मौत हो गई थी। पनकी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तीनों आरोपियों को जेल भेजा था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे) प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि चश्मदीद विनय कुमार व उसके मौसा अनिल कुमार समेत नौ गवाहों ने बयान दिए थे। कोर्ट ने तीनों भाईयों को उम्र कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

### 4 स्थानों पर टूटा घाघरा पर बने संजय सेतु का ज्वॉइंटर

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घाघरा नदी पर बने संजय सेतु में ज्वॉइंटर (लोहे का गार्डर) चार स्थानों से टूट गया। इसके चलते आवागमन ठप हो गया। कई किलोमीटर तक वाहनों का लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन साइड व्यवस्था कर जाम खत्म कराया और इसकी जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंची टीम बोरियों में बालू भरकर डाल कर चली गई। हैरत की बात तो यह है कि पड़ोसी देश नेपाल से राजधानी लखनऊ को जोड़ने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत व रखरखाव के प्रति जिम्मेदार अधिकारी उदासीन हैं। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घाघरा नदी के संजय सेतु का ज्वॉइंट चार जगह टूट गया जिससे राजधानी लखनऊ से नेपाल, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती समेत कई अन्य जिलों का आवागमन ठप हो गया।

**योजना** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी दौरे के दौरान वर्चुअली किया उद्घाटन

# अब सरयू में कीजिए वॉटर मेट्रो से सफर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रद्धालु और पर्यटक अब सरयू नदी में वाटर मेट्रो में जल विहार का आनंद ले सकेंगे। इसका संचालन संत तुलसीदास घाट से गुप्तारघाट के बीच होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी दौरे के दौरान वर्चुअली अयोध्या में वाटर मेट्रो का शुभारंभ किया।

तकनीकी सहायक बी गुप्ता ने बताया कि सरयू के किनारे संत तुलसी घाट से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाटर मेट्रो करीब 14 किलोमीटर का सफर गुप्तार घाट तक तय करेगी। इसमें एक साथ लगभग 50 यात्री जल विहार का आनंद उठा सकेंगे। वॉटर मेट्रो में 50 सीटें हैं। उन्होंने बताया केंद्रीय जलमार्ग मंत्रालय द्वारा इसको अगले कुछ दिनों में राज्य सरकार को हैंडओवर किया जाएगा। इसके बाद इसका परिचालन राज्य सरकार करवाएगी। इस वाटर मेट्रो की लागत वाराणसी एवं अयोध्या में प्राधिकरण के द्वारा दिए गए इलेक्ट्रिक कैटामरान नौका की लागत 36 करोड़ रुपये हैं।



**वाटर मेट्रो की खासियत**
- 50 सीटर एमवी (मोटर व्हिकल) बोट यानी वाटर मेट्रो का नाम कैटा मेरन वैसेल बोट है।
- वाटर मेट्रो बोट को पूरा एयरकंडीशन बनाया गया है, जिसमें यात्रियों की जानकारी के लिए डिस्प्ले भी लगाया गया है।
- यात्रियों के केबिन के आगे बोट पायलट का केबिन अलग बनाया गया है।
- एक बार में इलेक्ट्रिक से चार्ज होकर यह वाटर मेट्रो बोट एक घंटे की यात्रा करने मे सक्षम है।
- किसी भी आपात अवस्था के लिए बोट में जीवन रक्षक जैकेट्स व अन्य उपकरण भी रखे गए हैं।

## चोरी की 6 बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पांच दिन पहले नगर कोतवाली पुलिस ने दो आटोलिफ्टरों को गिरफ्तार कर चोरी की 16 बाइकें बरामद की थी। इनसे पूछताछ के बाद पुलिस के हाथ लगे अहम सुराग के बाद शुक्रवार को कोतवाली पुलिस इसी गिरोह के दो आटोलिफ्टर को पकड़ चोरी की छह बाइकें बरामद की। इसमें एक बाइक पर स्कूटी का नंबर मिला। पुलिस ने दो आरोपियों को पूर्व में दर्ज मुकदमे में बरामदगी और जालसाजी और कूटरचना की धारा बढ़ाते हुए जेल भेज दिया। नगर कोतावाली के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी की टीम ने पांच दिन पहले आटोलिफ्टर गिरोह के दो शातिरों को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइकें बरामद की। इसमें एक बाइक पर स्कूटी का नंबर मिला। सूत मिल तिराहे के पास से गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गोंडा के करनैलगंज निवासी नानबाबू और रहीस को कोतवाली लाकर कानूनी कार्रवाई

## एक नजर

### कर्फ्यू खत्म होने के बाद हुई जुमे की नमाज

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा में कर्फ्यू खत्म होने के बाद शुक्रवार को नमाज हुई। स्थानीय लोगों ने मस्जिदों में नमाज पढ़ी। इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही। आठ फरवरी को हल्द्वानी में हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। मंगलवार को बनभूलपुरा से कर्फ्यू हटाया गया। उसके बाद शुक्रवार को नमाज पढ़ी गई। नूरी मस्जिद, गफ्फारी मस्जिद, जामा मस्जिद, लाल मस्जिद, बड़ी मस्जिद, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा, अंसरान मस्जिद आदि में नमाज पढ़ी गई।

### बीजापुर जिले में चार नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों--जयसिंग मुडामी, फागूराम पोयाम, गोविन्द वट्टी और गुड्डा उद्दे को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र में पोनडवाया गांव के करीब नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त पर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बाद में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर चार नक्सलियों को पकड़ लिया।

### डंपर ने स्कूल वैन को मारी टक्कर

रामनगर : जस्सागांजा गांव की दिशा से स्कूली बच्चों को लेकर आ रही स्कूल वैन को डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। मगर वैन चालक की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। बताया जा रहा है कि स्कूल वैन कृष्ण ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की है। दुर्घटना में सभी बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। स्कूल समय पर हुई दुर्घटना को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है।

# दस वर्ष से फरार इनामी आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी, जयपुर

आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहे 25 हजार रुपये के इनामी एवं फरार आतंकवादी मोहम्मद मेराजुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ एवं अपराध) दिनेश एमएन बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार आतंकवादी नियाजउद्दीन (31) निवासी वार्ड संख्या 18 बजरिया रेलवे स्टेशन थाना गंगापुर सिटी को पकड़ा है। जयपुर एटीएस की टीम को 10 सालों से इसकी तलाश थी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में स्लीपर सेल द्वारा भारत के विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी। इस मामले में प्रदेश के सीकर, जोधपुर एवं जयपुर जिले से 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। जिनमें से 12 को कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पकडा गया आतंकवादी मोहम्मद मेराजुद्दीन घटना के वक्त से फरार चल रहा था और इसे पकड़ने के लिए इस पर एटीएस-एसओजी एडीजी द्वारा 24 जनवरी 2018 को 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# किसानों के पक्ष में फैसला...जमीन इफको के कब्जे में

## आंवला का मामला : 17 जनवरी को हाईकोर्ट ने दिया था आदेश, इफको प्रबंधन मनमानी पर अड़ा

कार्यालय संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** जमीनों को अवैध कब्जों से बचाने और मुक्त कराने के लिए चाहे जितने नियम-कानून बन जाएं। सरकारी स्तर पर कितने ही दावे किए जाएं, लेकिन रसूखदारों के आगे पूरी व्यवस्था बौनी नजर आती है। इनके लिए कोर्ट का आदेश भी कोई मायने नहीं रखता। मामला आंवला के किसानों की जमीन पर इफको के कब्जे से जुड़ा है। इफको ने किसानों की कई बीघा जमीन पर सालों से अवैध कब्जा कर रखा है। हाईकोर्ट किसानों के पक्ष में फैसला सुना चुका है, लेकिन प्रशासन किसानों को उनकी जमीन दिलाना तो दूर इफको के अधिकारियों के दबाव में इससे संबंधित जानकारी तक नहीं जुटा रहा। इफको प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश को एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी दरकिनार कर मनमानी पर उतारू हैं।

भमोरा क्षेत्र के गांव नौगवां अहिरान के राम रहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल के मुताबिक उनकी जमीन गाटा संख्या 234 रकबा

**किसानों का आरोप, अफसर ही नहीं चाहते समस्या का हो निदान**

0.089 ग्राम चकरपुर रामनगर में है। इस पर इफको की आंवला इकाई ने अवैध कब्जा कर रखा है। सेंधा गांव के ओमशंकर सक्सेना का भी यही आरोप है कि खसरा संख्या 237 के रकबा 0.3040 पर कई साल से इफको का अवैध कब्जा है। नौगवां के वेदराम सिंह, सूरजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, इस्लामाबाद के हिरान, वीरेन्द्र सिंह यादव की खसरा संख्या 51 रकबा 0.0760, धनपाल सिंह, सुखपाल सिंह, बालिस्टर सिंह, मैना देवी, बताशो देवी के खसरा संख्या 90 रकबा 0.4470, हरपाल, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, फिरोज मोहम्मद, मोनिश आदि किसानों की जमीन भी इफको के कब्जे में है।

हाईकोर्ट ने 17 जनवरी 2024 को इस संबंध में किसानों के पक्ष में फैसलाकर एसडीएम को कार्रवाई का आदेश दिया लेकिन अब तक इस आदेश का पालन नहीं हुआ। किसानों का कहना कि वे कई सालों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। एसडीएम के अलावा जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई, लेकिन उनकी जमीन इफको के कब्जे से मुक्त नहीं कराई जा सकी है। इस संबंध में इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### 1984 में शुरू हुआ इफको सयंत्र का निर्माण

इफको सयंत्र का निर्माण वर्ष 1984 में शुरू हुआ था। सयंत्र व टाउनशिप निर्माण और रेलवे लाइन बिछाने के लिए करीब 1279 एकड जमीन ली गई। इसमें करीब 496 एकड़ भूमि वनविभाग की, करीब 310 एकड़ भूमि सयंत्र के समीपवर्ती ग्राम सभाओं की और शेष जमीन 851 किसान परिवारों की है।

> कोर्ट ने जगह चिन्हित करने को कहा है। शीघ्र जगह चिन्हित कराई जायेगी। यदि इफको में किसानों की जगह पायी जाती है तो किसानों के हित में कार्रवाई की जायेगी।
> –गोविंद मौर्य, एसडीएम आंवला

# सरकार ने जीता नक्सल प्रभावित इलाकों के गरीबों का दिल : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



**सरकार की नीतियों के चलते वामपंथी उग्रवाद की कमर टूटी**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने विकास और सुरक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ नक्सलियों को जबरदस्त झटका दिया है और वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा है।

कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब अपना आधार खो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों का दिल जीत लिया है। शाह ने एक्स पर कई पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नक्सलवाद पर अंकुश लगाने के लिए एक आक्रामक रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा, वामपंथी उग्रवाद पर कड़े प्रहार के परिणामस्वरूप यह आज अंतिम सांस ले रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं पर पर्याप्त ध्यान देकर और शिक्षा बुनियादी ढांचे का निर्माण करके नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों का दिल जीत लिया है। सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण के साथ नक्सलवाद पर जबरदस्त प्रहार किया है। उन्होंने कुछ वीडियो भी पोस्ट किए जिनमें नक्सली मुद्दों, इस समस्या के कारण लोगों को हुए नुकसान और हताहतों तथा सरकार इस समस्या से कैसे निपट रही है, का विवरण दिया गया है।

### क्या कहते हैं आंकड़े

गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2004-14 की तुलना में 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में 52 प्रतिशत की गिरावट आई है और मृतकों की संख्या 69 प्रतिशत घटकर 6035 से 1868 हो गई है। इनके अनुसार इसी तरह वामपंथी उग्रवाद की घटनाएं 14,862 से घटकर 7,128 रह गई हैं। वामपंथी उग्रवाद के कारण जान गंवाने वाले सुरक्षा बलों के जवानों की संख्या 2004-14 में 1750 से 72 प्रतिशत कम होकर 2014-23 के दौरान 485 रह गई है और नागरिकों के मौत के मामलों में भी 68 प्रतिशत तक कमी आई है और यह संख्या 4285 से घटकर 1383 रह गई है।

# डीएम ने बेटी का आंगनबाड़ी केंद्र में कराया दाखिला

**बरेली, अमृत विचार :** अधिकारियों, नेताओं के साथ सामान्य लोग भी अपने बच्चों को महंगे और चकाचौंध वाले स्कूलों में पढ़ाने का मोह त्याग नहीं पाते ऐसे में डीएम रविंद्र कुमार ने अपनी सवा दो साल की बेटी रुद्राणी का आंगनबाड़ी केंद्र में दाखिला कराकर मिशाल पेश की है। उनकी हर ओर सराहना हो रही है। उनकी भी शुरुआती शिक्षा गांव में ही हुई थी।

क्यारा ब्लॉक के कांधरपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। डीएम रविंद्र कुमार ने इसी केंद्र पर अपनी बेटी का पंजीकरण 20 फरवरी को कराया। पहले दिन डीएम की पत्नी खुद बेटी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची।

# बिहार में मुफ्त बिजली नहीं दी जा सकती : नीतीश

एजेंसी, पटना



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गरीबों को कम से कम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की विपक्ष की मांग को शुक्रवार को खारिज करते हुए दलील दी कि उपभोक्ताओं को अत्यधिक रियायती दरों पर बिजली पहले से ही दी जा रही है। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के 2024-25 के लिए बजटीय आवंटन पर बहस के दौरान उक्त टिप्पणी की।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी सदस्यों की कम से कम 6,000 रुपये प्रति माह से कम कमाने वाले 94 लाख परिवारों को 200 यूनिट बिजली देने की मांग को खारिज करते हुए कहा कि हम उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली नहीं दे सकते। मैं यह वर्षों से कह रहा हूं। हम पहले से ही उपभोक्ताओं को अत्यधिक रियायती दरों पर बिजली दे रहे हैं। यह मांग सबसे पहले भाकपा के विधायक संदीप सौरव ने ऊर्जा विभाग के लिए बजट आवंटन पर बहस के दौरान उठाई थी।

# राहुल गांधी, सिद्धरमैया और शिव कुमार को कोर्ट का समन

एजेंसी, बेंगलुरु

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान झूठे विज्ञापन का मामला**

**बेंगलुरु** की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दायर एक मामले में शुक्रवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को समन जारी कर 28 मार्च को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा।

विशेष न्यायाधीश जे प्रीत ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी और विभिन्न आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का भी निर्देश दिया। भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपने नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप लगाया था। पिछले साल कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने भाजपा पर 40 प्रतिशत भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था और तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अखबारों में कई विज्ञापन दिए थे। शहरभर में तत्कालीन मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ 'पे-सीएम' पोस्टर प्रदर्शित करके बोम्मई को लक्षित करते हुए एक पोस्टर अभियान भी शुरू किया गया था। कांग्रेस ने पूर्व सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार रेट कार्ड भी प्रकाशित किया था।

विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने विज्ञापनों से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पार्टी के वकील विनोद कुमार ने अदालत में दलील दी कि 'झूठे' विज्ञापनों से भाजपा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

# मोदी को मिल रहा मुस्लिमों का समर्थन : नकवी

एजेंसी, मलप्पुरम



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुस्लिम आबादी के एक महत्वपूर्ण वर्ग से वोट और समर्थन हासिल कर रहे हैं।

मुस्लिम बहुल मलप्पुरम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा का उद्घाटन करते हुए नकवी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ ही मुसलमानों का भी मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के मामले में मुसलमानों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है, तो उन्हें मोदी के समर्थन और वोट देने में कंजूसी क्यों अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में हाल के चुनावों में मुसलमानों द्वारा भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया जाना इस बात को स्पष्ट करता है। नकवी ने कहा कि मोदी सरकार ने तुष्टिकरण के बिना सशक्तीकरण और सम्मान के साथ विकास की प्रतिबद्धता के साथ समाज के सभी वर्गों के समावेशी विकास को महत्व दिया।

# सरकारी विभागों में 10 साल से कार्यरत दैनिक-संविदा कर्मचारी होंगे नियमित

विधि संवाददाता, नैनीताल

**हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए सरकार को दिया आदेश**



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने सरकारी विभागों में दैनिक वेतन, संविदा पर 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के विनियमितीकरण के लिए सरकार की ओर से वर्ष 2013 में बनाई गई नियमावली को चुनौती देती याचिकाओं को निस्तारित करते हुए 4 दिसंबर 2018 से पूर्व जिन दैनिक वेतन,तदर्थ व संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति दी गई है, उनको नियमित ठहराया है जबकि शेष कर्मचारियों को 2013 की नियमावली के अनुसार 10 साल सेवा दैनिक वेतन, संविदा में पूरी होने के बाद ही नियमित करने को कहा है ।

हाईकोर्ट ने सरकार की 31 दिसंबर 2013 की नियमावली के क्रियान्वयन पर 4 दिसंबर 2018 में रोक लगाते हुए सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में कार्यरत दैनिक कर्मचारियों के नियमितीकरण पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने सौड़ बगड़ (जिला नैनीताल) निवासी नरेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी के हिमांशु जोशी व अन्य की याचिका पर सुनवाई की।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार निगमों, विभागों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में बिना किसी चयन प्रक्रिया के कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जा रहा है। जिससे उनका हित प्रभावित हो रहा है। इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमा देवी बनाम कर्नाटक राज्य मामले में दिए निर्देशों के क्रम में 2011 में कर्मचारी नियमितीकरण नियमावली बनाई। जिसके तहत 10 वर्ष या उससे अधिक समय से दैनिक वेतन, तदर्थ, संविदा कर्मियों को नियमित करने का फैसला लिया। राज्य गठन के बाद बने नए विभागों में दैनिक वेतन, तदर्थ, संविदा में कार्यरत कर्मचारी इस नियमावली में नहीं आ सके जिस पर सरकार ने 31 दिसंबर 2013 को एक नई नियमावली जारी की। इस नियमावली में कहा गया था कि दिसंबर 2008 में जो कर्मचारी 5 साल या उससे अधिक की सेवा पूरी कर चुके हैं उन्हें नियमित किया जाएगा । जबकि कई याचिकाकर्ताओं ने इसे 5 साल के बजाय 10 साल करने की मांग की थी । इसे सरकार ने बाद में 10 साल कर दिया था। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्णय दिया कि 4 दिसंबर 2018 से पूर्व जिन कार्मिकों का नियमितीकरण किया जा चुका है उन्हें नियमित माना जाए व अन्य को दस वर्ष की दैनिक वेतन के रूप में सेवा करने की बाध्यता के आधार पर नियमित किया जा सकता है ।

# सरकार कर रही युवा सपनों को साकार

संवाददाता, देहरादून

**स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने को बन रहा 200 करोड़ का वेंचर फंड**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून के सेलाकुई में स्थापित में डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के नवीन प्लांट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिक्सन कंपनी हमेशा से ही भारत में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में अग्रणी रही है।

मुख्यमंत्री ने प्लांट का निरीक्षण कर विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड में भी डिक्सन रोजगार के नये-नये अवसर सृजित करने में सफल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिक्सन टेक्नोलॉजी की इस फैक्ट्री के माध्यम से जिन भी युवाओं को रोजगार मिलेगा, उनमें बहुत से युवा भविष्य में अन्य युवाओं को रोजगार देने में समर्थ होंगे, क्योंकि आज का युवा स्वयं नौकरी पाने के साथ-साथ स्वरोजगार के माध्यम से नौकरी देने वाला बन रहा है। कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद बहुत सी कंपनियों ने उद्योग लगाकर युवाओं को रोजगार देना कराना प्रारंभ कर दिया है।



मनाली में शुक्रवार हुई ताजा बर्फबारी के बाद अटल सुरंग के पास जमा बर्फ को हटाने का काम जारी है।

# चारधाम यात्रा दुर्घटना मुक्त होनी चाहिए, तैयारी करें विभाग



**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए दो माह के भीतर यात्रा रूट पर जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं के लिए ऑनलाइन यात्रा रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहन देने, वीआईपी दर्शन के कारण जनसामान्य को किसी तरह की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। यात्रा रूट में दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि रूट पर क्रश बैरियर लगाए जाएं और पुलिस एवं परिवहन की संयुक्त टीम पिछले वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों का डेथ ऑडिट करें। यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए हर हाल में 15 अप्रैल तक सड़कों की मरम्मत, पैच वर्क किए जाए।

# चमोली में सैनिक स्कूल का अनुरोध

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपद चमोली में सैनिक स्कूल के निर्माण का अनुरोध किया गया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य का जनपद चमोली एक सीमान्त होने के साथ साथ सैनिक बाहुल्य जनपद है। उन्होंने कहा सीमान्त जनपद चमोली एवं निकटतम क्षेत्र में कोई भी सैनिक स्कूल/आर्मी पब्लिक स्कूल संचालित नहीं है। मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को विश्वास जताते हुए कहा जनपद चमोली में आर्मी पब्लिक विद्यालय स्वीकृत करने पर उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग भूमि आवंटन एवं अवस्थापना विकास के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान करेगा। मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपद चमोली के पूर्व सैनिकों की बहुप्रतिक्षित मांग जनपद चमोली में भी जनरल बीसी जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल की भांति ही आर्मी पब्लिक स्कूल स्वीकृत/ स्थापित करने का अनुरोध किया गया। जिस पर रक्षा मंत्री ने शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट करते मंत्री गणेश जोशी।

# गौरव योजना से होगा छात्रों-युवाओं का कौशल विकास

## मुख्यमंत्री धामी ने की उच्च शिक्षा विभाग की योजना की शुरुआत

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्य सेवक सदन सभागार में छात्रों एवं युवाओं के कौशल विकास के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की गौरव योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना एवं शोध अनुदान वितरण का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से उच्च शिक्षा में शोध को एक नई दिशा मिलेगी। उच्च शिक्षण संस्थाओं का गुणात्मक विकास होगा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में शोध को बढ़ावा देने के लिए शोध प्रोत्साहन शुरू किया गया है। इससे निश्चित रूप से उच्च गुणवत्ता के शोध से संबंधित व्यक्ति और संस्थान की पहचान स्थापित होगी बल्कि मानवता के लिए नए अवसरों और विकल्पों की तलाश होगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मुंबई रोड शो के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ हुआ समझौता एक गेमचेंजर साबित होने जा रहा है। इससे बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बढ़ रही संभावनाओं का सही उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान शेयर बाजार में निवेश की लालसा बढ़ती जा रही है, परंतु इसमें निवेश से पहले वित्तीय विश्लेषण और गहन समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एनएसई के सहयोग से युवाओं को तराशने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचारी प्रयास हो रहे हैं, जो राज्य को एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस अवसर पर चयनित 44 शोध प्रस्तावों को 3.66 करोड़ की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसकी पहली किस्त 1.83 करोड़ कीराशि सीधे डीबीटी से हस्तांतरित की गई। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ गौरव योजना के लिए एमओयू भी साइन किया गया।



मुख्यमंत्री के साथ उच्च शिक्षा मंत्री, कृषि मंत्री व एनएसई टीम। ● अमृत विचार

# टीएमसी के रुख में बदलाव नहीं : ब्रायन

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीट, असम की कुछ सीट और मेघालय की एक सीट पर चुनाव लड़ने के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। ओ ब्रायन का यह बयान उन खबरों के बीच आया है जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस जल्द ही तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट समझौते को अंतिम रूप दे देगी। ब्रायन ने कहा कि कुछ हफ्ते पहले...मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि तृणमूल बंगाल की सभी 42 सीट पर चुनाव लड़ रही है। हम असम में कुछ सीट और मेघालय में तुरा लोकसभा सीट से भी लड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं है।

## एक नजर

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई अब 29 को

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को आगामी 29 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाओं की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस की गई। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया कि केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह को दी गई थी। मालूम हो कि विवादित भूमि को हिंदू पक्ष अपना बताता है। इसके अलावा शुक्रवार को सुनवाई में भी विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी।

### बागपत में हरियाणा के दो बच्चों के शव मिले

बागपत : जिले के बाघु और नौराजपुर गांव के बीच गन्ने के खेत में दो बच्चों के शव मिले हैं। शवों की शिनाख्त हरियाणा के सोनीपत जिले के थाना सिविल लाइन निवासी राहुल के पुत्र वंश (11) और वीर (सात) के रूप में की गई है। बागपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत जिले के थाना सिविल लाइन में 21 फरवरी को एक महिला द्वारा अपने दो बच्चों की गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी और जांच में पता चला कि महिला के किसी दोस्त ने बच्चों की हत्या कर शवों का यहां बागपत लाकर फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया था और बच्चों के शव बरामद करने के लिए पड़ोसी राज्य की पुलिस उन्हें यहां लाई थी। बच्चो के शव बरामद कर पुलिस वापस लौट गई।

# बिजनौर में कई हवेलियां और किले बनेंगे हेरिटेज होटल

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** राजाओं की हवेलियां, किले और आजादी से पहले बनीं प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सरकार की पर्यटन नीति-2022 राजघरानों के वंशजों को रास आ रही है। मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जिले में महल, किला और हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए चार आवेदन पर्यटन विभाग में किए हैं। बरेली मंडल में पीलीभीत से राजा लालता प्रसाद, हरिप्रसाद के वंशज राहुल प्रसाद अपनी पुस्तैनी हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं।

बरेली मंडल के साथ ही मुरादाबाद मंडल का भी पर्यटन विभाग का क्षेत्रीय ऑफिस बरेली में है। कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बिजनौर जिले की चार प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किए गए हैं। इन इमारतों का ऐतिहासिक के साथ ही पुरातात्विक महत्व भी है। ये इमारतें अपनी बनावट से लोगों को मुग्ध करती रही हैं। धामपुर तहसील में शेरकोट महल को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन करने वाले मानवेंद्र सिंह बताते हैं कि उनके परदादा रणजीत सिंह ने 1595 स्क्वायर मीटर में 1902 में महल का निर्माण कराया था। मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर स्थित इस शेरकोट महल को उन्होंने हेरिटेज होटल में तब्दील करने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। उन्होंने दावा किया कि इस पर उनका ही स्वामित्व है। उनका कहना है कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से शेरकोट हाउस करीब 40 किलोमीटर दूर है। ऐसे में हेरिटेज होटल बनने के बाद महल पर्यटकों से गुलजार होगा। करोड़ों रुपये खर्च करके जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है।



चांदपुर तहसील स्थित महल सियाऊ।



शेरकोट स्टेट स्थित रणजीत सिंह का महल।

**महल, किला और हवेलियां बनवाने वाले राजाओं के वंशजों ने पर्यटन विभाग में किया आवेदन**

बिजनौर के चांदपुर तहसील क्षेत्र में स्थित सियाऊ महल को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए पर्यटन विभाग में आवेदन करने वाले अनंत सिंह के मुताबिक, उनके पूर्वजों ने 1542 में महल का निर्माण कराया था। करीब 480 साल पुराने महल की भव्यता लोगों को मुग्ध करती है। स्वीमिंग पुल से लेकर तमाम सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ ले सकें। बिजनौर में ही नजीबाबाद तहसील में शाहनपुर किला को भी हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किया गया है। पूर्व सांसद राजा भारतेंदु सिंह के अनुसार माल्यन नदी के निकट करीब 1600 ईस्वी में पूर्वजों ने किले का निर्माण कराया था। बताया कि वह चुनाव नहीं लड़ रहे इसलिए पूरा समय किले को हेरिटेज होटल बनाने में दे रहे हैं। बिजनौर के तत्कालीन डीएम रहे उमेश मिश्रा ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास किए। उनके प्रयासों से किले को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किया है। इनके अलावा ए एंड एस विल्ड टेक हवेली के अनंत सिंह मोक्ष की ओर से भी हेरिटेज होटल के लिए आवेदन किया है। वहीं सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह बताते हैं कि पीलीभीत के बाद बिजनौर से चार आवेदन आए हैं। हालांकि, इसमें श्रेणी को इंगित नहीं किया गया है। फाइल के अनुमोदन को लेकर विचार चल रहा है।

**...ताकि जिंदा रहे पूर्वजों की यादें**

बिजनौर की धरती देवभूमि और तपोभूमि के लिए भी जानी जाती है। आवेदन करने वाले राजघरानों के वंशजों के मुताबिक पूर्वजों की यादों को बनाए रखने के लिए उन्होंने किला, हवेली को हेरिटेज होटल बनाने का निर्णय लिया है। पर्यटकों की चहलकदमी से हवेली, किले की ख्याति भी दूर तलक होगी। इससे पूर्वजों का नाम भी लोगों की जुबान पर रहेगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आवेदन करने वाले लोगों ने कहा कि, उन्हें सब्सिडी का कोई लालच नहीं है। बस, अनुमति मिल जाए, ताकि योजना को आगे बढ़ा सकें।

## जंगली सुअर के हमले में वृद्ध की मौत

**आजमगढ़ :** जिले के जहानागंज थानाक्षेत्र के बस्ती गांव में शुक्रवार को जंगली सुअर के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। घायलों में से गंभीर दो लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

जहानागंज के बस्ती गांव में सुबह जंगली सुअर घुस गया। घर के सामने बैठे 58 वर्षीय बंगाली राम पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते कि सुअर ने गांव के रामकिरत (55), सुबाष (50), चंद्रबली (60), श्यामदेव (55), त्रिलोकी (40) व गुलशन राम (17) को भी घायल कर दिया। वहीं अस्पताल में बंगाली की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## आगरा में व्यक्ति ने कई वाहनों में लगाई आग

**आगरा :** आगरा में शाहगंज थाना क्षेत्र के मुरली विहार कॉलोनी में एक व्यक्ति ने गुरुवार देर रात 15 से अधिक वाहनों में कथित रूप से आग लगा दी। पुलिस ने बताया लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके जिसके बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस संबंध में थाना शाहगंज प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर संदिग्ध को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी की उम्र करीब 55 साल है और वह हरियाणा के पानीपत का रहने वाला है। कुमार ने बताया कि वह दिमागी रूप से बीमार है।

# अर्थव्यवस्था के मामले में भारत पांचवें स्थान पर

एजेंसी, महराजगंज

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 10वें स्थान से अब पांचवें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे।

सीतारमण ने कहा कि जिस देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, वहां के लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होता है और इससे सभी को फायदा होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह देश की पहली सरकार है जो लोगों की बात सुनती है, फिर योजनाएं बनाती है और उन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी के लिए काम करके पार्टी के ऊंचे पदों पर पहुंच सकता है। सीतारमण ने कहा कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया टूट चुका और फोटो खिंचवाने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनके (कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव) के पास जनता से कहने के लिए कुछ नहीं बचा है। प्रधानमंत्री मोदी के दिल में किसानों के लिए बहुत कुछ है। सीतारमण के मुताबिक, सरकार ने 10 साल में किसानों के लिए बहुत कुछ किया है तथा भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में घोटाला मुक्त सरकार दी है।



**अगले डेढ़ साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे : सीतारमण**

## साक्षी की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम विवाह कर चर्चा में आईं एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा ने ससुरालियों पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में कार और दस लाख रुपयों की मांग की और मना करने पर मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

साक्षी मिश्रा ने चार साल पहले वीर सावरकरनगर निवासी अजितेष से प्रेम विवाह किया था। साक्षी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी उन पर पिता से दस लाख रुपये व कार लाने का दबाव बना रहे हैं। दहेज न लाने पर मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। इज्जतनगर पुलिस ने हरीश कुमार नायक, शीला, अभिषेक कुमार, अवंतिका रानी, गुंजन अग्रवाल, अभिषेक कुमार और सुशीला देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एनडीए से गठबंधन की घोषणा जल्द : जयंत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गांव हाकमपुर में शुक्रवार को रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कांग्रेस और सपा गठबंधन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एनडीए के साथ अपने गठबंधन पर कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। किसान आंदोलन का जल्द हल निकालने की बात भी कही।

अमरोहा-अतरासी मार्ग स्थित गांव हाकमपुर में राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के आवास पर शुक्रवार सुबह राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौधरी रामवीर सिंह के भतीजे के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद वह पपसरा में सपा नेता चौधरी सरजीत सिंह के आवास पर पहुंचे। यहां उनकी माता के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का जल्द ही हल निकाला जाएगा। बोले, दोनों ही ओर से धैर्य रखने की आवश्यकता है। हिंसा से किसी का भी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। वहीं सपा-कांग्रेस के गठबंधन के सवाल पूछने पर उन्होंने अपनी ओर से इस गठबंधन को शुभकामनाएं दी और ज्यादा कुछ बोलने से इनकार कर दिया। इसके अलावा जब उनसे एनडीए के गठबंधन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।



**किसान आंदोलन का जल्द हल निकलने का दिया आश्वासन**

# वासना संतुष्टि के लिए वेश्या का खरीदार वेश्यावृत्ति का दोषी नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**वेश्यावृत्ति और अनैतिक तस्करी के मामले में आरोपी को मिली राहत**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वेश्यावृत्ति और अनैतिक तस्करी के मामले में आरोपी को निरपराध मानते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अगर कोई व्यक्ति वेश्यालय में आता है तो उसे अधिक से अधिक अपनी वासना को संतुष्ट करने के लिए वेश्या का खरीदार कहा जा सकता है।

किसी महिला के साथ संबंध बनाने के लिए उसे मोल लेने का यह मतलब नहीं कि उसने महिला को वेश्यावृत्ति के लिए खरीदा और प्रेरित किया है। वेश्यालय में ग्राहक के रूप में किसी व्यक्ति की केवल उपस्थिति अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 की धारा 3,4,5,7,8,9 के तहत अपराध को आकर्षित नहीं करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने आरोपी द्वारा उक्त अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले को निरस्त करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

दरअसल याची को एक घर की तलाशी के दौरान रंगे हाथों पकड़ा गया था, जिसे वेश्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, इसलिए उसके खिलाफ उक्त अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध बना। हालांकि याची की अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची केवल ग्राहक है और वह घर में केवल ग्राहक होने के नाते गया था। अंत में कोर्ट ने गुजरात कर्नाटक और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वेश्यावृत्ति का मतलब व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए यौन शोषण या दुरुपयोग है। संतुष्टि हेतु पैसे देने मात्र से उसे उक्त अधिनियम की धाराओं के तहत अपराधी नहीं माना जाएगा।

# 75 करोड़ से अधिक की चरस जब्त, सात गिरफ्तार

एजेंसी, महाराजगंज

**भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

**जिले** में भारत-नेपाल सीमा के पास दो अलग-अलग घटनाओं में पांच महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 110 किलोग्राम चरस जब्त की गई, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 75 करोड़ रुपये है।

पुलिस अधीक्षक सौमेंद्र मीना ने शुक्रवार को बताया कि सोनौली इलाके में बिहार निवासी नवी हसन मियां, गुड्डु यादव, रानी देवी और सीमा देवी को गुरुवार की शाम नेपाल सीमा से सोनौली की ओर एक कार में आते देखा गया। पुलिस ने उन्हें जांच के लिए रोका और उनके पास से 71 किलोग्राम चरस बरामद की गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मीना ने बताया कि कुछ घंटों बाद पुलिस ने उसी सीमा से तीन नेपाली महिलाओं को 39 किलोग्राम चरस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महिलाएं दिल्ली जा रही थीं।


## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

# मोदी की गारंटी के साथ ग्राउंड जीरो पर करें काम

संवाददाता, अलीगढ़

**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के शंखनाद से पहले भाजपा संगठन अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटा है। इसी को लेकर 23 फरवरी को ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक अलीगढ़ में हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए करीब 30 बिंदुओं पर चर्चा की।

रामघाट रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से इस बैठक का पहला सत्र शुरू हुआ राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही आम चुनाव की घोषणा होने वाली है हमारी तैयारी जमीनी स्तर पर कितनी है हमें यह विश्लेषण करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित और लोक हित में बहुत काम किए हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला है क्या पार्टी कार्यकर्ता उनके संपर्क में है, हमें निरंतर प्रत्येक मतदाता के संपर्क में रहने की आवश्यकता है। हमें इस आत्मविश्वास से बचना चाहिए कि हमने हाल ही में राम मंदिर का निर्माण हुआ है और राम मंदिर का निर्माण होने के बाद मतदाता हमसे पूरी तरह सहमत सहमत है और हमें मतदान करेगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह चुनाव को किसी भी प्रकार से हल्के में ना लें। चुनाव को पूरी गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत करना है। दो सत्रों में हुई बैठक के दौरान उन्होंने चुनाव के माइक्रो मैनेजमेंट पर चर्चा की। उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को समझाया। लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रत्याशी कौन है यह पार्टी संगठन समय आने पर तय करेगा लेकिन प्रत्याशी एकमात्र कमल का फूल है।





राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष को स्मृति चिन्ह भेंट करते ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य एवं अलीगढ़ जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह लाला व अन्य।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17.59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** - आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष** - आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** - आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क** - आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह** - आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** - आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला** - आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक** - आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु** - आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** - आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ** - आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन** - आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- खेल - सुबह : 10.00
- शान - रात : 07.00

**Sony Pix**
- एनाकोंड्रास - सुबह : 10.13
- जर्नी 2 - रात : 09.00

**Sony Max**
- परिनीता - सुबह : 09.21
- हुड़दंग - शाम : 05.24

**Zee Cinema**
- गंगाजल - सुबह : 10.30
- कहो ना...प्यार है - रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- गब्बर इज बैक - सुबह : 09.36
- देवदास - रात : 09.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं।
मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मंसूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
**किराना**
हल्दी 135-175
लाल मिर्च 270-325
काली मिर्च 660-880
धनिया 90-125
जीरा 650-660
सौफ 180-300
सोंठ 140-160।

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

● इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

# रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

● बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।


## ट्राई ने फोन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

# मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

● इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

## पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

● जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थपित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात : नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

### किसानों की उच्चतम न्यायालय से गुहार

# दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति के लिए केंद्र को दें निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

किसानों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार लगाते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक एग्नोस्टोस थियोस की ओर से दायर जनहित याचिका में आंदोलनकारी किसानों के दिल्ली में प्रवेश रोकने के लिए सड़कों से की गई बैरिकेडिंग हटाने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की गुहार लगाई गई है।

थियोस ने आंदोलनकारी किसानों के जबरन बंद किए गए सोशल मीडिया खातों को चालू करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की याचना की है। याचिका में दावा किया गया है कि किसानों को बिना किसी उचित कारण के दिल्ली में प्रवेश करने से रोकना देशभर में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के उनके अधिकारों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने केंद्र के अलावा हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली सरकारों को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने शांतिपूर्वक विरोध कर रहे किसानों के खिलाफ आंसू गैस, रबर बुलेट छर्रों आदि के उपयोग जैसे आक्रामक और हिंसक उपायों को अपनाया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जद यू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

# विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

# डब्ल्यूपीएल 2024 का आगाज




**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 के उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम हुआ ।इस दौरान कई सिने कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से मैच देखने आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह, अभिनेता शाहरुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर और डब्ल्यूपीएल टीमों की कप्तान स्मृति मंधाना (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), हरमनप्रीत कौर (मुंबई इंडियंस), मेग लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जाइंट्स) के साथ), एलिसा हीली (यूपी वारियर्स) मौजूद रहीं। वहीं डब्ल्यूपीएल का पहला मैच दिल्ली और मुम्बई के बीच खेला गया है। • एजेंसी

# मुंबई इंडियन ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

यास्तिका भाटिया (57 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (55 रन) अर्धशतकीय पारी और आखिरी गेंद पर संजीवन संजना के छक्के की बदौलत मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया है। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने पहले ओवर में हेली मैथ्यूज (0) का विकेट गंवा दिया। यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट लिए 49 रन जोड़े। अरुंधति ने नैट साइवर ब्रंट (19 रन) को बोल्ड किया। भाटिया ने 45 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। एमेलिया केर 24 रन पर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर ने 34 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। अमनजोत कौर 3 और संजीवन संजना 6 बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली की अरुंधति रेड्डी और ऐलिस कैप्सी ने दो-दो, शिखा पांडे और मरीजन्न काप ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले ऐलिस कैप्सी 75 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी और जेमिमाह रॉड्रिग्स के 42 रन की मदद से दिल्ली ने मुंबई को 172 रन का लक्ष्य दिया था। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी दिल्ली ने तीसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा (1 रन) का विकेट गंवा दिया। 11वें ओवर में कप्तान मेग लानिंग 31 रन बना आउट हुई। ऐलिस कैप्सी और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने टीम को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 75रनों की पारी खेली। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 24 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। मरीजन्न काप 16 रन बनाकर आउट हुई। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट और एमेलिया केर ने दो-दो विकेट और शबनीम इस्माइल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी । भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4 -3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी । इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा । फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

टर्किश कप

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4 -11, 4 -11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाशदीप का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाशदीप ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे । उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे । पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए । इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन। • एजेंसी



रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम। • एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 302/7 (90 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाशदीप को मिली मंजिल



**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते।

### सफलता दिवंगत पिता को की समर्पित

**रांची।** तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट पदार्पण में 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित किया, जिनका 2015 में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने पिता के 'जीवन में कुछ कर दिखाने' के सपने को पूरा कर दिया है। आकाश दीप ने पिता रामजीत सिंह का लकवा मारने के बाद निधन हो गया और छह महीने के अंदर ही आकाश दीप ने अपने बड़े भाई को खो दिया। आकाश दीप ने कहा कि एक साल में पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरु किया। मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल कर सकता था।

# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

## सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है ।यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल



**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

## करिश्मा कक्कड़ और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज




**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

## नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं ।सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है ।आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

### तरनतारन में बीएसएफ ने बरामद की आधा किलो हेरोइन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरनतारन जिले से लगभग 519 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक विशेष जानकारी के बाद तरनतारन जिले के गांव डल में बीएसएफ जवानों और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और लोहे के तार से बांधा गया था। यह बरामदगी तरनतारन जिले के गांव डल के नजदीक डीसीबी रोड पर लोहे के पुल के पास हुई।

### पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार


**लाहौर।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं। मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैंः सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

# गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

*राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।*

### रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल



इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवत: 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।

### अब तक कितने लोगों की हुई मौत



गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

# जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती

## रणधीर जायसवाल ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

## जंग से दूर रहें युवा, विदेश मंत्रालय ने की अपील यूक्रेन सीमा पर घायल हुआ कासगंज का युवक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।



रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय

रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। साथ ही, वास्तव में रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि यह आंकड़ा सिर्फ मॉस्को का है। देश के कई हिस्सों में भी रूसी सेना के रिक्रूटमेंट सेंटर हैं। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने से पहले कोई पैसा नहीं लिया गया था। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़ सकता है। सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।



### कासगंजः रूस-यूक्रेन सीमा पर अरबाब को किया तैनात

**कासगंज, अमृत विचार :** विदेश में लाखों रुपये के मानदेय पर हेल्पर की नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट ने कासगंज के युवक को रूसी सेना में भर्ती करा दिया। परिजनों से तीन लाख 80 हजार रुपये भी ठग लिए। युवक को रूसी सरकार ने यूक्रेन की सीमा पर तैनात कर दिया, युद्ध के दौरान वह घायल हो गया। बता दें, कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बे के रहने वाले अशरफ हुसैन का बेटा अरबाब हुसैन पिछले वर्ष 11 नवंबर को बाबा ब्लॉग नाम की एजेंसी के संपर्क में आया। एजेंसी ने अच्छे मानदेय पर रूस में हेल्पर की नौकरी का झांसा दिया। एजेंट अरबाब को रूस ले गया, खुद वापस भारत लौट आया। लेकिन कुछ माह बाद अरबाब का फोन आया तो उसने बताया कि उसे वहां जबरन सेना में भर्ती किया गया है। जब इस बात का विरोध किया तो पासपोर्ट और वीजा जब्त कर लिया। इसके बाद से परिजन लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन रूस सरकार ने उससे संपर्क नहीं होने दिया है। इसको लेकर परिवार के लोगों का बुरा हाल है। परिजनों ने देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है कि उनके लाडले को वापस भारत लाया जाए।

# सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्र ने सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में किया बड़ा बदलाव

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने पिछले महीने कहा था कि सरकार पिछले साल सरोगेसी कानून में लाए गए संशोधन पर पुनर्विचार कर रही थी। गौरतलब है कि 14 मार्च, 2023 को सरोगेसी पर नियम 7 में किए गए संशोधन के बाद शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गईं। अदालत ने कई महिला याचिकाकर्ताओं को दाता अंडे प्राप्त करने और सरोगेसी पर रोक लगाने वाले नियम के बावजूद आगे बढ़ने की अनुमति दी थी।

### सड़कों पर उतरे हजारों लोग...




**ब्रातिस्लावा :** यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

# भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

**रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

## शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान बुशरा ने दी चुनौती

**इस्लामाबाद।** कई मामलों में जेल की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है।



दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई।

# चीन से रिश्तों में संतुलन बनाना आसान नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रायसीना डायलॉग में चीन को जयशंकर की दो टूक- बोले-खेला जा रहा है माइंड गेम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है। शुक्रवार को कूटनीतिक विमर्श रायसीना डायलाग के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्ते को लेकर चीन 'माइंड गेम' (दिमाग का खेल) खेल रहा है। लेकिन भारत के पास भी संतुलन बनाने के लिए दूसरे विकल्प मौजूद हैं।

भारतीय विदेश मंत्री ने बेहद साफगोई से स्वीकार किया कि दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय रिश्तों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है और यह आसान नहीं होगा। रायसीना डायलाग के एक सत्र के दौरान विदेश मंत्री से यह पूछा गया था कि क्या भारत व चीन के तनावपूर्ण रिश्तों में संतुलन बनाना संभव होगा। इसके जवाब



रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में जयशंकर के साथ मौजूद अन्य गणमान्य।

जयशंकर ने कहा, दोनो देशों के बीच माइंड गेम होगा और यह सिर्फ इन दोनों देशों के बीच होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह माइंड गेम नहीं होनी चाहिए। उनका यह जवाब तब आया है जब दो दिन पहले ही भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए सैन्य वार्ता संपन्न हुई है और इसमें कोई नतीजा निकलने का संकेत नहीं मिला है। मई, 2020 से ही दोनो देशों के बीच सीमा विवाद चल रहा है। भारत के पूर्वी लद्दाख से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं अभी भी कुछ दूरी पर तैनात हैं। संतुलन साधने के लिए दुनिया के दूसरे हिस्सों में उपलब्ध अवसरों के बारे में संभवतः विदेश मंत्री का मंतव्य क्वाड संगठन का है जिसका गठन भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया को मिला कर किया गया है। ये चारों देश हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर लगााम लगाने की मंशा रखते हैं, ताकि इस महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र को कारोबार व आवागमन के लिए सुरक्षित रखा जा सके। जयशंकर ने इन आशंकाओं को भी परोक्ष तौर पर खारिज कर दिया कि चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति है, तो भारत पर वह दबाव बना सकेगा।

# सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती।

हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है। इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

**विज्ञान** अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

# न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचारः** पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे



न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।


उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं। इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

### तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

# अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार (स्थानीय समय) को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसके साथ, इंटुएटिव मशीन्स (आईएम) नोवा के पीछे का वाणिज्यिक उद्यम -सी लैंडर - चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है।